वर्ष 69 ▸▸ अंक 185 ▸▸ पृष्ठ 12+8 = 20
भोपाल, शनिवार 04 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"यदि अवसर मिले तो सारथी बनने की कोशिश करनी चाहिए, स्वार्थी नहीं।"
–अज्ञात

## ऑफ बीट

### बच्चों के स्कूल में 5 गायों का एडमिशन!



*फ्रांस के एक गांव में स्कूल को बंद होने से बचाने के लिए 5 गायों का एडमिशन कराने का एक बेहद अनोखा मामला सामने आया है। फ्रांस के मोज गांव के एक प्राइमरी स्कूल में छात्रों की संख्या कम हो गई थी। नियम के मुताबिक, अगर छात्रों की संख्या 100 से कम होती, तो प्रशासन स्कूल की एक क्लास बंद कर सकता था। स्कूल में कुल 96 छात्र थे और केवल 4 छात्रों की कमी थी। इस कमी को पूरा करने के लिए स्थानीय मेयर और ग्रामीणों ने एक किसान की 5 गायों का आधिकारिक तौर पर स्कूल में रजिस्ट्रेशन करा दिया। यह कदम प्रशासन के उस नियम के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था, जो बच्चों की शिक्षा को केवल आंकड़ों (संख्या) के आधार पर आंकता है। इन 'विशेष छात्रों' के नाम भी बाकायदा रजिस्टर में दर्ज किए गए, जैसे कि 'डॉली' और 'शॉन'।*

## आईपीएल में आज

**दिल्ली बनाम मुंबई**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से
**गुजरात बनाम राजस्थान**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

### एनसीईआरटी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा दिया है। यूजीसी की सलाह पर मंत्रालय ने 30 मार्च को नोटिफिकेशन जारी कर घोषणा की। एनसीईआरटी के पांच रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन और भोपाल में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन डीम्ड यूनिवर्सिटी बन गए हैं। इनमें रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, अजमेर राजस्थान, रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भोपाल, मप्र, रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भुवनेश्वर ओडिशा, रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, मानसगंगोत्री, मैसूर कर्नाटक, नॉर्थ ईस्ट रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, शिलांग, मेघालय व पं. सुंदरलाल शर्मा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन, भोपाल, मप्र प्रदेश शामिल है।

### पाकिस्तान में डीजल 520 पेट्रोल 458 रुपया हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान में डीजल-पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा हो गया है। एक लीटर पेट्रोल 458 और डीजल 520 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) के पार पहुंच गया है। सरकार ने पेट्रोल में 43 फीसदी और हाई-स्पीड डीजल के दाम में 55 फीसदी का इजाफा किया है। यह फैसला अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद लिया गया है। नई दरें गुरुवार आधी रात से लागू हो गईं। पाकिस्तान में पेट्रोल 137.23 बढ़कर 458.41, डीजल 184.49 बढ़कर 520.35 रुपया प्रति लीटर पर पहुंच गया। केरोसिन के दाम भी 34.08 रुपया बढ़ाकर 457.80 रुपया प्रति लीटर कर दिए हैं। पिछले महीने पेट्रोल-डीजल 55 रुपया महंगा हुआ था।

### दिल्ली-जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटके

**नईदिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली-एनसीआर पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। आया है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदूकुश था। अफगान-ताजिकिस्तान बॉर्डर पर भी 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, किसी तरह के जान-माल के नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल में रात 9.46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। घबराए लोग घरों से बाहर आ गए। भूकंप के दौरान घरों में पंखे और झूमर हिलने लगे। लोगों ने इसके वीडियो बना लिए। पठानकोट के भुल्ला चौक बाजार से घर में लटकाए तालों के हिलते का वीडियो सामने आया। ये वीडियो घर के मालिक अनमोल शर्मा ने बनाया। अभी नुकसान के बारे में कहीं से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई हैं।

# पूर्व विधायक हुए राजेंद्र भारती, सीट रिक्त घोषित

## रातों रात राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित, कांग्रेस ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दिल्ली की एक अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के बाद गुरुवार देर रात तेजी से घूमे घटनाक्रम में कांग्रेस के हाथ से विधानसभा की एक और सीट निकल गई। सजा का आदेश आने पर कांग्रेस जब तक सलाहकारों से मशविरा कर कोई कदम उठाने का सोचती, उससे पहले ही विधानसभा सचिवालय ने दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की सीट शून्य घोषित कर दी। रातों रात राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित होने के साथ ही निर्वाचन आयोग को भी सूचना भेज दी गई। हालांकि, दिल्ली की अदालत ने सजा के साथ ही भारती को जमानत देकर उच्च अदालत में अपील के लिए 60 दिन का समय भी दिया था।

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय ने कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता को रद्द करते हुए दतिया विधानसभा सीट को शून्य घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी। यह कार्रवाई धोखाधड़ी के एक मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा बीते गुरुवार को तीन साल की सजा सुनाने के बाद की गई है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को हराकर दतिया से विधायक निर्वाचित हुए राजेंद्र भारती को 25 साल पुराने एक मामले में दोषी ठहराया गया है। हालांकि, इस मामले में अदालत ने उन्हें अपील करने के लिए 60 दिन का समय देते हुए जमानत भी दी है, लेकिन अपील करने से पहले ही मप्र विधानसभा ने उनकी सदस्यता को अयोग्य ठहराते हुए दतिया सीट खाली घोषित कर दी। विधानसभा सचिवालय के इस निर्णय को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राजपत्र में भी प्रकाशित कर दिया गया है। इस मामले में कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में फैसले के खिलाफ अपील दायर कर दी है।

### राजनैतिक प्रतिद्वंद्वी ने ये केस बनवाया: भारती



इस संबंध में राजेंद्र भारती का कहना है कि इस पूरे मामले में संबंधित बैंक का जो तत्कालीन मैनेजर है, वह खुद ही फ्रॉड है, उसने हमारे राजनैतिक प्रतिद्वंद्वी के साथ मिलकर यह केस बनवाया है। हम न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हैं, लेकिन इस मामले में उच्च न्यायालय से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

भाजपा के काम आया मल्होत्रा का झटका, कांग्रेस को ले डूबी बेफिक्री, पेज-2 पर

### कानून के तहत लिया निर्णय: तोमर



राजेंद्र भारती को लेकर लिए गए निर्णय से कांग्रेस के निशाने पर आए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से कानून के दायरे में लिया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सजा के बाद अयोग्यता स्वतः लागू होती है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-8 (3) के तहत यदि किसी जनप्रतिनिधि को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा होती है, तो वह स्वतः अयोग्य हो जाता है। तोमर ने कहा कि न्यायालय के निर्णय के बाद यह सूचना विधानसभा को मिली। इसके उपरांत इस मामले में विधानसभा ने अपने विधि विशेषज्ञों और एडवोकेट जनरल से राय ली। इसके बाद कानून के अनुरूप कार्रवाई करते हुए राजेंद्र भारती की सदस्यता को अयोग्य घोषित किया गया। तोमर ने बताया कि विधानसभा द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी चुनाव आयोग और संबंधित पक्षों को भेज दी गई है। स्पीकर तोमर ने कहा कि यदि भविष्य में इस मामले में न्यायालय का कोई नया आदेश आता है, तो उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### इसके पहले आशारानी की सदस्यता हो चुकी है रद्द

इससे पहले भी विधानसभा द्वारा ऐसे मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें आशा रानी की सदस्यता उन्हें 10 साल की सजा होने पर रद्द कर दी गई थी। वर्ष 2019 में प्रहलाद लोधी की सदस्यता भी दो वर्ष की सजा होने पर समाप्त हुई थी, फिर वह हाईकोर्ट से स्थगन ले आए थे, तो उनकी सदस्यता बहाल हो गई थी।

### स्टे मिलते ही निरस्त हो जाएगी अधिसूचना: तन्खा

राजेंद्र भारती को दिल्ली की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद इस फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में शुक्रवार को ही अपील दाखिल कर दी गई है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा के मुताबिक, भारती के खिलाफ अदालती आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को ही मामले की सुनवाई का आग्रह किया गया है। विवेक तन्खा ने विधानसभा द्वारा राजेंद्र भारती की सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा दफ्तर को देर रात खोलकर अधिसूचना जारी करने पर भी तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अगर हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट राजेंद्र भारती के खिलाफ दिए गए फैसले पर स्टे दे देगा, तो विधानसभा की अधिसूचना भी निरस्त हो जाएगी।

# देश में सुशासन के बीच बढ़ रहा है राज्यों में परस्पर सहयोग: सीएम

## वाराणसी में विक्रमोत्सव का आगाज, योगी के साथ देखा नाटक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के बीच राज्यों के बीच परस्पर सहयोग बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। सुशासन के इस काल में सम्राट विक्रमादित्य के शासन काल में स्थापित सुशासन का स्मरण आना स्वभाविक है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को वाराणसी (काशी) में तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन पर संबोधित कर रहे थे। समारोह का शुभारंभ सीएम डॉ. यादव और उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कर्मस्थली काशी में इस महानाट्य के मंचन पर यह कहना प्रासंगिक होगा कि प्रधानमंत्री मोदी के सुशासन से राष्ट्र को दिए जा रहे योगदान के लिए वह अभिनंदन के पात्र हैं। दोनों राज्य विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। दोनों राज्यों को अंतर्राज्यीय केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की सौगात मिली। यह दोनों राज्यों में सिंचाई, कृषि उत्पादन व पेयजल प्रदाय में सहयोग करने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। डॉ. यादव ने कहा, विक्रमादित्य के युग का पुनर्स्मरण करने के लिए महानाट्य का मंचन किया जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



**सीएम योगी को भेंट की वैदिक घड़ी**

सीएम डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ को वैदिक घड़ी भेंट की। यह घड़ी बाबा विश्वनाथ के मंदिर में वैदिक काल को वर्तमान में जनता के बीच पुनर्स्थापित करने में सहायक होगी। इस घड़ी में प्राचीन वैदिक परंपरा तथा आधुनिक ज्ञान विज्ञान का मिश्रण करके कल की अचूक गणना का समावेश किया गया है।
**महानाट्य का हुआ मंचन:** महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' के भव्य मंचन, ओजस्वी प्रस्तुति से दर्शकों को हजारों वर्ष पुराने स्वर्णिम युग की यात्रा कराई। रंगमंच पर कलाकारों के सजीव अभिनय ने उस कालखंड को जीवंत कर दिया, जब शकों के आतंक से त्रस्त प्रजा की रक्षा के लिए महानायक का उदय हुआ।

### रेगिस्तान में ओले गिरे एवलांच की संभावना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देशभर में गर्मी की शुरुआत के बाद मौसम ने फिर करवट ली है। राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों जैसलमेर और बीकानेर में शुक्रवार को ओले गिरे। जयपुर समेत 7 जिलों में बारिश हुई। चूरू में धूल भरी आंधी चली। मोहाली, पठानकोट और बठिंडा के कुछ इलाकों में बारिश हुई। वाराणसी समेत कई जिलों में तेज धूल भरी आंधी के बाद बारिश हुई।

प्रयागराज, जौनपुर सहित सात जिलों में तेज हवा चली और बारिश हुई। चित्रकूट में बिजली गिरने से 2 और ललितपुर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली में भी शुक्रवार सुबह धूलभरी आंधी चली। इससे कई हिस्सों में विजिबिलिटी कम हो गई। हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में एवलांच की आशंका जताई गई है। हिमाचल में अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल पर पर्यटकों की एंट्री रोक दी गई है। वहीं जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में लोगों को पहाड़ी और बर्फीले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई है। देश के कई राज्यों में अगले तीन दिन मौसम बदला रहेगा। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, मप्र और महाराष्ट्र में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# ईरान का दावा: अमेरिकी एफ-35 मार गिराया



कुछ रिपोर्ट्स में तस्वीरों के आधार पर दावा किया गया कि वह यह मलवा अमेरिका जेट एफ-15ई विमान था।

## फाइटर जेट के पायलट की तलाश में घुसे अमेरिकी हेलिकॉप्टर को भी मारा गिराया

### पायलट को जिंदा पकड़ने पर 70 लाख रु. इनाम

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान ने दावा किया है कि उसने एक अमेरिकी हेलिकॉप्टर मार गिराया है। यह हेलिकॉप्टर अमेरिकी पायलट को ढूंढने के लिए ईरान में घुसा था। इससे पहले ईरान ने दावा किया था कि उसने अमेरिका के एफ-35 फाइटर जेट्स को गिरा दिया। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में तस्वीरों के आधार पर दावा किया गया कि वह एफ-15ई विमान था। लापता पायलट इसी जेट का बताया जा रहा है। ईरान की सरकार और सरकारी मीडिया ने लापता एक अमेरिकी पायलट को पकड़ने पर 10 अरब तोमान (70 लाख रुपए) इनाम की भी घोषणा की है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर गिराए जाने के दावे की पुष्टि नहीं की है। ईरान से बढ़ते तनाव के बीच ट्रंप ने संसद से रक्षा बजट में 1.5 ट्रिलियन डॉलर की भारी बढ़ोतरी की मांग की है। फिलहाल अमेरिकी रक्षा बजट 839 बिलियन डॉलर (70 लाख करोड़ रुपए) है।

**दावा-अमेरिकी जेट के पायलट का रेस्क्यू किया:** इजराइल के एक अधिकारी ने दावा किया है कि ईरान में गिराए गए अमेरिकी फाइटर जेट के एक क्रू मेंबर को जिंदा बचा लिया गया है। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे क्रू मेंबर की तलाश अभी भी जारी है और रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

**थोड़ा और समय मिला तो होर्मुज खोल देंगे:**

**ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर थोड़ा और समय मिला, तो अमेरिका आसानी से होर्मुज स्ट्रेट को खोल सकता है। उन्होंने कहा कि इससे तेल की सप्लाई शुरू होगी और दुनिया को बड़ा फायदा होगा, साथ ही इससे काफी पैसा भी कमाया जा सकता है।

**पुल को फिर से बनाएगा ईरान:** ईरान ने कहा कि करज में अमेरिकी हमले से क्षतिग्रस्त पुल को दोबारा बनाया जाएगा। हमले में 8 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हुए थे। यह पुल इसी साल शुरू हुआ था और इसे मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा पुल माना जाता है। करीब 1050 मीटर लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस पुल को बनाने में करीब 3,800 करोड़ खर्च हुए थे।

■ शेष पृष्ठ 9 पर

### ट्रंप सरकार में उथल-पुथल, आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल को हटाया

अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को हटाए जाने के बाद अब ट्रंप सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल, नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज को तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया। व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्कॉल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है।

### कर्मचारियों की बड़ी जीत, शीर्ष कोर्ट ने कहा

## 'नई शर्त थोप कर नहीं रोक सकते पे कमीशन का लाभ'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सरकारी कर्मचारियों के लिए शीर्ष अदालत से बड़ी और राहत भरी खबर आई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत मिलने वाले फायदों को सरकार मनमानी शर्तें लगाकर नहीं रोक सकती। अगर किसी कर्मचारी ने पद पर रहते हुए तय समय सीमा पूरी कर ली है, तो उसे अपग्रेडेशन का पूरा हक मिलेगा। कोर्ट ने साफ कहा, वेतन आयोग के मूल नियमों में अपनी तरफ से कोई नई शर्त जोड़कर कर्मचारियों को परेशान करना गलत है। इससे उन लाखों कर्मचारियों के वित्तीय लाभ का रास्ता साफ हो गया है, जिन्हें विभागीय अड़ंगों के कारण उनका हक नहीं मिल पा रहा था। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



#### क्या है मामला?

यह पूरा विवाद बीआरओ के कर्मचारियों से जुड़ा है। कुछ कर्मचारी शुरुआत में सबऑर्डिनेट इंजीनियरिंग कैडर में भर्ती हुए थे। बाद में कैडर का विलय हुआ, तो उन्हें जेई का पदनाम दे दिया गया। नियमों के मुताबिक, लेवल 8 (ग्रेड पे 4,800 रु.) पर 4 साल की लगातार सेवा पूरी करने के बाद ये कर्मचारी 7वें वेतन आयोग के तहत लेवल 9 (ग्रेड पे 5,400) में अपग्रेडेशन के हकदार हो गए थे। लेकिन, कहा गया कि यह फायदा सिर्फ 'सीधी भर्ती' पर मिलेगा।

### झाबुआ के थांदला में हुई दुर्घटना

## वाटर फिल्टर प्लांट से रिसी क्लोरीन, 49 लोग बीमार

**जागरण, झाबुआ।** जिले की थांदला नपा के वाटर फिल्टर प्लांट से शाम को हुए गैस रिसाव से पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। आंखों में तेज जलन, सांस लेने में तकलीफ के बीच नपा के कर्मचारी, रहवासी यहां-वहां दौड़ने लगे। 49 लोगों को अस्पताल भिजवाया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर है। प्रशासन ने ऐहतियात बरतते हुए पूरा इलाका खाली करा लिया है। तीन डॉक्टर्स की टीम भी पुलिस और प्रशासन के साथ मौके पर तैनात की गई है। फिल्टर प्लांट से गैस का रिसाव शाम को हुआ। हवा के साथ ही अचानक पूरे क्षेत्र में सफेद-सफेद गैस फैल गई। सूचना मिलते ही एसडीएम भास्कर गाचले और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके को खाली कराने के साथ प्रभावितों को थांदला सिविल ■ शेष पृष्ठ 9 पर



#### स्थिति सामान्य

झाबुआ एसपी शिवदयाल ने फिलहाल स्थिति को नियंत्रण में तथा सामान्य बताया है। उन्होंने बताया कि पानी साफ करने के लिए रखे क्लोरीन गैस का एक सिलेंडर का वाल्व खराब हो गया था। इससे गैस रिसाव शुरू हो गया। एक घंटे में ही वॉल्व का लीकेज ठीक कर दिया गया। लोगों को सांस लेने में परेशानी होने से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**शोध** — वैज्ञानिकों ने खोजा: बुजुर्गों को क्यों ज्यादा प्रभावित करते हैं फ्लू और कोविड

# पुरानी कोशिकाओं से फ्लू और कोविड का ज्यादा खतरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वैज्ञानिकों ने हाल के अध्ययनों में यह पता लगाया है कि फ्लू और कोविड-19 बुजुर्गों को इतना अधिक प्रभावित क्यों करते हैं। इसका मुख्य कारण केवल कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) नहीं है, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ फेफड़ों की कोशिकाओं में होने वाला बदलाव है।

यूसीएसएफ के शोध के अनुसार, बुजुर्गों के फेफड़ों में 'फाइब्रोब्लास्ट्स' -संयोजी ऊतक कोशिकाएं) नामक कोशिकाएं उम्र के साथ बदल जाती हैं। जब संक्रमण होता है, तो ये कोशिकाएं शरीर को 'खतरे का संकेत' देती हैं, जो अत्यधिक सूजन का कारण बनता है। यह सूजन इतनी ज्यादा होती है कि यह वायरस को मारने के बजाय फेफड़ों के ऊतकों को ही नुकसान पहुंचाने लगती है।

इन्फ्लेमजिंग भी वजह: बुजुर्गों में पुरानी, कम स्तर की सूजन पहले से मौजूद होती है, जिसे 'इन्फ्लेमजिंग' कहा जाता है। कोविड या फ्लू के वायरस इस स्थिति को बिगाड़ देते हैं, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है।



### उम्र के साथ कम हो जाती है प्रतिरक्षा प्रणाली

वैज्ञानिकों के मुताबिक, उम्र के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली की नई वायरस से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है (इम्यूनोसेनेसेंस), जिससे शरीर वायरस को फेफड़ों में फैलने से नहीं रोक पाता। यानी बुजुर्गों में फेफड़े का ऊतक स्वयं संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है और सूजन की प्रतिक्रिया को बहुत तेजी से बढ़ाता है, जिससे श्वसन संबंधी जटिलताएं बढ़ जाती हैं।

**जीजेडएमके जीन की भूमिका:** शोधकर्ताओं ने फेफड़ों में सूजन वाली कोशिकाओं के समूह पाए, जो जीजेडएमके जीन द्वारा चिह्नित होते हैं। ये कोशिकाएं गंभीर कोविड-19 के मामलों में भी देखी गई थीं।

### एपीओडी प्रोटीन का प्रभाव

एक अन्य अध्ययन (सितंबर 2025) में पाया गया कि बुजुर्गों में एपीओडी नामक प्रोटीन का स्तर बढ़ जाता है। यह प्रोटीन शरीर की वायरस से लड़ने की क्षमता को कम कर देता है और फेफड़ों के नुकसान को बढ़ा देता है। वहीं उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली का स्वाभाविक रूप से कमजोर होना भी एक बड़ा कारण है, जिससे शरीर नए वायरस के खिलाफ तेजी से प्रतिक्रिया नहीं दे पाता।

**नई दवाएं विकसित करने में मिलेगी मदद:** इस खोज से वैज्ञानिकों को ऐसी नई दवाएं विकसित करने में मदद मिल सकती है, जो विशेष रूप से इन हानिकारक कोशिकाओं को लक्षित कर सकें और बुजुर्गों को गंभीर जटिलताओं से बचा सकें।

### मुझे खामोश करवाया गया लेकिन मैं हारा नहीं: राघव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने को लेकर शुक्रवार को पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए वीडियो में कहा-मुझे खामोश करवाया गया है, लेकिन मैं हारा नहीं हूं। आम आदमी को ये मेरा संदेश है। राघव चड्ढा ने कहा कि मैंने पब्लिक के मुद्दे उठाए, इससे आप को क्या नुकसान हुआ? वीडियो के आखिर में उन्होंने आप को चेतावनी दी कि आवाज खामोश कराने वालों के सामने मैं सैलाब बनकर आऊंगा। हालांकि, राघव ने न तो पार्टी के किसी नेता का नाम लिया और न ही पार्टी छोड़ने या आगे की रणनीति को लेकर कुछ कहा। उधर, आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग ढांडा ने कहा कि राघव चड्ढा सदन में पार्टी के मुद्दे उठाने के बजाय एयरपोर्ट की कैंटीन में समोसे सस्ते करवाने की बात करते उठाते थे।



## संक्षिप्त खबरें

### 42 करोड़ की ठगी की जांच सीआईडी को सौंपी




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के टीकमगढ़, विदिशा, अशोकनगर और दमोह जिलों में हुई इस 42 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की जांच डीजीपी कैलाश मकवाणा ने सीआईडी को सौंप दी है। आरोप है कि एक कंपनी ने कम समय में मोटी कमाई का सपना दिखाकर उनके करोड़ों रुपए लेकर रफूचक्कर हो गई। इन मामलों में जिलों की पुलिस धीमी गति से जांच कर रही थी। चार जिलों में कंपनी का शिकार हुए 820 पीड़ित अब तक सामने आए हैं और संभावना है कि सीआईडी जांच आगे बढ़ने पर पीड़ितों और ठगी गई राशि का आंकड़ा और बढ़ सकता है। सीआईडी अब इन मामलों में न केवल मुख्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करेगी, बल्कि उनकी संपत्ति का पता लगाकर उसे अटैच भी करेगी। सीआईडी की कोशिश यह भी होगी कि आरोपियों की संपत्ति को राजसात कर उस रकम से निवेशकों का पैसा वापस लौटाया जाए। इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग सीआईडी के आईजी को सौंपी गई है।

### मंदिर के पास शराब दुकान शिफ्टिंग का विरोध तेज



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के कोलार इलाके में मंदाकिनी चौराहे पर शराब दुकान शिफ्ट करने का विरोध लगातार जारी है। सर्वधर्म इलाके से हटाकर मंदिर के ठीक पीछे दुकान खोलने के विरोध में शुक्रवार शाम जैन समाज और स्थानीय निवासियों ने दुकान के सामने जाकर जमकर प्रदर्शन किया। इसके कारण कर्मचारियों ने दुकान की शटर गिरा दी। आंदोलनकारियों का कहना है कि रहवासी क्षेत्र और मंदिर के पास शराब दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ जाएगा और जाम की स्थिति बनेगी। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि जब तक दुकान शिफ्ट नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने दुकान को सर्वधर्म पुल के पास बनी नई दुकानों में भेजने की मांग की है। गौरतलब है कि इस दुकान का विरोध स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा भी कर चुके हैं और इस संबंध में कलेक्टर को भी शिकायत की गई है।

### आलोक नागर व भट्ट बने सूचना आयुक्त

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने मप्र राज्य सूचना आयोग में दो सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर दी है। इसके लिए शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इस संबंध में पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ हुई बैठक में इन नामों पर सहमति हुई थी, जिसे राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने भी मंजूरी प्रदान कर दी। सामान्य प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार फर्म एंड सोसाइटी के पूर्व रजिस्ट्रार आलोक नागर और दूरदर्शन में कार्यरत राजेश भट्ट को राज्य सूचना आयोग में आयुक्त बनाया गया है। नियुक्त सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्षों तक रहेगा या फिर उनकी उम्र राज्य चुनाव आयोग में अधिकतम 10 सूचना आयुक्त नियुक्त किए जा सकते हैं। सरकार ने मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव के साथ आयुक्त के पद पर डॉ.वंदना गांधी,डॉ. उमाशंकर पचौरी और ओंकार नाथ की नियुक्ति की थी।

### पूर्व महापौर सहित पांच के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जागरण, जबलपुर।** वाहन चैकिंग के पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता और वर्दी फाड़ने के आरोप में पूर्व महापौर सहित पांच आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस कर्मी के खिलाफ दर्ज की गयी एफआईआर में खात्मा रिपोर्ट पेश की गयी थी। एसटीआफ के द्वारा उक्त जानकारी हाईकोर्ट में पेश की गयी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने एसटीएफ के द्वारा पेश की गयी रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। जबलपुर निवासी अधिवक्ता मोहित वर्मा की तरफ से दायर जनहित याचिका में कहा गया था कि पूर्व महापौर प्रभात साहू को लार्डगंज थानान्तर्गत बल्देवबाग के समीप वाहन चेकिंग दौरान पुलिसकर्मी ने बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए रोका था। पूर्व महापौर अपना परिचय देते हुए पुलिसकर्मी के साथ अभ्रदता करते लगे। इसके बाद समर्थकों के हुजूम एकत्र हो गया और पुलिस कर्मी की वर्दी फाड दी थी। पूरा घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

# भाजपा के काम आया मल्होत्रा का झटका, कांग्रेस को ले डूबी बेफिक्री

## विधायक मल्होत्रा की तरह इस मामले में ऊपरी अदालत से स्टे की तैयारी में थी कांग्रेस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस को दतिया विधायक राजेन्द्र भारती की सदस्यता रद्द होने से बड़ा झटका लगा है। इस मामले में भारती को सजा होते ही भारतीय जनता पार्टी सक्रिय हो गई, तो कांग्रेस हाईकोर्ट से विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के प्रकरण में मिले स्टे को देखकर भारती की विधायकी को लेकर भी बेफिक्र बैठी रही। इसी बेफिक्री ने कांग्रेस को उपचुनाव के मुहाने पर ढकेल दिया। अब कांग्रेस इस मामले में भाजपा और सरकार पर लोकतंत्र पर हमला बताते हुए लकीर पीटती नजर आ रही है। दरअसल दतिया विधायक राजेन्द्र भारती को बुधवार को 28 साल पुराने मामले में मामले में दोषी करार दिया गया था और इस पर गुरुवार को सजा का ऐलान किया गया। भारती को दोषी ठहराए जाने के तत्काल बाद भाजपा सक्रिय हो गई और उन्हें 3 साल की सजा होते ही दतिया सीट रिक्त कराने की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई। कांग्रेस का आरोप है कि विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा दिल्ली में ही थे और सजा का ऐलान होते ही वे स्वयं आदेश की कॉपी लेकर भोपाल पहुंचे और गुरुवार को देर रात दतिया विधानसभा सीट रिक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। 2 अप्रैल की तारीख में ही विधानसभा सचिवालय द्वारा विधानसभा की एक सीट रिक्त होने की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करा दी गई। शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय द्वारा दतिया सीट रिक्त होने की जानकारी सार्वजनिक भी कर दी गई।



### सलाहकारों से चर्चा तक सीमित रही कांग्रेस

दोष सिद्ध होने से लेकर सजा मिलने तक विधायक राजेन्द्र भारती और कांग्रेस के नेता इस मामले में सलाहकारों से चर्चा करने तक ही सीमित रहे। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का मानना है कि पार्टी के रणनीतिकारों को पूरा भरोसा था कि विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा की तरह राजेंद्र भारती के मामले में उच्च न्यायालय से स्टे मिल जाएगा, लेकिन इस बार पांसा उलट पड़ा गया, क्योंकि भाजपा मल्होत्रा के मामले में इतनी ज्यादा सक्रिय नहीं हुई थी, जिससे हाईकोर्ट के स्टे की वजह से मल्होत्रा की विधायकी बच गई।

### चुनाव आयोग को भेजी जानकारी

विधानसभा सचिवालय द्वारा दतिया विधानसभा क्षेत्र शून्य घोषित करने के अपने निर्णय से भारत चुनाव आयोग को अवगत करा दिया है। आयोग के इस संबंध में ऑन लाइन जानकारी भेजी गई है। चुनाव आयोग सूत्रों ने इसकी पुष्टि भी की है।

### अब दिग्विजय संभालेंगे कमान



राजेन्द्र भारती मामले को लेकर कांग्रेस सक्रिय हो गई है। राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह इस पूरे मामले की मॉनीटरिंग करेंगे, जबकि सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा, कपिल सिब्बल अपनी टीम के साथ उच्च अदालतों में अपील करेंगे। इसका खुलासा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी किया है।

### पटवारी बोले-लोकतंत्र पर हमला



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले में शुक्रवार की सुबह पत्रकारों से चर्चा की और आरोप लगा दिया कि देश में लोकतंत्र का मूल आधार जनता का विश्वास है, जो लगातार कमजोर होता जा रहा है। इस मामले में न्यायालय ने कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने न्याय के लिए 60 दिन का समय दिया था,लेकिन इसके बावजूद विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा आधी रात को विधानसभा सचिवालय खुलवाकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। उन्होंने कहा कि यह सत्ता के दबाव में कार्यवाही की गई है, जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन हुआ है। उन्होंने कहा कि एक ओर नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ पेड न्यूज का मामला लंबित है, लेकिन अब तक कोई उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो सरकार के दोहरे मापदण्ड को उजागर करता है।

# पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा से बाहर हुई 395 हेक्टेयर जमीन

## तेजी से होंगे निर्माण और विकास कार्य, नोटिफिकेशन जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी के निवासियों के साथ सरकारी विभागों को बड़ी राहत दे दी है। वन विभाग ने राजपत्र (नोटिफिकेशन) जारी करते हुए पचमढ़ी अभयारण्य की सीमाओं में बड़ा बदलाव किया है। इस फैसले के बाद अब पचमढ़ी शहर की 395.939 हेक्टेयर जमीन को अभयारण्य के दायरे से बाहर कर दिया गया है। 1977 में जब पचमढ़ी अभयारण्य घोषित किया गया था, तब इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 654.49 वर्ग किलोमीटर तय किया गया था। इस सीमा के भीतर शहर की कई रिहायशी और सरकारी जमीनें भी आ गई थीं, जिससे स्थानीय लोगों के साथ सरकारी महकमों को भी निर्माण और अन्य कार्यों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, क्योंकि पचमढ़ी सैंक्चुरी में शामिल इन रिजर्व एरिया की जमीनों पर कसिी भी तरह का निर्माण करने के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की सख्त अनुमतियां लेनी होती थीं। वहां के नागरिकों ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को इस संबंध में कार्रवाई का निर्देश दिया था।

### रिहायशी इलाके, धर्म स्थल, सरकारी इमारतें हुईं रिजर्व एरिया से बाहर

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आखिरकार पुराने नोटिफिकेशन में 49 साल के बाद संशोधन किया गया है। इसके अनुसार पचमढ़ी शहर के रिहायशी इलाकों, सड़कों और सरकारी इमारतों वाली जमीन को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के कड़े नियमों से मुक्ति मिल जाएगी और इस हिल स्टेशन पर पर्यटन विकास को लेकर नई गतिविधियां भी शुरू की जा सकेंगी। अभयारण्य की सीमा से बाहर होने का पचमढ़ी के शहरी इलाके को सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब इन जमीनों पर विकास कार्य, मरम्मत और रखरखाव के लिए वन विभाग की उन जटिल अनुमतियों की आवश्यकता नहीं होगी, जो सेंचुरी एरिया में अनिवार्य होती हैं। ये जमीनें निजी के साथ-साथ नजूल, लोक निर्माण, पीएचई, पर्यटन विभाग, रेलवे, कृषि विभाग, केंद्रीय रक्षा मंत्रालय, गृह विभाग (पुलिस), भारत स्काउट आदि की हैं। साल भर पहले कैबिनेट ने भी इन इलाकों को डिनोटिफाई करने की मंजूरी दी थी। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद अब इस भूमि पर राजस्व के नियम लागू होंगे और यहां तीन मंजिला भवन भी बन सकेंगे।

# गेहूं खरीदी लक्ष्य तय, 78 लाख मीट्रिक टन का होगा उपार्जन

**विसं, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने इस सीजन में किसानों से समर्थन मूल्य पर 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए अब तक 19 लाख 4 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है,जो बीते साल की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है।



विभागीय मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों को इस वर्ष 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ ही 40 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। इस वर्ष किसानों का पंजीकृत रकबा 41.58 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जो विगत वर्ष से 6.65 लाख हेक्टेयर अधिक है। राजपूत ने कहा कि किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर इंतजार न करना पड़े, इसके लिए उपार्जन प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल 2026 से तथा शेष संभागों में 15 अप्रैल 2026 से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन प्रारंभ किया जाएगा। राजपूत ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा किसानों के पंजीकृत रकबे के सत्यापन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सत्यापन पूर्ण होने के बाद किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे किसान अपनी उपज बिना किसी असुविधा के उपार्जन केन्द्रों पर बेच सकें। भारत सरकार ने मध्यप्रदेश को 50 हजार जूट की गठानों का अतिरिक्त आवंटन किया है।


# 3056 सिलेंडर जब्त 9 मामलों में केस दर्ज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 55 जिलो में 2250 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 3056 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 9 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा 564 पेट्रोल पंपों की जांच भी की गई, जिनमें 2 मामलों में प्रकरण दर्ज कर एफआईआर दर्ज की गई है। रसोई गैस और एलपीजी की सुचारू सप्लाई के लिए जिला आपूर्ति अधिकारियों और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों को पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं। विभाग का दावा है कि प्रदेश में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और बढ़ती मांग को देखते हुए ऑयल कंपनियों के डिपो को भी अधिक समय तक संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के अंतर्गत प्रदेश में कार्यरत 10 संस्थाओं को पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# बिल्डिंग और पब्लिक प्लेस को सुगम्य बनाने के लिए एक्सेस सोशल ऑडिट

## अब दिव्यांग खुद जाकर लेंगे सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार अब प्रदेश के दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक नई पहल करने जा रही है। अब राच्य के सभी प्रमुख सरकारी और गैर-सरकारी सार्वजनिक भवनों का एक्सेस सोशल ऑडिट कराया जाएगा। इसका मकसद ये तय करना है कि कोई भी दिव्यांग बिना किसी बाधा के सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों और स्कूलों में जा सके। इस ऑडिट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि भवनों की सुगम्यता की जांच करने वाली टीम में खुद दिव्यांगजन शामिल होंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने इसके लिए सभी जिले में 5 सदस्यीय टीम बनाने के निर्देश जिलों के कलेक्टर को दिए हैं जिसमें एक अस्थिबाधित, एक दृष्टिबाधित और एक श्रवणबाधित दिव्यांग अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएंगे। इनके साथ ही हर जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के 2 एक्सपर्ट भी होंगे। अब तक जिलों में इस तरह की व्यवस्था नहीं थी।



### सभी दफ्तरों की बनेगी लिस्ट

सरकार इसके लिए टीम में शामिल दिव्यांगों को निरीक्षण के लिए 300 रुपये मानदेय के साथ 500 रुपये परिवहन व्यय भी देगी। जिलों मे जांच टीमें सबसे पहले उन जगहों पर पहुंचेंगी जहां आम जनता का आना-जाना सबसे अधिक होता है। इनमें जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला न्यायालय, सरकारी अस्पताल, प्रमुख बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम, नगर पालिका, प्रमुख स्कूल, प्रमुख कॉलेज और अन्य बड़े संस्थान शामिल हैं। यह टीम अपनी रिपोर्ट फोटो के साथ विभाग को सौंपेगी। यदि किसी भवन में रैंप नहीं है या शौचालय सुगम्य नहीं है, तो ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर वहां सुधार कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए सभी टीमों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने सभी कलेक्टरों को इन टीमों का गठन पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### सरकारी मानकों के नजरिए से सुगम्य भवन

- भवन की एंट्री पर रैंप होना चाहिए, जिसकी ढलान मानक के अनुरूप हो ताकि व्हीलचेयर आसानी से चढ़ सके।
- सीढ़ियों और रैंप के दोनों ओर पकड़ने के लिए हैंडरेल (रैलिंग) लगी होनी चाहिए।
- दृष्टिबाधितों के लिए कमरों के बाहर और सूचना पटल पर ब्रेल लिपि में भी जानकारी होनी चाहिए।
- फर्श पर टैक्टाइल पाथ (उभरी हुई टाइलें) होनी चाहिए, ताकि छड़ी के सहारे रास्ता पहचाना जा सके।
- बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट अनिवार्य है, जिसमें ऑडियो घोषणा की सुविधा हो।
- दिव्यांगों के अनुकूल विशेष शौचालय होने चाहिए, जहां व्हीलचेयर आसानी से घूम सके
- भवन और पार्किंग में दिशा-सूचक बोर्ड लगे होने चाहिए। प्रवेश द्वार के पास दिव्यांगों के लिए पार्किंग स्पेस आरक्षित होना चाहिए।

# 12वें राउंड में बिकीं केवल 193 शराब दुकानें

## 454 वाइन शॉप के टेंडर होल्ड, रिजर्व प्राइज से बेहद कम मिले ऑफर, अब सरकार लेगी फैसला

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मुख्य संवाददाता, भोपाल। प्रदेश में शराब दुकानों की नीलामी इस बार आबकारी विभाग के लिए परेशानी का सबब बन गई है। नीलामी के 12वें राउंड के बाद भी अब तक 454 दुकानों के ठेके नहीं हो पाए हैं । ये वे दुकानें हैं जिनकी नीलामी के लिए शासन ने रिजर्व प्राइज को भी तीस फीसदी तक कम कर दिया था। इसके बाद भी विभाग शुक्रवार को केवल 193 दुकानें ही नीलाम कर सका । इसके अलावा 454 वाइन शॉप्स के आवंटन को फिलहाल होल्ड पर रखने का फैसला लिया गया है । इन दुकानों के लिए प्राप्त ऑफर विभाग द्वारा तय नए रिजर्व प्राइज से बेहद कम हैं। जानकारी के अनुसार, अब इन सभी शराब दुकानों के लिए आए ऑफर को लेकर अंतिम फैसला सरकार करेगी। शुक्रवार को हुई नीलामी के बाद भी एक शराब दुकान ऐसी बच गई है जिसके लिए किसी भी ठेकेदार ने ऑफर नहीं डाला है।

### 1549 करोड़ के बजाय 1216 करोड़ का रेवेन्यू मिला

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिन 193 दुकानों की नीलामी ई-टेंडर के जरिए शुक्रवार को की गई, उनके लिए विभाग ने 1549.26 करोड़ रुपये की रिजर्व प्राइज तय की थी। दस राउंड में ये दुकानें न बिकने के बाद सरकार ने इन दुकानों के आरक्षित मूल्य में तीस फीसदी तक कमी कर दी थी। अब ये 193 दुकानें केवल 1216.34 करोड़ रुपये में ही नीलाम हुई हैं। दूसरी ओर, जिन 454 दुकानों को होल्ड पर रखा गया है, उनका कुल आरपी 3528.18 करोड़ रुपये है। इनमें से 453 दुकानों के लिए अब तक कुल 1679.50 करोड़ रुपये के ही ऑफर मिल पाए हैं।आबकारी विभाग को 106 दुकानों के लिए रिजर्व प्राइज से 30 से 40 फीसदी कम के ऑफर, 132 दुकानों को 40 से 50 प्रतिशत कम के ऑफर और 215 दुकानों को रिजर्व प्राइज से 50 फीसदी से भी कम के ऑफर मिले हैं। रेवेन्यू के भारी-भरकम नुकसान को देखते हुए फिलहाल विभाग ने इन दुकानों को होल्ड पर रखा है।



### निगम मंडल बनाकर सरकार चला सकती है शराब दुकानें

आबकारी विभाग के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की वर्चुअल बैठक में 12 दौर की नीलामी प्रक्रिया के बाद शेष बची दुकानों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नीलामी के उपरांत बची हुई 454 दुकानों के संचालन के लिए आबकारी विभाग स्वयं एक निगम मंडल गठित कर इन दुकानों का संचालन करने की संभावना पर विचार करेगा। मध्य प्रदेश सरकार को इस बार 12वें चरण की बोली के बाद अब तक 16637.85 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले साल की तुलना में 34.13 प्रतिशत अधिक है।

# शिवराज सिंह के बंगले के बाहर पटवारी करेंगे एक दिन उपवास

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। महिलाएं और बच्चे लाइनों पर खड़े हो रहे हैं। इसके बाद भी सरकार खाद की कमी से इंकार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी भोपाल में केन्द्रीय कृषि मंत्री के निवास के सामने एक दिन उपवास पर बैठेंगे। पत्रकारों से चर्चा मेंपटवारी ने कहा कि खाद की कमी को किसानों को लाइनों में खड़ा होना पड़ा, जहां महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की हुई, लाठियां चलीं और कई बुजुर्गों की जान तक चली गई। प्रदेश और देश में लोकतंत्र का मूल आधार जनता का विश्वास लगातार कमजोर होता जा रहा है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए पटवारी ने कहा कि कि किसानों के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गई, जो सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करती है। सरकार युद्ध का हवाला देकर गेहूं खरीदी में देरी कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि वर्ष 2026 में 10 करोड़ बारदाने की आवश्यकता थी, लेकिन सरकार ने मात्र 2 करोड़ 60 लाख बारदाने का ही आवेदन किया। लगभग 7.5 करोड़ बारदाने की कमी घोर लापरवाही को दर्शाती है। बारदाना की कमी को लेकर सरकार युद्ध का हवाला देकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि सच्चाई कुछ और है। राज्य सरकार को बारदाने की आवश्यकता के अनुसार केंद्र सरकार को समय पर आवेदन करना होता है, जिसके आधार पर आवंटन किया जाता है और अग्रिम भुगतान करना होता है।

**आयोजन** अंतर्राष्ट्रीय महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम कॉन्फ्रेंस शुरू, केंद्रीय मंत्री प्रधान रहे मौजूद

# उज्जैन समय गणना और खगोल विज्ञान का वैश्विक केंद्र: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विज्ञान मानता है कि समय और अंतरिक्ष एक दूसरे से अविभाज्य हैं, हमारे शास्त्रों में युगों पहले शिव को विश्व स्वरूप और महाकाल कहकर इसी वैज्ञानिक सत्य को प्रतिपादित किया था। उज्जैन प्राचीन काल से समय गणना और खगोल विज्ञान का वैश्विक केंद्र है। उज्जैन अब धार्मिक नगर के साथ विज्ञान नगरी भी बनेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को उज्जैन के तारामंडल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विज्ञान के अनुसार ब्रह्मांड की हर वस्तु समय के अधीन है, लेकिन शिव उस अनंत का प्रतीक हैं, जहां से समय जन्म लेता है और जहां समय का अंत होता है। इसीलिए वे काल के अधिष्ठाता अर्थात 'मास्टर ऑफ टाइम' हैं। उज्जैन काल गणना का केंद्र रहा है, जहां प्राचीन काल में सूर्य की छाया से समय नापने की कला विकसित हुई। प्राचीन भारतीय भूगोल के अनुसार उज्जैन कर्क रेखा पर स्थित है और इसे पृथ्वी का मध्य बिंदु माना जाता था। दुनिया समय को परिभाषित करना सीख रही थी तब यहां महर्षियों ने खगोलीय गणनाओं का वैश्विक मानक स्थापित कर लिया था। डोंगला को एस्ट्रोनोमिकल स्टडीज के लिए विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में उज्जैन का यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर सिद्ध होगा। उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से आज 15 करोड़ से अधिक की लागत से विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया।



### लंदन से नहीं उज्जैन से चलेगा दुनिया का समय

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि उज्जैन वह स्थान है जहां अध्यात्म और विज्ञान के बीच की दूरी समाप्त हो जाती है और एक नई दृष्टि का जन्म होता है। उन्होंने कहा कि अब लंदन से नहीं उज्जैन से दुनिया का समय चलेगा। हम जीएमटी खत्म कर एमएसटी करेंगे। भारत के जितने भी आध्यात्मिक केंद्र हैं- चाहे वह उज्जैन हो, काशी हो, कांची हो या पुरी धाम, सभी भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित ऐसी 'जीती-जागती प्रयोगशालाएं' हैं, जहां विज्ञान, कला, संस्कृति, साहित्य और आध्यात्मिकता का अद्भुत समन्वय मिलता है।

### काल की अवधारणा वैज्ञानिक: सोनी

चिंतक एवं लेखक सुरेश सोनी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में काल (समय) की अवधारणा अत्यंत गहन और वैज्ञानिक है। भारतीय कालगणना खगोलीय पिंडों की गति, ऋतु चक्र और प्रकृति के नियमों से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य की समग्र प्रगति के लिए विज्ञान एवं तकनीक, कला, अध्यात्म, सामाजिकता और सामाजिक अर्थशास्त्र के बीच संतुलित समन्वय आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से भारतीय वैज्ञानिक विरासत को समझने, प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने और विज्ञान को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया। नीति आयोग के सदस्य एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. वी. के. सारस्वत ने वैदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय को 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों का समाधान नवाचार और स्वदेशी अनुसंधान से ही संभव है।

### साइंस सेंटर का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने उज्जैन में 15 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण कर विज्ञान केंद्र के फोल्डर का विमोचन किया। इसमें गैलरी ऑन साइंस, आउटडोर साइंस पार्क, इनोवेशन एवं स्टुडेंट एक्टिविटी हॉल, हेरिटेज थीम आधारित गैलरी और एग्जिबिट डेवलपमेंट लैब जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आमजन में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहन मिलेगा।

## नगर में आज

**नाट्य समारोह**
- **नाटक:** चाणक्य
- **स्थान:** रविंद्र भवन
- **समय:** शाम 7 बजे से

**सितारा प्रदर्शनी**
- **स्थान:** गौहर महल
- **समय:** दोपहर 3 बजे से

**संगीत संध्या**
- **गाता रहे मेरा दिल- सीजन 1**
- **स्थान:** सेलिब्रेशन रिजॉर्ट
- **समय:** शाम 6 बजे से

## संक्षिप्त खबरें

### अड़ीबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** हनुमानगढ़ पुलिस ने मारपीट कर अड़ीबाजी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना शामिल चाकू जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही 29 आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय अमित मेहरा उर्फ झंडू सुभाष नगर में रहते है। 26 मार्च को वह अपने भाई राहुल और सनी नाथ के साथ घर रहा जा रहे थे। जहां छोला रोड कलारी के पास रात 10 बजे उसे एक व्यक्ति मिला। जो उससे शराब पीने के लिए एक हजार रूपए मांग रहा था। मना करने पर बदमाश ने गाली-गलौज कर पास में रखी छुरी से हमला कर दिया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी की पहचान 28 वर्षीय सोहेल उर्फ नाना निवासी फूटा मकबरा छोला रोड के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** टीटी नगर पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 किलो 350 ग्राम गांजा और 2 मोबाइल समेत नगदी जब्त किए है।

**1 किलो 350 ग्राम गांजा समेत 2 मोबाइल बरामद**

बरामद कुल माल की कीमत 51 हजार रुपए आंकी जा रही है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि लाड़ली लक्ष्मी पार्क के पीछे टीटी नगर स्टेडियम के पास दो व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहे है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस उनके पास से सफेद रंग की पन्नी में रखा अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान मिथुन चौहान (33) और गोलू चौहान (30) निवासी अर्जुन नगर फेस-1 के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बॉलिंग के लिए दौड़ते समय गिरा किशोर, मौत

**जागरण, भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र में क्रिकेट खेलने के दौरान दौड़ते समय किशोर की गिरने से मौत हो गई। घटना रतुआ गांव की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। 16 वर्षीय मृतक रंजीत पिता राजू ओसारी रतुआ गांव में रहता था। वह निजी स्कूल में पढ़ाई करता था। गुरुवार शाम चार बजे वह पास के मैदान में दोस्त के साथ क्रिकेट खेलने के लिए गया था। जहां गेंद फेंकने के लिए दौड़ते समय वह अचानक से नीचे गिर गया। पत्थर पर गिरने से उसके सिर, हाथ व शरीर में गंभीर चोटें आई। परिजन लहूलुहान हालत में तुरंत उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान रंजीत ने दम तोड़ दिया।

# आदमपुर खंती में सड़ रहा 870 मीट्रिक टन कचरा, निकल रहे खतरनाक लिचेट से भूजल और जलाशय हो रहे प्रदूषित

## अनदेखी: कचरा खंती के आसपास खुलेआम घूम रहे दुधारू पशु, इनका दूध पीना सेहत के लिए हानिकारक

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** आदमपुर स्थित कचरा खंती में पिछले 10 सालों में जमा हुआ 870 मीट्रिक टन कचरे के सड़ने से खतरनाक लिचेट निकल रहा है। यह लिचेट खंती के पीछे वाले हिस्से से निकलकर सीधे भूजल व आसपास के जलस्रोतों तक जा रहा है, जिससे जलस्रोतों के प्रदूषित होने का खतरा पैदा हो गया है।

खंती के पीछे वाले हिस्से में समरधा रोड पर यह लिचेट 24 घंटे खंती से निकल रहा है और सीधे कच्ची नालियों से होकर रायसेन रोड की तरफ बह रहा है। इन कच्ची नालियों से निकलने के कारण यह तरल सीधे भूमिगत जल को भी प्रदूषित कर रहा है। साथ ही नालियों से बहकर आसपास के जलाशयों में मिल रहा है, जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है। बता दें कि लंबे समय तक कचरे के एक ही स्थान पर पड़े होने के कारण कचरा से काला बदबूदार गाढ़ा (कन्सन्ट्रेटेड) तरल निकलता है। यह काला गाढ़ा तरल बारिश के पानी के साथ मिलकर पतला (डाइल्यूट) हो जाता है और पानी के साथ बहने लगता है। इस तरल में भारी धातुओं के साथ विषैले पदार्थ होते हैं। रासायनिक क्रियाओं के चलते इस तरल के भीतर ग्रीन हाउस गैसें भी बनती हैं, जो वातावरण में गर्मी बढ़ाती हैं। इसके अलावा खंती के सामने खाली पड़े मैदान पर भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक और हानिकारक कचरा पड़ा हुआ है। संभवतः हवा चलने के दौरान यह सूखा कचरा खंती से उड़कर मैदान में आ जाता है, जिसे आसपास के गांवों के दुधारू पशु खा जाते हैं। इससे पशुओं का दूध भी विषाक्त हो रहा है। भूमिगत जल का प्रयोग यदि आसपास के लोग खंतों की सिंचाई के लिए कर रहे हैं, तो इससे फसलों के विषाक्त होने का भी खतरा है।





> खंती में मौजूद कचरे का निष्पादन तेजी से किया जा रहा है। जैसे-जैसे हम कचरा खाली करेंगे वैसे ही इस हानिकारक लिचेट का भी वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करा देंगे। ताकि इससे आसपास के जलाशय प्रभावित न हों। आसपास सख्ती कराकर दुधारू पशुओं को खंती के पास आने से रोका जाएगा।
> ■ **संस्कृति जैन**, नगर निगम कमिश्नर

### खंती के पीछे खुले में बह रहा है लिचेट

यह लिचेट खंती के पीछे नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन के ग्रीन कोल प्लांट के सामने बह रहा है। हालांकि नगर निगम द्वारा खंती के ठीक पीछे बड़ी संख्या में पीपल, नीम, बरगद सहित अन्य देशी प्रजातियों के पेड़ लगाए गए हैं, लेकिन इस लिचेट के ट्रीटमेंट को लेकर कोई तैयारी नहीं की गई है। एक ओर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2026 के नए नियमों को लेकर नगर निगम प्रशासन खंती के सूखे व गीले कचरे के निपटारे में लगा हुआ है, लेकिन इस लिचेट को जलाशयों में मिलने से रोकने को लेकर कोई तैयारी नहीं दिख रही है, जिसका खामियाजा अन्य लोगों को दूषित पेयजल को पीने के बाद होने वाली बीमारियों से ग्रसित होकर चुकाना होगा।

### एनटीपीसी का प्लांट ट्रायल बेस पर, कैसे खत्म होगा कचरा

नगर निगम द्वारा पिछले शनिवार को नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) के ग्रीन कोल प्लांट का ट्रायल शुरू किया गया है, जिसमें पहले फेस में 1800 टन कचरा ग्रीन कोल बनाने के लिए एनटीपीसी के पावर प्लांट को दिया गया है। जिससे टेरिफाइड चारकोल (ग्रीन कोल) बनाया जा सके। पहले फेस में दिए गए इस कचरे से 800 से 900 टन टेरिफाइड चारकोल बनेगा, जिससे कचरे का 100 फीसदी निपटारा होगा। इस टेरिफाइड चारकोल को जलाने पर कम धुआं या सल्फर निकलता है। जिसके कारण बिजली उत्पादन के लिए इसे उपयोगी माना जाता है। आमतौर पर टेरिफाइड चारकोल नारियल के खोल और छिलकों से तैयार होता है। लेकिन एनटीपीसी इसे पॉलिथीन, कागज सहित अन्य सूखे कचरे से तैयार चारकोल से बना रहा है।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग ने खींचे कदम जीएमसी में सीधी भर्ती पर लगाई रोक

**मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के आंदोलन को देखते हुए झुकी सरकार**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग ने गांधी मेडिकल कॉलेज में आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया रोक दी है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के आंदोलन को देखते हुए विभाग ने यह कदम उठाया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य ने आदेश भी जारी कर दिया। आदेश के मुताबिक जीएमसी में प्राध्यापक व सह प्राध्यापक के पदों पर निकाली गई आंतरिक सीधी भर्ती को स्थगित कर दिया गया है। विभाग का आदेश जारी होने के बाद आंदोलन कर रहे चिकित्सा शिक्षकों में खुशी की लहर है। बता दें विभाग द्वारा जीएमसी में प्राध्यापक और सह प्राध्यापक के कुल 9 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस प्रक्रिया में सिर्फ जीएमसी के मेडिकल टीचरों को ही शामिल किया जा रहा था, लेकिन इसके बदले में उनकी पुरानी सर्विस को जीरो करने का नियम था। इसी नियम के विरोध में चिकित्सा शिक्षक संघ ने आंदोलन शुरू किया था।




### अब नियमों में सुधार के लिए आंदोलन

विभाग ने सीधी भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया है, लेकिन प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशनने आंदोलन खत्म नहीं किया है। पीएमटीए के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय ने बताया कि विभाग ने सीधी भर्ती के लिए जो नियम बनाए हैं, हम उन नियमों में संशोधन चाहते हैं। वर्ष 2018 से लेकर अभी तक जितने चिकित्सकों का इससे नुकसान हुआ है, उनको अब इस नियम से बाहर कर लाभ दिया जाए।

### 10 सूत्रीय मांगों पर होगी हड़ताल

1. ऑटोनोमस कॉलेजों में सीधी भर्ती के स्थान पर डीपीसी से पद भरे जाएं।
2. समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाना चाहिए।
3. जिन चिकित्सा शिक्षकों को समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिल रहा है, उनके लिए आदेश में संशोधन किया जाए।
4. सभी संवर्गो को पदनाम भी प्रदान किया जाना चाहिए।
5. कोविड काल में काम करने वाले चिकित्सकों व स्टाफ को घोषणा के अनुसार लाभ पहुंचाया जाए।
6. सातवें वेतनमान में चिकित्सा शिक्षकों के मूल वेतन का निर्धारण एनपीए से किया जाए।
7. सातवें वेतनमान के आदेश में सहायक प्राध्यापक संवर्ग को 8 वर्ष की सेवा के उपरांत सह प्राध्यापक का वेतन प्रदान किया जाए।
8. स्वशासी चिकित्सा शिक्षकों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाना।
9. चिकित्सा शिक्षकों की नई जगह पर पदस्थापना होने पर सर्विस प्रोटेक्शन का लाभ दिया जाए।
10. चिकित्सा शिक्षकों के लंबित विषयों पर समय पर कार्यवाही न करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाना चाहिए।
11. संविदा अवधि सेवाकाल की गणना वरिष्ठता, पदोन्नति / समयमान वेतनमान और सेवानिवृति लाभ प्रदान करने के लिए लिया जाना
12. सुपरस्पेशलिटी चिकित्सकों के मूल वेतन का समयबद्ध रिवीजन, सुपरस्पेशलिटी चिकित्सकों को नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस दिया जाए।

# चलती ट्रेन में चढ़ने पर घायल हुआ युवक, अस्पताल में मौत

## प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंसा रहा, बिहार का था युवक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास एक युवक को जानलेवा साबित हुआ। हादसे में बुरी तरह घायल युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को उसकी मौत हो गई। भोपाल जीआरपी थाना से मिली जानकारी अनुसार घटना 31 मार्च रात करीब 11:26 बजे हुई। उस समय 19304 भोपाल-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस स्टेशन से गुजर रही थी। इसी दौरान बिहार निवासी सिकंदर नाम का युवक उम्र 26 वर्ष चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा, लेकिन वह असफल रहा और गेट से टकराकर नीचे गिर गया। नीचे गिरने से वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन की स्पीड करीब 20 किमी प्रति घंटा थी। ट्रेन के लगातार चलते रहने के कारण युवक तीन से चार पलटी खाया, इससे युवक के सिर, हाथ, पैर और पसलियों में फ्रैक्चर हो गए। घटना के तुरंत बाद 108 एंबुलेंस बुलाकर युवक को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### वीडियो जारी हादसा वीभत्स

हादसे का 14 सेकंड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें युवक चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसकर गंभीर रूप से घायल होता दिख रहा है। वीडियो के पहले ही सेकंड में युवक प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर ट्रेन के साथ चलता नजर आ रहा है। अगले ही सेकंड वह कोच के गेट के साइड हिस्से से टकराता है। करीब 3 सेकंड के भीतर सीधे गेट से टकराकर चलती ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच फंस जाता है। महज 5 सेकंड के अंदर वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच 4 से 5 बार घूम जाता है। इसके बाद अगले 6 सेकंड में वह ट्रेन के नीचे की ओर खिंचता चला जाता है और वीडियो से ओझल हो जाता है।

# सहकारी समिति के 3 कर्मचारियों ने 42 लाख का किया गबन, चोरी का रूप देने की कोशिश

## छुट्टी के दो दिन किया किसानों से कलेक्शन, केसीसी समेत खाद-बीज और दवाई की थी रकम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** सहकारी समिति के 3 कर्मचारियों ने मिलीभगत कर 42 लाख रुपए का गबन कर दिया। आरोपियों ने इसे चोरी का रूप देने की कोशिश की, लेकिन वह अपने ही जाल में फंस गए। विभागीय जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने छुट्टी के दिन किसानों से रकम कलेक्ट की। जोकि केसीसी, खाद-बीज और दवाई की थी। आरोपियों में से कुछ को कर्ज चुकाना था, कुछ ही शोहरत जुआ खेलने की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ शासकीय रकम का गबन का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

**आरोपियों ने कर्ज चुकाने और जुआ खेलने के लिया किया गबन, विभागीय जांच में पकड़े गए आरोपी**

### 27 मार्च को रकम चोरी होना बताया

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने बताया कि इस संबंध में सहकारी समिति ग्राम रायपुर के प्रशासक रामचरण सिलावट ने शिकायत की थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि समिति के तीन कर्मचारी मनोज कुमार जाट (संस्था सहायक), नरेश नागर (सेल्समैन) और मुकेश विश्वकर्मा (चपरासी) हैं। तीनों ने कर्मचारियों ने छुट्टी के दिन किसानों से केसीसी, खाद-बीज और दवाओं के पैसे कलेक्ट किए। यह पैसे अपने पास न रखकर बताया कि दफ्तर में अलमारी में रख दिए। अलमारी खुली छोड़ दी थी। दरवाजे पर एक ताला लगाया था, चैनल का ताला खुला छोड़ दिया था। इस रकम को किसी ने 27 मार्च को अलमारी से चोरी कर लिया। चोरी गई रकम 41.94 लाख रुपए थी, जोकि उन्होंने दो दिन में किसानों से कलेक्ट की थी। जांच में उनकी यह बात झूठी पाई गई। तीनों ने चोरी की बात कही, जोकि झूठ निकली।

### पैसा जमा करने समय दिया

संस्था ने समय देते हुए रकम जमा करने को बोला। लेकिन उन्होंने पैसे जमा नहीं किए। तीनों आरोपियों ने मिलकर सोसायटी की रकम खुद हड़प ली। प्रशासक की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपी मनोज कुमार जाट, नरेश नागर और मुकेश विश्वकर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मिलीभगत कर हड़पी रकम

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों में से किसी को कर्ज चुकाना है तो कोई जुआ खेलने का आदी है। इस तरह उन्होंने मिलीभगत कर शासकीय रकम को हड़प लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस की जांच जारी है।



### गुड फ्राइडे पर सेंट फ्रेंसिस चर्च से निकली क्रूस यात्रा

**भोपाल। राजधानी के जहांगीराबाद स्थित सेंट फ्रेंसिस चर्च में गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसाई समुदाय ने श्रद्धा और आस्था के साथ क्रूस यात्रा निकाली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु मसीह के दुःख भोग और उनके बलिदान को याद किया। सुबह से ही चर्च में बड़ी संख्या में विश्वासी एकत्रित होने लगे और विशेष प्रार्थना व आराधना में भाग लिया। यात्रा के दौरान शांति, प्रेम और त्याग का संदेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में भाईचारे तथा मानवता को बढ़ावा देने की कामना की।**

**सुविधा** — डीआरएम पंकज त्यागी ने दी जानकारी, वित्तीय वर्ष का लेखा जोखा किया जारी

# ९० डिग्री ब्रिज के लिए रेलवे ने हायर किया कंसलटेंट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** देशभर में चर्चा का विषय रहा भोपाल के ऐशबाग का 90 डिग्री ब्रिज जल्द शुरू हो सकता है। लेकिन इससे पहले इसमें सभी प्रकार की कमियों को सुधारा जाएगा और यदि जरूरत पड़ी को डिजाइन में भी कुछ फेरबदल किया जा सकता है। दरअसल रेलवे के गति शक्ति विभाग ने इस रेलवे ओवर ब्रिज के लिए एक नया कंसल्टेंट को हायर किया है। जो दो माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। रिपोर्ट के बाद रेलवे अपना काम करेगा और इसी के साथ पीडब्ल्यूडी अपना काम करेगा। सब कुछ ठीक रहा तो अगले तीन से चार माह में यह आरओबी आमजन के लिए चालू हो जाएगा। यह जानकारी भोपाल रेल मंडल के प्रबंधक पंकज त्यागी ने दी। शुक्रवार को उन्होंने एक पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। पत्रकारवार्ता वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट जारी करने के लिए बुलाई गई थी।




### भोपाल स्टेशन पर सुधरेगी ऑटो व्यवस्था

डीआरएम त्यागी ने बताया कि भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में ऑटो व कैब स्टैंड संचालित हो रहा है। यात्री शिकायत करते हैं कि ऑटो चालक और कैब चालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं, स्टेशन एरिया के अंदर आकर यात्रियों से बदसलूकी करते हैं। हम इस पूरी व्यवस्था को सुधारने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही इसमें परिवर्तन किया जाएगा।

### भोपाल से चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

डीआरएम ने बताया कि समर सीजन में भोपाल स्टेशन से तीन विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। यात्री मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। ट्रेनों का नाम और उनके गंतव्य स्टेशनों के बारे में जल्द जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### ऐसा रहा मंडल का वित्तीय वर्ष

- भोपाल-धनबाद और भोपाल - चोपन एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात
- 10 स्टेशनों पर 16 ट्रेनों का ठहराव
- महामना एवं आधारताल एक्सप्रेस में एलएचबी रैक की सुविधा।
- 87 टिकट चेकिंग अभियान चलाकर 42.80 लाख का रेल राजस्व प्राप्त किया।
- माल राजस्व के क्षेत्र में कुल 896.38 करोड़ की आय अर्जित की।
- कुल 414.80 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले वर्ष से 6.62 प्रतिशत अधिक है।
- यात्री राजस्व 1013.78 करोड़ रहा, जिसमें 6.50 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।
- टिकट चेकिंग से 39.18 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया।
- मोबाइल ऐप के माध्यम से जनरल टिकट बुकिंग में निरंतर वृद्धि।
- मंडल के 80 स्टेशनों पर यूपीआई सुविधा उपलब्ध।
- कुल 119 क्यूआर कोड आधारित मशीनें कार्यरत।
- 47 नेक्स जनरेशन आरक्षण विंडों एवं 6 चार्टिंग लोकेशन तैयार किये गये।
- 1414 दिव्यांग रेल रियायत कार्ड आनलाइन जारी किये गये।
- बीना-इटारसी के बीच नई चौथी लाइन की स्वीकृति प्रदान की गई।
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नर्मदापुरम एवं शाजापुर स्टेशनों का उन्नयन का पूरा किया गया।
- भोपाल स्टेशन पर आधुनिक स्लीपिंग पॉड्स (फैमिली एवं सिंगल) की सुविधा।
- 300 क्षमता वाला एग्जीक्यूटिव लाउंज विकसित।
- इंटीग्रेटेड पार्किंग सिस्टम लागू।

# खंडहरनुमा मकान में शराब पार्टी कर रहे युवकों से मारपीट कर लूट, वीडियो वायरल

## बदमाश चाकू दिखाकर बोला- जेब में जो भी है सब निकाल, केस दर्ज

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** खंडहरनुमा मकान में शराब पार्टी कर रहे युवकों से मारपीट कर लूट की घटना सामने आई है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में बदमाश चाकू दिखाकर बोला- जेब में जो भी है सब निकाल, नहीं तो जान से जाओगे। युवक ने विरोध किया तो मारपीट की गई। आरोपी ने चाकू उल्टा कर उस पर दो बार हमला किया। पीड़ित की रिपोर्ट पर गोविंदपुरा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 32 वर्षीय सौरभ मीणा अशोका गार्डन में रहता है। वह निजी काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि 23 मार्च की दोपहर एक बजे वह दोस्त के साथ खंडहरनुमा मकान में शराब पीने गया था। जहां बदमाश आ गए। उन्होंने चाकू की नोक पर लूटपाट कर दी। वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान बदमाश सचिन उर्फ बच्चा और मार्टिन के रूप में हुई है। सचिन श्यामला हिल्स थाने का निगरानी बदमाश है। बाणगंगा इलाके में उसे बच्चा नाम से जाना जाता है। उसका आपराधिक रिकार्ड है। पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।



### नकदी और गाड़ी की चाबी छीन ली

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि आरोपी चाकू की नोक पर डराया और धमकाया। इसके बाद पीड़ित की जेब में रखी नकदी और गाड़ी की चाबी छीन ली। पीड़ित मिन्नत करता है कि अब से इस जगह नहीं आएंगे, लेकिन आरोपी लगातार उन्हें धमकाते हैं और पीटते हैं। पीड़ित की जेब में उन्हें जो भी मिलता है, वह सब कुछ छीनकर फरार हो जाते हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर का कहना है कि पीड़ित डरा हुआ था, वह एफआईआर नहीं करवाना चाहता था, पुलिस के कहने पर वह राजी हुआ।

# पर्सनल बजट को तकनीक से करें मैनेज



## टेक टिप्स

## इन तरीकों से बढ़ाएं स्मार्टफोन की लाइफ

**क्या आपका स्मार्टफोन स्लो हो गया है और आप नया फोन लेने का सोच रहे हैं तो इससे पहले कुछ बातों पर गौर करना जरूरी है, आइए जानें...**

आइफोन हो या एंड्रायड स्मार्टफोन, एक समय के बाद इनकी इयूरेबिलिटी और प्रोसेसिंग क्षमता कम होने ज़ लगती है। अगर आप भी चाहते हैं कि आपके कीमती फोन की लाइफ थोड़ी और बढ़ जाए तो साफ्टवेयर अपडेट करते रहना चाहिए। बैटरी बदलने और रिसेट जैसे उपायों से भी फोन की लाइफ को बढ़ाया जा सकता है।



**आपरेटिंग सिस्टम और एप्स अपडेट रखें :** स्मार्टफोन समय-समय पर अपडेट के नोटिफिकेशन देते रहते हैं। ऐसे में आपको नई सुविधाएं जोड़ने और फोन की सुरक्षा के लिए ओएस और मौजूदा एप्स अपडेट करते रहने चाहिए। इससे फोन की लाइफ बढ़ जाती है।

**विश्वसनीय स्टोर से ही डाउनलोड करें एप्स :** अगर आप कोई नया गेम या कोई अन्य एप डाउनलोड करना चाहते हैं तो केवल डिवाइस में मौजूद विश्वसनीय एप स्टोर जैसे गूगल प्ले स्टोर या एपल एप स्टोर से ही इसे डाउनलोड करें ताकि फोन में किसी तरह का वायरस न आ जाए।

**बैटरी बदलें, फोन नहीं:** कई बार स्मार्टफोन वक्त के साथ-साथ धीमे चलने या फिर हैंग होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि बैटरी की हेल्थ चेक की जाए। कई बार बैटरी बदलने से ही समस्या का समाधान हो जाता है।

**फैक्ट्री रिसेट करें :** अगर आपके फोन में एरर आने लगे या फिर फोन हैंग होने लगे तो उसे रिसेट की जरूरत है। ऐसी कंडीशन में सबसे पहले फोन का बैकअप लें और फिर फैक्ट्री रिसेट कर दें। इससे फोन लंबे समय तक बगैर परेशानी के चलता रहेगा।

**गैर जरूरी एप्स हटा दें:** कई बार फोन में ऐसे कई एप्स रहते हैं जिन्हें हम लंबे समय तक उपयोग में नहीं लेते और उनकी वजह से फोन की स्पीड कम होने लगती है। ऐसे एप्स हटा देने चाहिए ताकि फोन की स्टोरेज और रैम दोनों खाली हो जाएं।

## जल्द दिख सकता है फेसबुक में नया बदलाव

फेसबुक नए साल में नए अपडेट्स लाने पर विचार कर रहा है। मेटा अब एआई ऑटोमेशन पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। इससे विज्ञापन और कंटेंट पर्सनलाइजेशन के लिए एआई का उपयोग बढ़ेगा, जिससे यूजर एक्सपीरियंस बेहतर होगा। कंपनी कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नए और बेहतर टूल पर काम कर रही है। ऐसा अनुमान है कि 2026 के अल्गोरिदम में दोस्तों, परिवार और ग्रुप्स के कंटेंट को ज्यादा प्राथमिकता मिलेगी और शेयर्स तथा कमेंट्स को लाइक्स से ज्यादा महत्व दिया जाएगा। हालांकि एप के अंदर कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। फेसबुक एप या वेबसाइट पर पोस्ट, लाइक या कमेंट बटन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, वे पहले की तरह ही काम करेंगे।



## स्मार्ट फाइनेंस

**खर्च की आदतों पर नियंत्रण और वित्तीय लक्ष्य को हासिल करना चाहते हैं, तो हर महीने बजट बनाना और उस पर टिके रहना जरूरी है। इसके लिए सबसे भरोसेमंद सहयोगी है तकनीक। एप्स और टूल्स पर्सनल फाइनेंस के लिए कैसे उपयोगी साबित हो सकते हैं, बता रहे हैं ब्रह्मानंद मिश्र ...**

काउंट बैलेंस चेक करना हो या पेमेंट या फिर किसी को पैसे ट्रांसफर करने हों, ये सभी काम आप मध्यरात्रि में भी कर सकते हैं। दशकभर पहले यह किसी सपने की तरह था। बैंक से जुड़े हर छोटे-बड़े कार्य के लिए सुबह ब्रांच खुलने का इंतजार करना होता था।

बैलेंस जानना और पासबुक अपडेट कराना भी इतना आसान नहीं था। बीते कुछ वर्षों में तकनीक ने जिन क्षेत्रों को सबसे अधिक प्रभावित किया है, उनमें बैंकिंग और पर्सनल फाइनेंस का क्षेत्र सबसे आगे है। आज पासबुक या जरूरी कागजातों के खोने का डर नहीं है, क्योंकि डिजिटल माध्यम में ये पहले से अधिक सुरक्षित हैं। तकनीक की तमाम सुरक्षा परतों के बीच अपनी बचत राशि पर आप हर समय नजर रख सकते हैं। इसमें सेंध या ठगी तभी संभव है, जब कोई आपका यूजरनेम और पासवर्ड हासिल कर ले। इसमें गलती होने की सर्वाधिक आशंका आपकी तरफ से ही होने की रहती है। अब जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है, जहां पर्सनल फाइनेंस की दुनिया एक बड़ी क्रांति का रुख कर रही है। यह तकनीक पर्सनल फाइनेंस स्मार्ट ही नहीं, इंटेलिजेंट भी बना रही है। अपने खर्च, बचत, निवेश की जानकारी रखने के साथ-साथ उसका विश्लेषण और बेहतर उपयोग करने के तरीकों को भी आप इससे जान सकते हैं। एआइ खूबियों वाले टूल्स और एप्स सभी खर्च का विश्लेषण करते हैं यानी आपने ट्रेवल शापिंग, सब्सक्रिप्शन और ग्रासरी में कहां और कितना खर्च किया है, यह सब जानना अब बहुत आसान है।

### पेमेंट और सेविंग का आटोमेशन

भागदौड़ भरी दिनचर्या में बिल या इंश्योरेंस प्रीमियम का समय पर पेमेंट नहीं होना या निर्धारित बचत के लक्ष्य से चूक जाना, बहुत ही आम समस्या है। यह भूल अतिरिक्त शुल्क या इंटरेस्ट के रूप में आपके लिए अनावश्यक अर्थदंड साबित होती है। आटोमेटेड साल्यूशन ऐसे तनावों से मुक्त रखता है। आप क्रेडिट कार्ड बिल, लोन ईएमआइ, इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी और सब्सक्रिप्शन जैसे ट्रांजैक्शन को आटोमेट कर सकते हैं।

### बजटिंग और इन्वेस्टिंग का डिजिटल रूप

बैंकिंग, निवेश और पर्सनल बजटिंग का काम डिजिटली बहुत आसानी से किया जा सकता है। एआइ पावर्ड एप्स और टूल्स के जरिये आप अनावश्यक खर्चों को चिह्नित कर उसे रोक सकते हैं। इसके लिए अलग से एक्सेल शीट बनाने की भी जरूरत नहीं है।

आप पर्सनल मैनेजमेंट टूल्स से खर्च को निर्धारित और सीमित भी कर सकते हैं। अगर निवेश करते हैं तो हर समय पोर्टफोलियो पर नजर रख सकते हैं। कुल मिलाकर कहें तो मनी मैनेजमेंट का तरीका स्मार्ट हो चुका है। एआइ वन रहा है आपका वित्त सलाहकार एआइ ने मनी मैनेजमेंट को अधिक पर्सनल बना दिया है। इससे फैसले लेने में आसानी हुई है। एआइ टूल्स आपके लक्ष्य, खर्च की आदतों और रिस्क लेने की क्षमता के आधार पर आपको उपयोगी सलाह देते हैं। हालांकि, फाइनेंस के मामले में हमेशा निर्णय स्वविवेक से ही लेना चाहिए। भारत में वित्तीय साक्षरता की स्थिति बहुत चिंताजनक है, यही कारण है कि साइबर ठगी की घटनाएं अक्सर चर्चा में रहती हैं। एआइ चैटबाट से फाइनेंशियल टर्म को आसानी से समझ सकते हैं। स्मार्टफोन की बढ़ती पहुंच और तकनीक की बढ़ती समझ से लोग आमदनी, खर्च, बचत, निवेश को लेकर जागरूक हो रहे हैं।

### सुरक्षा की रहे प्राथमिकता

- डिजिटल माध्यम में सुविधा के साथ सुरक्षा की चुनौती भी होती है। फाइनेंस को मैनेज करने के लिए टेक्नोलाजी का प्रयोग करते हुए सावधान रहना चाहिए।
- तरह-तरह के आनलाइन स्कैम और उससे बचाव केतरीकों को लेकर सजग होने की जरूरत है।
- आनलाइन भुगतान और स्टेटमेंट में कुछ असतुलन दिखता है तो तुरंत बैंक से संपर्क करना चाहिए।
- आधार और पैन कार्ड के प्रयोग को लेकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। पिन, ओटीपी और पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।
- ई-कामर्स और बैंकिंग के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करना चाहिए।

### कुछ लोकप्रिय पर्सनल फाइनेंस टूल्स

पर्सनल फाइनेंस टूल या एप को चुनने से पहले प्रयोग में आसानी, फीचर्स, फ्री ट्रायल और कस्टमर रिव्यूज के बारे में जानना आवश्यक है।

**वाइएनएवी एप:** बजट और खर्च पैटर्न के लिए रियल टाइम इनसाइट्स उपलब्ध कराता है।

**एक्सिओ एप :** आमदनी और खर्च ट्रैकिंग के लिए उपयोगी पर्सनल फाइनेंस मैनेजमेंट एप है। इसमें कई सारी वित्तीय सेवाएं मिलती हैं।

**वालेट :** आल इन वन पर्सनल फाइनेंस मैनेजर है, जो खर्च की ट्रैकिंग, बजट मैनेज करने और फ्यूचर प्लान के लिए उपयोगी है।

**मनी मैनेजर:** फाइनेंशियल प्लानिंग, असेट मैनेजमेंट आदि कार्यों के लिए बेहतर आप्शन हो सकता है।

### सुलभ और समावेशी बनता फाइनेंस

आज के समय में पैसों के त्वरित लेनदेन, बैलेंस इन्क्वायरी, मिनी स्टेटमेंट से लेकर डिजिटल निवेश जैसे -एसआइपी, फंड्स, इंश्योरेंस म्यूचुअल आदि फाइनेंस से जुड़े कार्य लोग आसानी से कर रहे हैं। तकनीक ने इन सभी को डिजिटल इकोसिस्टम में समाहित कर दिया है, जिससे लोग अधिक पारदर्शी व प्रभावी ढंग से और भौगोलिक सीमा की बाधाओं से मुक्त होकर फाइनेंस को मैनेज कर रहे हैं। फिनटेक नवाचार, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और बैंकिंग में लगातार बदलाव से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### तकनीक का प्रयोग

**डिजिटल पेमेंट टूल्स :** यूपीआइ एप्स रियल टाइम में पीयर-टू-पीयर और पीयर-टू- मर्चेंट पेमेंट की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

**मोबाइल बैंकिंग :** एप्स, एसएमएस बैंकिंग के अलावा वायस पेमेंट, चैटबाट जैसी सुविधाएं जुड़ रही हैं।

**वाट्सएप बैंकिंग :** कई सारे बैंक अब वाट्सएप के जरिये बैलेंस जानने, शिकायत दर्ज कराने जैसी सुविधाएं दे रहे हैं।

**बजटिंग एप्स :** पर्सनल बजटिंग एप्स अलग-अलग मद में होने वाले खर्च पर निगरानी रखने, निवेश लक्ष्य तय करने जैसे कार्यों के लिए उपयोगी होते हैं।

## नई स्मार्ट चिप, कम खपत में तेज नतीजे

**वैज्ञानिकों ने एक ऐसी स्मार्ट चिप तैयार की है, जो न केवल ऊर्जा की खपत को बहुत कम करेगी, बल्कि भारी मात्रा में डेटा को पहले से कहीं अधिक तेज गति से प्रोसेस करेगी।**

उच्च प्रदर्शन करने आ वाले कंप्यूटर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसी नई स्मार्ट चिप विकसित की है, जो न केवल ऊर्जा की खपत को बहुत कम करती है, बल्कि भारी मात्रा में डेटा को पहले से कहीं अधिक तेज गति से संसाधित (प्रोसेस) कर सकती है। यह चिप इटली के पॉलिटेक्निको डी मिलानो विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना एवं बायोइंजीनियरिंग विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई है। इस परियोजना का नेतृत्व प्रोफेसर डेनिएले इलमिनी ने किया और शोधकर्ता पियरजूलियो मानोच्ची इसके प्रमुख लेखक हैं।

**एनएनआईएमएटीई परियोजना से शुरुआत :** यह शोध एनालॉग इन- मेमोरी कंप्यूटिंग विद एडवांस्ड डिवाइस टेक्नोलॉजी (एनएनआईएमएटीई) परियोजना के अंतर्गत हुआ, जो प्रो. इलमिनी के क्लोज्ड लूप इन मेमोरी कंप्यूटिंग (सीएल- आईएमसी) विचार पर आधारित है। इसका उद्देश्य डिजिटल कंप्यूटरों की तुलना में 5000 गुना कम ऊर्जा में गणनाएं करना था।

**इन मेमोरी कंप्यूटिंग तकनीक :** पारंपरिक कंप्यूटरों में डेटा को बार- बार मेमोरी से प्रोसेसर तक लाना-ले जाना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों खर्च होते हैं। यह नई चिप इन- मेमोरी कंप्यूटिंग तकनीक अपनाती है।

## राजधानी

## सीएमएमएस पोर्टल पर डेटा एंट्री करना फील्ड ट्रेनर्स को सिखाया



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जनगणना-2027 के पहले चरण के लिए शुक्रवार से ट्रेनिंग शुरू कर दी गई। पहले चरणों में मकानों का सूचीकरण कर गणना की जाएगी। इस चरण में त्रुटियां न हों, जिसके चलते प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग दी गई। टीटी नगर स्थित शासकीय मॉडल स्कूल में फील्ड ट्रेनर्स की द्वितीय पाली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीआरसीसी सुरेंद्र सिंह रघुवंशी और सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश नापित ने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के गुर सिखाए। ट्रेनर्स को विस्तार से बताया गया कि प्रगणकों को परिवारों से कैसे संपर्क करना है, संवेदनशील स्थितियों में क्या शिष्टाचार अपनाना है और सटीक डेटा प्राप्त करने के लिए प्रश्न पूछने की सही विधि क्या होनी चाहिए? इसके अलावा नमूना लेआउट तैयार करने और प्रगणक-उत्तरदाता के बीच की स्थितियों का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। फील्ड विजिट के दौरान वार्ड-22 और 23 में फील्ड ट्रेनर्स की छह विशेष टीमें बनाई गईं। इन टीमों को सीएमएमएस पोर्टल पर डेटा एंट्री करने और आम लोगों की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान नगर निगम के उपायुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी हीरेंद्र सिंह कुशवाह सहित अन्य अधिकारी व फील्ड ट्रेनर्स प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**टीटी नगर मॉडल स्कूल में छह टीमों को दिया गया प्रशिक्षण**

## मानहानि केस के खिलाफ राहुल गांधी ने दायर की याचिका


**जबलपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन व परिवाद को निरस्त कराने की मांग की गई है। याचिका पर जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की बेंच एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगी। राहुल गांधी ने याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि केस को चुनौती दी है। कार्तिकेय सिंह ने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर कर कहा है कि 2018 में राहुल कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए मुकदमा दायर किया है।

**मप्र हाईकोर्ट में अगले सप्ताह होगी सुनवाई**

# अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन के साथ विकसित करना होगा नादरा बस स्टैंड, तभी मिलेगी बेहतर सुविधा

**बस स्टैंड से पैदल चलकर मेट्रो स्टेशन तक पहुंच सकेंगे यात्री, सड़क से नीचे उतरते ही कोनकॉर्स में पहुंच जाएंगे यात्री**

**.जागरण संवाददाता, भोपाल।** अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन व टनल का काम भले ही मैनिट द्वारा पुरानी इमारतों की जांच के बाद शुरू किया जाना हो, लेकिन पुराने भोपाल में बन रहे दो अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन के कारण आने वाले समय में पुराने भोपाल की तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी, लेकिन इन दो मेट्रो स्टेशनों के साथ पुराने भोपाल में लंबे समय से रुके हुए विकास कार्यों को भी कराना होगा। मुख्य रूप से शहर के सबसे पुराने बस स्टैंड नादरा बस स्टैंड को भी नया स्वरूप देना होगा, क्योंकि नादरा बस स्टैंड से कुछ दूरी पर ही लोगों को नादरा मेट्रो स्टेशन की सुविधा मिलने जा रही है और यहां तक जाने के लिए लोगों को कुछ दूरी तक पैदल चलना होगा और सड़क से नीचे उतरते ही लोग सीधे कोनकॉर्स लेवल पर पहुंच जाएंगे। जहां से वे सीधे ही मेट्रो ऑरेंज लाइन को पकड़कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। बता दें कि मेट्रो को सबसे ज्यादा यात्री इन दो अंडर ग्राउंड स्टेशन से ही मिलेंगे, क्योंकि सिटी बसों को भी सबसे ज्यादा यात्री नादरा बस स्टैंड और भोपाल रेलवे स्टेशन से ही मिलते हैं। मेट्रो द्वारा इन दोनों स्टेशनों का काम शुरू करने के लिए टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के दोनों भाग जमीन के 24 मीटर नीचे उतारे जा चुके हैं और मेट्रो ने डिजाइन के अनुसार काम करना भी शुरू कर दिया है।



**भारी भीड़ के बीच भी नहीं होगी घुटन :** अंडर ग्राउंड होने के बाद भी दोनों मेट्रो स्टेशन पर भीड़-भाड़ होने के बाद भी लोगों को घुटन नहीं होगी, क्योंकि यहां वेंटिलेशन के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं। जहां नादरा मेट्रो स्टेशन पर थोड़ा चलने के बाद ही लोग स्ट्रीट लेवल पर पहुंच कोनकॉर्स लेवल की ओर बढ़ जाएंगे। वहीं भोपाल रेलवे मेट्रो स्टेशन पर मेजोनाइन लेवल भी जोड़ा गया है, जो यात्रियों को सीधे रेलवे स्टेशन से मेट्रो स्टेशन से कनेक्ट करेगा। यहां से यात्री सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंचकर नए और पुराने भोपाल की ओर जा सकेंगे। आगे पुल बोगदा पर ब्लू लाइन को इंटर एक्सचेंज कर न्यू मार्केट, भदभदा तक पहुंचा जा सकेगा। दूसरी ओर यह लाइन पंजाबी बाग, बिजली कालोनी, जेके रोड और भेल क्षेत्र को कनेक्ट करेगी।

> भोपाल में अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन का काम शुरू किया गया है। दोनों ही स्टेशन पर बाहर से आने वाले यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी। नादरा मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों को कम चलना पड़ेगा, जबकि भोपाल रेलवे स्टेशन से यात्री सीधे मेट्रो स्टेशन पर पहुंच सकेंगे।
>
> ■ **एस. कृष्ण चैतन्य**, एमडी, एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

### दोनों अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन का तीन लेवल पर होगा निर्माण

भोपाल रेलवे मेट्रो स्टेशन और नादरा मेट्रो स्टेशन दोनों का ही निर्माण तीन लेवल पर होगा और दोनों के बीच 3.9 किमी लंबी ट्विन टनल का निर्माण किया जाएगा। इसी टनल में भोपाल रेलवे मेट्रो स्टेशन और नादरा मेट्रो स्टेशन का निर्माण होना है। खास बात यह है किनादरा बस स्टैंड से मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने में यात्री को कम चलना पड़ेगा। जिसके बाद यात्री मेट्रो स्टेशन पहुंच सकेंगे। हालांकि मेट्रो को पकड़ने के लिए तीन लेवल से होकर गुजरना पड़ेगा।

**स्ट्रीट लेवल :** यह स्टेशन का सबसे ऊपरी हिस्सा है जो शहर मुख्य सड़क से जुड़ा रहेगा। यहां से यात्री आधुनिक गेट, लिफ्ट और एस्केलेटर कोनकॉर्स लेवल पर पहुंच सकेंगे।

**कोनकॉर्स लेवल :** कोनकॉर्स लेवल पर यात्री जांच के बाद टिकट काउंटर तक पहुंच सकेंगे। यहां अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। अंडर ग्राउंड होने के बाद भी यहां यदि भीड़ बढ़ती है, तो भी लोगों को किसी तरह की समस्या नहीं होगी।

**प्लेटफार्म लेवल :** यह कोनकॉर्स लेवल के ठीक नीचे प्लेटफार्म लेवल पर मेट्रो रुकेगी। यहां दो समानांतर टनल मौजूद होंगी। जिसमें से एक नादरा स्टेशन से करोंद की ओर और दूसरी नादरा स्टेशन से भोपाल रेलवे स्टेशन की ओर जाएगी।

### आरएनटीयू में 'अफ्रो फेस्ट' का रंगारंग आयोजन

## अफ्रीकी संस्कृति, संगीत और फैशन का अनूठा संगम

**जागरण, भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में एनुअल फेस्ट 'रिदम 2026' के तहत 'अफ्रो फेस्ट' का आयोजन लगातार तीसरे वर्ष उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अफ्रीकी छात्रों के साथ शहर के अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया, जिससे यह आयोजन अंतरमहाविद्यालयीन स्वरूप में नजर आया। फेस्ट के दौरान ऊर्जावान नृत्य, मधुर संगीत और आकर्षक फैशन शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। पारंपरिक अफ्रीकी शैली के साथ आधुनिक अभिव्यक्तियों का प्रभावी समन्वय देखने को मिला। इस बार लाइव बैंड और नाट्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और खास बना दिया। आयोजन विश्वविद्यालय नेतृत्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समन्वयन अंतरराष्ट्रीय मामलों की अधिष्ठाता डॉ. रितु कुमारन ने किया। पूरे परिसर में उत्साह और रचनात्मकता का माहौल रहा। 'अफ्रो फेस्ट' ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और एकता के सशक्त मंच के रूप में अपनी पहचान दोहराई।




### नवसंवत्सर पर 21 महिलाओं का सम्मान

## 'शक्ति सम्मान' के साथ 'कुटुंब प्रबोधन' पर सार्थक विमर्श आयोजित



**जागरण, भोपाल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, भोपाल इकाई के तत्वावधान में नवसंवत्सर (विक्रम संवत 2083) के अवसर पर शुक्रवार को 'शक्ति सम्मान' एवं 'कुटुंब प्रबोधन' विषयक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. बिनय षडंगी राजाराम ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुटुंब की अवधारणा अत्यंत व्यापक है, जो परिवार से समाज और राष्ट्र तक विस्तार पाती है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को भारतीय जीवन दर्शन का आधार बताया। विशिष्ट अतिथि शीला दाहिमा ने परिवारों में बढ़ती संवादहीनता पर चिंता जताते हुए कहा कि नई पीढ़ी के साथ निरंतर संवाद बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि 'शक्ति सम्मान' नारी की उपलब्धियों के साथ उसकी केंद्रीय भूमिका को भी रेखांकित करता है।बीज वक्तव्य में सुनीता यादव ने बताया कि परिषद् नवसंवत्सर पर हर वर्ष मातृशक्ति को सम्मानित करने की परंपरा निभाती है, जो समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संदेश देती है।

## पुरातत्व क्षेत्र में स्टार्टअप्स और इनक्यूबेशन सेंटर की आवश्यकता



**वाकणकर स्मृति दिवस पर विरासत संरक्षण और नई तकनीक पर जोर**

**जागरण, भोपाल।** डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर की पुण्यतिथि पर डॉ. वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय मदन कुमार ने प्रदेश की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण में नई तकनीक और स्टार्टअप्स की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुरासंपदा को सुरक्षित रखने के लिए इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करना समय की मांग है। कार्यक्रम में डॉ. नारायण व्यास और कैलाश चंद्र पाण्डे ने वाकणकर के पुरातत्व क्षेत्र में योगदान को रेखांकित करते हुए उनके साथ जुड़े अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने भीमबैठका शैलचित्रों की खोज और मालवा क्षेत्र में किए गए सर्वेक्षण कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर डॉ. नारायण व्यास और कैलाश चंद्र पाण्डे को सम्मानित किया गया। साथ ही 'द मोनूमेंट मैन' फिल्म के ट्रेलर और 'कला समय' पत्रिका के विशेषांक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में पुरातत्व विभाग के अधिकारी, शोधकर्ता, प्राध्यापक और छात्र उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुशील अग्रवाल मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रांतीय महामंत्री बने

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा में महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष



कैलाश मित्तल द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी एवं सुप्रसिद्ध व्यवसायी सुशील अग्रवाल को महासभा का प्रांतीय महामंत्री नियुक्त किया गया है। सुशील अग्रवाल समाज सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं और अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेशभर में एक सम्मानित पहचान रखते हैं। उनकी नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान और संगठन को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस अवसर पर सभी मित्रों, शुभचिंतकों और समाजजनों ने अग्रवाल को इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### बावड़िया कला सहित अन्य इलाकों में आज होगी बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शनिवार को शहर के मालवीय नगर, वल्लभ भवन व बावड़िया कला सहित कई अन्य इलाकों में बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज एमएलए रेस्ट हाउस, मालवीय नगर, आईडीबीआई बैंक, एमएलए क्वार्टर, बिरला मंदिर, वल्लभ नगर, भीम नगर व आसपास के इलाकों में पोल बदलने के काम के चलते बिजली सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी। इसके साथ ही पुलिस कालोनी, सीआई कालोनी, वसुंधरा कालोनी, बैंक कालोनी, जिंसी, अहीरपुरा, कुम्हारपुरा, रंभा टाकीज, चर्च रोड, नीम वाली रोड, जोगीपुरा, कल्याण दाल मिल, गल्ला मंडी, अमरनाथ काम्पलेक्स व आसपास के इलाके में पोल शिफ्टिंग कार्य के चलते दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। भैंसाखेड़ी, आकाश गार्डन, माधव आश्रम, विसर्जन घाट, मंडी बैरागढ़ व आसपास लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। होशंगाबाद रोड, प्रधान मंडपम, सागर रॉयल विला, सुरेंद्र लैंडमार्क, वृंदावन गार्डन, मिसरोद, बावड़िया कला, इन्सिगनिया होटल, गणेश नगर, ओपल डेवलपर्स व आसपास सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।


### अग्रवाल वैश्य समाज में जीवन साथी चुनने का सुनहरा अवसर आज

**जागरण, भोपाल।** अग्रसेन सभा एंव इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन द्वारा 15वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 एवं 5 अप्रैल को मीरा गार्डन एबी रोड इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इसमें उच्च शिक्षित एवं उच्च आय वर्ग के डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, एमबीए, आर्किटेक्ट तथा देश-विदेश में कार्यरत युवक-युवती शमिल होंगे। सम्मेलन में अभिभावक अपने बच्चों के साथ उनके जीवन-साथी के चयन हेतु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं एंव सम्मेलन का उद्देशय समाज को संगठित कर आपस में संबंध बनाना एंव अग्रवाल समाज को खुशहाल बनाना है । मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूनम गर्ग जी एंव सम्मेलन के प्रमुख संरक्षक गोविन्द गोयल, संरक्षक विष्णु बिंदल, जगदीश गोयल 'बाबा श्री' के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हो रहा है। सभा के समन्वयक केपी अग्रवाल, शहर अध्यक्ष पदम जैन, विष्णु अग्रवाल, हरिश्चन्द्र सिंहल, अजय अग्रवाल एवं नरेश अग्रवाल के पास अब तक 750 से अधिक उच्च शिक्षित एवं उच्च आय वर्ग के डॉक्टर, इंजीनियर, सी.ए., एम.बी.ए. एवं आर्किटेक्ट युवक-युवतियों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं, जो निरंतर बढ़ रही हैं।

# राजधानी में ९० दिन में चाकूबाजी की 63 वारदातें

## मामूली बात से लेकर पुरानी रंजिश तक कई जगह चले चाकू-छुरी, मार्च में बढ़ी घटनाएं, पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज की एफआईआर

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में 90 दिन में चाकूबाजी की 63 वारदातें सामने आई हैं। हत्या से लेकर हत्या की कोशिश की गई। मामूली बात से लेकर पुरानी रंजिश पर हर जगह चाकू-छुरी चली। देखने में आया है कि अधिकांश घटनाओं को अचानक अंजाम दिया गया। बदमाश हथियार लेकर घूम रहे थे। मार्च महीने में चाकूबाजी की घटनाएं ज्यादा बढ़ी हैं। हालांकि पुलिस ने ऐसे अपराधियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किए हैं, लेकिन फिर भी गुंडे-बदमाश बेखौफ हैं। पुलिस का उनमें जरा भी डर नहीं बचा है और न ही वे जेल जाने से डर रहे हैं। चाकूबाजी की घटनाओं में बढ़ोतरी ने चिंता बढ़ा दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अफसर का कहना है कि इन घटनाओं में आदतन अपराधियों के साथ-साथ पहली बार अपराध करने वाले भी शामिल हैं।




### नए व नाबालिग बदमाश आए सामने

देखने में यह भी आया है कि कई मामलों में पहली बार अपराध करने वाले युवक और नाबालिग भी सामने आए हैं। नाबालिग चाकूबाजी कर रहे हैं, जोकि आने वाले समय और समाज के लिए घातक व चिंता का विषय है। पिछले दिनों पुलिस कमिश्नरेट में निर्देश जारी हुए थे कि मोहल्ले जाकर बीट प्रभारी नए बच्चों की काउंसलिंग करें, उन्हें अपराध में न जाने दें, इसके लिए प्रेरित करें। अपराधी का हश्र बताएं और उनके माता-पिता को बच्चों पर ध्यान देने के लिए बोले, लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह है कि नए अपराधी और नाबालिग भी घटनाओं में शामिल हो रहे हैं। अपराध में उनका नाम सामने आ रहा है। चाय की दुकान, पूल क्लब, होटल में छोटे-छोटे विवाद बड़े झगड़ों में तब्दील हो रहे हैं।

### अधिकांश मामलों में आदतन अपराधी पुलिस की निगरानी पर सवाल खड़े

कुछ दिन पहले कोतवाली इलाके में दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते मोहम्मद अल्ताफ निवासी जवाहर कालोनी पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने अल्ताफ के सिर, पीठ और पैरों में चाकू मारे। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा लगाई। बाद में आरोपियों ने अल्ताफ पर केस वापस लेने का दबाव भी बनाया। इस घटना को दिनदहाड़े नूरमहल रोड पर अंजाम दिया गया। अधिकांश मामलों में आरोपी आदतन अपराधी और निगरानीशुदा पाए गए। पुलिस के पास इनका रिकार्ड था। लेकिन उन पर नजर नहीं रखी गई। जिससे उन्होंने अपराध किया। इससे पुलिस की निगरानी पर सवाल खड़े हुए।

### वजूद, रसूख दिखाने तथा डराने के लिए वारदात

प्रगति नगर में मामूली बात पर बदमाश आसिफ बम और उसके साथियों ने होटल संचालक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इसके पहले मोबाइल चोरी के शक में युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। रास्ते से निकलने, मुखबिरी के शक, कट मारने जैसी बात को लेकर भी चाकूबाजी की गई। चुनरी यात्रा में चाकू मारी गई। उनके अंदर जरा भी खौफ नहीं था यानी वह अपना वजूद और रसूख और डर दिखाने के लिए चाकू लेकर वारदात को अंजाम देने ही घूम रहे थे। होली के दौरान एक ही दिन में 4 हिंसक घटनाएं सामने आईं, जिनमें 1 हत्या के प्रयास और 3 गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के मामले शामिल थे। इसके अलावा शहर के अलग-अलग थानों में रोजाना 1-2 ऐसे मामले दर्ज हो रहे हैं, जिनमें चाकू-छुरी चलाई गई। ऐसा नहीं है कि पुलिस इन घटनाओं से प्रति गंभीर नहीं है, लेकिन घटना के बाद जागती है। गंभीर जैसे धारा हत्या का प्रयास, आपराधिक मानव वध का प्रयास लगाई हैं, ताकि सख्त कार्रवाई हो सके।

### चाकूबाजी की हाल की घटनाएं

- 29 मार्च को अशोका गार्डन में विजय मेवाड़ा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।
- 28 मार्च को दो चाकूबाजी की घटनाएं सामने आई, जिसमें हत्या के प्रयास की धारा लगाई गई।
- 26 मार्च को दो जगह चाकूबाजी हुई, छोटी सी बात को लेकर चाकू मारे गए।
- 24 मार्च की तीन थाना इलाकों में चाकू चली। हाथ, पेट व पीठ पर वार किए गए।
- 4 मार्च निशातपुरा में रोडरेज के दौरान 21 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।
- 4 मार्च गोविंदपुरा में बाइक सवार बदमाशों ने एक अन्य बाइक चालक को टक्कर मारने के बाद दो पुलिसकर्मियों को चाकू दिखाकर धमकाया।
- 4 मार्च (होली) शहर में 4 चाकूबाजी के मामले दर्ज हुए, जिनमें 1 हत्या का प्रयास और 3 गैर-इरादतन हत्या के प्रयास शामिल थे।

"चाकूबाजी की घटनाओं को लेकर सख्ती की जा रही है। ऐसे मामलों में गंभीर धाराओं में एफआईआर की जा रही है, ताकि कड़ी कार्रवाई हो। आदतन अपराधी पर निगाह रखने को बोला गया है। ऐसे लोगों के खिलाफ सक्रिय होकर कार्रवाई के लिए कहा है। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**संजय कुमार**, पुलिस कमिश्नर भोपाल

## करोंद गल्ला मंडी के सूखे कचरे में लगी भीषण आग, दो घंटे में बुझाई



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** करोंद स्थित गल्ला मंडी में शुक्रवार दोपहर 12.45 पर परिसर के अंदर मौजूद कचरे के ढेर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने थोड़ी देर में विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें मंडी के अंदर की ओर फैलने लगीं, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और व्यापारी व कर्मचारी आग से अपना सामान बचाने के इंतजाम करते नजर आए। वहीं भीषण आग के कारण काला धुआं परिसर में फैलने लगा, जिससे लोगों को परेशानी भी हुई। हालांकि मंडी के व्यापारियों की सूचना पर गांधी नगर, छोला, बैरागढ़ और कबाड़खाना फायर स्टेशनों से दमकल वाहनों को मौके पर पहुंचाया गया। जिसके बाद करीब दो घंटे जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर आफिसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि आग सूखे कचरे में लगी थी, जो अंदर फैल गई लेकिन फायर कर्मियों ने कार्रवाई करते हुए तेजी से आग पर काबू पा लिया।

## एमपी नगर में सुपर मार्केट में चोरी आईसीएच व फैशन फेयर में भी प्रयास

### सामान और नकदी बटोरकर ले गया चोर, सीसीटीवी में कैद

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** एमपी नगर जोन-टू स्थित एक सुपर मार्केट में चोरी की घटना सामने आई है। यहां चोरी करने के बाद चोर सांची कांपलेक्स पहुंचा। जहां उनसे इंडियन काफी हाउस (आईसीएच) और उसके बाजू में स्थित फैशन फेयर दुकान का भी ताला चटकाया। आरोपी सामान समेत नकदी बटोरकर ले गया। सीसीटीवी फुटेज में एक अकेला आरोपी कैद हुआ है। हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है। एमपी नगर थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा का दावा है कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा। हालांकि इस घटना से पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एमपी नगर पुलिस के मुताबिक, ज्योति टाकीज के सामने एमपी नगर जोन टू में मेघदूत ट्रेडर्स के नाम से सुपर मार्केट संचालित है। इसके संचालक गिरीश गुधलानी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात साढ़े चार बजे से पांच बजे के बीच अंजाम दिया गया। चोर यहां से सामान बटोर ले गए। इसके बाद वह इंडियन काफी हाउस पहुंचा। यहां का ताला तोड़कर गल्ले से 60 हजार चोरी कर ले गया। इसके बाद उसने बगल में मौजूद फैशन फेयर दुकान को भी निशाना बनाया। सीसीटीवी में आरोपी कैद हुआ, फुटेज के आधार पर पुलिस उसकी पहचान में जुटी है।

### बाइक सवार बुजुर्ग को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पिपलानी इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, 60 वर्षीय रामगोपाल धाकड़ अयोध्या एक्सटेंशन में रहते थे। वह रत्नागिरी स्थित बीमा अस्पताल में सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार रात ड्यूटी खत्म करने के बाद बुजुर्ग बाइक से घर जा रहे थे। वह अभी पिपलानी इलाके में पहुंचे थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को पास स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया।

### टेलीग्राम और इंस्टा पर बिक रहे थे हथियार

## यूपी-पंजाब और हरियाणा के तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

### तीन सप्ताह में 52 पिस्टल-देशी कट्टे किए जब्त

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस ने पिछले तीन सप्ताह के दौरान राज्य के अलग-अलग जिलों में कुल 52 अवैध हथियार जब्त किए हैं और कई इंटरस्टेट गैंग का भंडाफोड़ कर 16 से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार किया है। सबसे बड़ी कार्रवाई इंदौर पुलिस ने की है। यहां के द्वारकापुरी क्षेत्र में टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर हथियार बेचने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 6 पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस मिले हैं। इसी तरह इंदौर ग्रामीण की मानपुर थाना पुलिस ने 4 तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से 10 पिस्टल बरामद कीं। पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार, अवैध हथियारों को लेकर सोशल मीडिया पर साइबर सेल के जरिए पैनी नजर रखी जा रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर अब उनके नेटवर्क को भी खंगाला जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश और हरियाणा जा रहे थे खरगोन से हथियार

खरगोन जिले की गोगावां पुलिस ने आधा दर्जन तस्करों को हिरासत में लिया है। इनमें यूपी और



हरियाणा के हथियार सप्लायर भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 18 देशी पिस्टल और 5 देशी कट्टे जब्त किए हैं। इसके अलावा बड़वानी जिले की निवाली पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 7 देशी पिस्टल बरामद की हैं, जबकि बुरहानपुर की खकनार पुलिस ने पंजाब से आए 2 इंटरस्टेट तस्करों को घेराबंदी कर उनके पास से 2 पिस्टल जब्त की हैं। इसके अलावा जबलपुर में क्राइम ब्रांच और पाटन पुलिस ने मिलकर अवैध हथियारों के कारोबार में लिप्त 2 आरोपियों को हिरासत में लेकर 4 देशी पिस्टल, 8 कारतूस और एक कार जब्त की है। आरोपियों के पास से 3 मोबाइल फोन भी मिले हैं, जिनसे उनके नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

### श्री शिव महापुराण में बताया परिवार का महत्व

**जागरण, भोपाल।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित श्रीशिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ कथा के तीसरे दिन कथावाचिका राजयोगिनी बीके नीलम दीदी ने जीवन में शिव परिवार की महिमा को बताते हुए कहा कि भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में शिव परिवार जीवन जीने की गहरी आध्यात्मिक शिक्षा देता है। शंकरजी, पार्वती, गणेश और कार्तिकेय परिवार मानव जीवन के चार महत्वपूर्ण आयामों को दर्शाते हैं और हमें संतुलित, पवित्र व उद्देश्यपूर्ण जीवन का मार्ग सिखाते हैं। शंकरजी का ध्यानस्थ स्वरूप यह संदेश देता है कि संसार में रहते हुए भी मन को स्थिर और पवित्र रखा जा सकता है। माता पार्वती शक्ति का प्रतीक हैं। वे दर्शाती हैं कि तपस्या, समर्पण और सकारात्मक संकल्प से आत्मा शक्तिशाली बनती है। शिव और शक्ति का मिलन यह सिखाता है कि जीवन में जान और शक्ति, शांति और कर्म दोनों का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गणेश जी बुद्धि, विवेक और बाधाओं को दूर करने के प्रतीक हैं। उनका मस्तक संदेश देता है कि अहंकार का त्याग कर विवेक को अपनाना ही सफलता की कुंजी है। शंकरजी का नंदी अहंकार पर नियंत्रण और सेवा भाव का प्रतीक है। सर्प इच्छाओं पर विजय का संकेत देता है। चंद्रमा मन की शीतलता और संतुलन का द्रद्योतक है। त्रिशूल त्रिकाल और त्रिगुणों पर नियंत्रण का प्रतीक है। शिव परिवार हमें सिखाता है कि पारिवारिक जीवन में रहते हुए भी आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। जब जीवन में शांति, शक्ति, बुद्धि और साहस का संतुलन होता है, तभी सच्चा सुख और कल्याण संभव है।

## फंदा की ग्राम पंचायतों ने राजस्व संग्रहण में पेश की मिसाल... जुटाए 3.19 करोड़ रुपए

### टैक्स सखियों ने घर-घर जाकर पंचायत के विकास में योगदान के लिए किया प्रेरित

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भोपाल जिले की जनपद पंचायत फंदा ने एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। स्वयं के राजस्व को सुदृढ़ करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए फंदा जनपद की ग्राम पंचायतों ने प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ बनने की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। इस वित्तीय वर्ष में पंचायतों ने रिकॉर्ड कर संग्रहण कर यह साबित कर दिया है कि बेहतर प्रबंधन से स्थानीय स्तर पर भी वित्तीय स्वावलंबन हासिल किया जा सकता है। जनपद पंचायत फंदा के अंतर्गत आने वाली 96 ग्राम पंचायतों ने कर संग्रहण को एक अभियान का रूप दे दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी 2026 तक इन पंचायतों ने मिलकर 3,19,99,160 का कर संग्रहण किया है। अधिकारियों के मुताबिक, स्वयं के राजस्व को मजबूत करने की दिशा में यह उपलब्धि प्रदेश भर में एक मिसाल बन रही है। जनपद पंचायत ने अब इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 4 करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाने का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है.



**विकास कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार:** ग्राम पंचायतों द्वारा संग्रहित की गई इस भारी-भरकम राशि का सीधा लाभ ग्रामीणों को ही मिलेगा। इस फंड का उपयोग पंचायतों के मूलभूत ढांचे को मजबूत करने, नए निर्माण कार्यों और संपत्तियों के संचालन एवं अनुरक्षण पर किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी आ रही है और सरकारी ग्रांट पर निर्भरता कम हो रही है।

### कुशल नेतृत्व का परिणाम

- सघन मॉनिटरिंग: जिला पंचायत भोपाल की मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी और जनपद पंचायत फंदा की सीईओ शिवानी मिश्रा के नेतृत्व में नियमित बैठकें आयोजित की गईं।
- व्यवस्थित कार्ययोजना: पंचायत सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिए गए और कर वसूली की विशेष मॉनिटरिंग की गई।
- करदाताओं का चिन्हांकन: पंचायत क्षेत्र में रहने वाले परिवारों, संस्थाओं और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर उनसे नियमित कर अदायगी सुनिश्चित कराई गई।

### जमीनी अमले ने किया सफल

- **सरपंच एवं सचिव:** जिन्होंने ग्रामीण स्तर पर नेतृत्व प्रदान किया और लोगों को कर देने के फायदों के प्रति जागरूक किया।
- **टैक्स सखी:** जिन्होंने घर-घर जाकर महिलाओं और परिवारों को पंचायत के विकास में योगदान के लिए प्रेरित किया।
- **ग्राम रोजगार सहायक :** जिन्होंने कर वसूली और डाटा प्रबंधन में महत्वपूर्ण तकनीकी और मैदानी सहयोग दिया।



### 'डेढ़ इंच ऊपर' और 'धूप का एक टुकड़ा' ने छुआ दर्शकों का मन

## मंच पर सजीव हुआ अकेलेपन और रिश्तों का द्वंद्व

**जागरण, भोपाल।** 'युवा अनुनाद-2026' के तहत रंग माध्यम नाट्य संस्था ने साहित्यकार निर्मल वर्मा की चर्चित कहानियों 'डेढ़ इंच ऊपर' और 'धूप का एक टुकड़ा' का प्रभावशाली मंचन किया। सीमित संसाधनों, प्रकाश और संगीत के सूक्ष्म प्रयोग के साथ दोनों प्रस्तुतियों ने मानवीय रिश्तों की जटिलता, स्मृतियों के बोझ और गहरे अकेलेपन को संवेदनशील ढंग से अभिव्यक्त किया।



### धूप का एक टुकड़ा

अधीशा नायर के निर्देशन में प्रस्तुत यह नाटक एक स्त्री के एकाकी जीवन की मार्मिक कथा है। एकालाप शैली में बुनी गई इस प्रस्तुति में एक ऐसी महिला का अंतर्द्वंद्व सामने आता है, जो स्वतंत्र जीवन जीने की चाह रखती है, लेकिन अतीत की स्मृतियों और रिश्तों की परछाइयों से मुक्त नहीं हो पाती। पार्क और चर्च के प्रतीकात्मक परिवेश में वह अपने बीते रिश्तों, प्रेम और अलगाव को याद करती है। सीमित मंच-सज्जा और प्रकाश के प्रभावी उपयोग के साथ एकल अभिनय ने उसके अकेलेपन को गहराई से उभारा।

### डेढ़ इंच ऊपर

मैनुल अली सिद्दीकी के निर्देशन में यह नाटक एक बूढ़े व्यक्ति की मानसिक पीड़ा को सामने लाता है। बीयर बार में बैठा नायक अपनी पत्नी के विश्वासघात और उसकी मृत्यु की यादों से जूझता रहता है। कहानी में सुनने वाले पात्र की उपस्थिति धीरे-धीरे समाप्त हो जाती है और नायक अपने ही सवालों में उलझ जाता है। आत्मसंवाद के माध्यम से वह अपने अतीत को टटोलता है और अकेलेपन में डूबता चला जाता है। यह प्रस्तुति रिश्तों में विश्वास और टूटन के द्वंद्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाती है।

### विहान ड्रामा वर्क्स की अनोखी प्रस्तुति, पाठ और अभिनय का सशक्त संगम

## 'पोएटिक्स-13' में निर्मल वर्मा की 'दूसरी दुनिया' का जीवंत कथा-पाठ

**जागरण, भोपाल।** हिंदी साहित्य में निर्मल वर्मा की कहानी 'दूसरी दुनिया' अपने भीतर की निस्तब्धता, अकेलेपन और मानवीय संवेदनाओं की सूक्ष्म परतों को उकेरने के लिए विशेष रूप से जानी जाती है। यह कहानी बाहरी घटनाओं से अधिक, भीतर घट रही दुनिया, स्मृतियों, संबंधों और अस्तित्व के उन अनकहे हिस्सों को सामने लाती है, जिन्हें शब्दों में पकड़ पाना आसान नहीं होता। इसी गहन साहित्यिक संवेदना को केंद्र में रखते हुए विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा 'पोएटिक्स-13' के अंतर्गत 'दूसरी दुनिया' का एक विशिष्ट और प्रयोगधर्मी कथा-पाठ प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति में अभिनेता हेमंत देवलेकर ने पाठ और अभिनय के बीच की सीमाओं को सहजता से मिटाते हुए एक जीवंत नाट्य-अनुभव रचा। मंच को कहानी के भीतर घटित विभिन्न स्थानों जैसे एक लाइब्रेरीनुमा कोना, एक पेड़, एक बेंच आदि में विभाजित किया गया था। सूत्रधार की तरह कहानी को आगे बढ़ाते



हुए उन्होंने लगातार श्रोताओं से संवाद स्थापित किया और कहानी के पात्रों की काल्पनिक छवियों को मंच पर साकार कर दिया। निर्देशक सौरभ अनंत के अनुसार, 'युवाओं को निर्मल वर्मा के साहित्य से जोड़ना, और उनकी जयंती पर उनके शब्दों को जी पाने का अवसर देना, अपने आप में एक गहरी और संतोषजनक अनुभूति है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बनता रुपया

*ईरान पर अमेरिका-ईजरायल द्वारा हमले के बाद शुरु हुए पश्चिमी एशिया युद्ध के फलस्वरूप उत्पन्न ऊर्जा संकट के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये का अब तक सबसे निचले स्तर पर पहुंचना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। निश्चित रूप से मजबूत मुद्रा भंडार होने के बावजूद रुपये पर दबाव होना, देश के सामने कई तरह मुश्किलें पैदा कर सकता है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशक डॉलर को मजबूत निवेश के विकल्प के रूप में देखते हैं। इसीलिए वे उभरती अर्थव्यवस्थाओं से पूंजी निकालकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में निवेश कर रहे हैं। जिससे डॉलर मजबूत हो रहा है और रूपये जैसी दूसरी मुद्राएं कमजोर हो रही हैं। इसकी एक वजह अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती भी है। जिसका नकारात्मक प्रभाव भारत जैसे विकासशील देशों की मुद्राओं पर पड़ता है। यही वजह है कि एशिया में बेहद कमजोर स्थिति वाली मुद्राओं में रुपया भी शामिल है। ऐसी स्थिति में हमारे निर्यात सस्ते और आयात महंगे होने से अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।*

*दरअसल, एक हकीकत यह भी है कि ईरान व अमेरिका के बीच जारी युद्ध से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने के फलस्वरूप पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बढ़ने से भी रुपये पर दबाव बढ़ा है। इसकी एक विसंगति यह भी है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। जिसका प्रतिशत 85 फीसदी के करीब है। फलतः तेल कंपनियां अधिक डॉलर की मांग कर रही हैं,जिसका असर रूपये की सेहत पर भी पड़ रहा है। लेकिन पिछले एक साल में रुपये के मूल्य में दस फीसदी गिरावट और डॉलर के मुकाबले उसका सर्वकालिक निम्न स्तर तक पहुचना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना ही चाहिए।*

*आशंका जतायी जा रही है कि यदि ईरान व अमेरिका का युद्ध और लंबा खिंचता है तो रूपये के मूल्य में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, अपनी तरफ से देश के केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक व रणनीतिक उपायों से रुपये की गिरावट को थमाने के प्रयास किए हैं, लेकिन उसका सीमित प्रभाव ही रहा है।भले ही भारत के पास सात सौ अरब डॉलर से ज्यादा का विदेशी मुद्रा भंडार हो, लेकिन उसका भी सीमित उपयोग ही रुपये के संरक्षण में हो सकता है। हालांकि, भारत के पास इतना विदेशी मुद्रा का भंडार है कि दस महीने के आयात को सहजता से संचालित किया जा सकता है।*

*वास्तव में वैश्विक परिदृश्य में जारी उथल-पुथल से बाधित आर्थिकी और असुरक्षा के चलते डॉलर की बढ़ती मांग ने रूपये को कमजोर बनाया है। इसके बावजूद केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से ही रुपये का गिरना संभल सकता है। केंद्रीय बैंक तेल कंपनियों के डॉलर के अतिरिक्त दबाव को कम करने को कदम उठा सकता है। एसबीआई की एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि तेल कंपनियों के लिये अलग डॉलर विंडो बनाये जाने से रुपये पर अचानक पड़ने वाला दबाव कम हो सकता है। रिपोर्ट में एक सुझाव है कि इन कंपनियों के लिए अलग डॉलर विंडो बनाई जाए। अगर ऐसा होता है, तो बाजार में डॉलर की असली मांग और सप्लाई साफ दिखेगी। इससे रुपये पर अचानक पड़ने वाला दबाव कम भी हो सकता है।*

*आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि रुपये को 'शॉक एब्जॉर्बर' बनाकर हर दबाव को झेलने के लिये छोड़ देने की नीति पर पुनर्विचार की जरूरत है। जानकार मानते हैं कि इस दिशा में केंद्रीय बैंक को आक्रमक रणनीति अपनानी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग रुपये को संबल देने में करना चाहिए। इसके जरिये टाले जा सकने वाली गिरावट रोकी जा सकती है। इसके लिये अर्थव्यवस्था में नकदी संतुलन भी जरूरी है। बाजार की स्थिरता के लिये ब्याज दरों का संतुलन भी लाभप्रद हो सकता है। जिससे रुपये के कमजोर होने का दबाव अर्थव्यवस्था पर न पड़े।*

प्रसंगवश

## व्याख्या में विरोधाभास एक कानूनी रिक्तता

*आधुनिकता के संक्रमणकालीन दौर में वयस्कों के रिश्तों को लेकर समय-समय पर देश की विभिन्न अदालतों के फैसले सामने आते रहे हैं। उनमें विरोधाभास भी नजर आते हैं। इसी तरह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो हालिया फैसलों ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था के बीच पैदा हुई नाजुक खाई को ही उजागर किया है। जहां एक मामले में, न्यायालय का कहना था कि वयस्कों के बीच लिव इन रिलेशनशिप, भले ही एक साथी विवाहित हो, अब अपराध की श्रेणी में नहीं आता। अब भले ही विवाह संस्था के पारंपरिक स्वरूप को मानने वाले इस बात को स्वीकार न करें, लेकिन इससे जुड़े हुए तमाम यक्ष प्रश्न जरूर हमारे सामने हैं। वहीं एक अन्य घटनाक्रम में न्यायालय ने एक ऐसे ही दंपति को संरक्षण देने से इनकार कर दिया। अदालत का कहना था कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर पति या पत्नी के कानूनी अधिकारों को कमजोर करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। यह स्पष्ट विरोधाभास वास्तव में एक गहरी कानूनी रिक्तता को ही प्रतिबिंबित करता है।*

*दरअसल, भारतीय कानून ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में, परंपरागत भारतीय समाज में लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने की दिशा में सावधानीपूर्वक ही कदम बढ़ाया है। इसके बावजूद भी, यह विवाह को एक कानूनी रूप से स्वीकृत संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है। जिसके अंतर्गत वयस्कों के अपने अधिकार और उसके साथ जुड़ा दायित्व भी हैं। निर्विवाद रूप से, जिन्हें आसानी से दरकिनार भी नहीं किया जा सकता है। इस परिणाम के मूल में एक न्यायिक विसंगति भी है। जहां न्यायालय लिव इन रिलेशन को अपराध की श्रेणी से तो बाहर कर देता है, लेकिन उनके परिणामों को वैध ठहराने से हिचकिचाता हुआ नजर आता है। दरअसल, वयस्कों के रिश्तों में यह तनाव सिर्फ कानूनी ही नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है।*


*निर्विवाद रूप से, आज भारतीय समाज एक बड़े संक्रमणकालीन दौर से गुजर रहा है। जिसमें भारतीय परंपरागत जीवन मूल्यों तथा तेजी से बदलते रिश्तों के बीच का एक द्वंद्व भी शामिल है। यह एक हकीकत है कि आधुनिक जीवन में रिश्तों में स्वतंत्रता की बयार स्त्री की आर्थिक आत्मनिर्भरता से परवान चढ़ी है। लेकिन भारत जैसे परंपरावादी समाज में सदियों से विवाह एक अनुबंध होने के साथ-साथ एक गहरी सामाजिक मान्यता भी है। लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारतीय समाज में आधुनिक रिश्तों की वास्तविकता कहीं अधिक परिवर्तनशील भी है। वयस्कों के रिश्तों में व्यक्ति आगे बढ़ता है, कभी-कभी बिना औपचारिक समापन के भी। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि कानून भी मौजूदा परिदृश्य की इस वास्तविकता से अनभिज्ञ नहीं रह सकता। यह भी एक सत्य है कि वयस्कों के रिश्तों को संरक्षण या मान्यता से वंचित करना, ऐसे रिश्तों को समाप्त नहीं करता है। वास्तव में यह केवल उन्हें असुरक्षा और कानूनी अनिश्चितता की ओर धकेल देता है। सही मायनों में आवश्यकता न्यायिक असंगति की नहीं है, बल्कि विधायी स्पष्टता की ही है। वास्तव में एक हकीकत यह भी है कि हमें मौजूदा परिदृश्य में यह बात स्वीकार करनी होगी कि यद्यपि विवाह संस्था संरक्षण की हकदार है, फिर भी पुरुष या स्त्री की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अनिश्चित काल तक इसके अधीन बंधक बनाकर नहीं रखा जा सकता है। इन परिस्थितियों में, अंततः कानून को एक सरल सत्य को प्रतिबिंबित करना चाहिए कि जब रिश्ते टूट जाते हैं, तो व्यक्तियों को गरिमा के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देना हमारी सामाजिक व्यवस्था के लिये खतरा नहीं है। बल्कि यह उसका एक आवश्यक अनुकूलन ही है। हमें पीढ़ियों के अंतराल से उपजी सोच का भी सम्मान करना होगा।*





> एआई से लिखी गई सामग्री खुद से प्रकाशित ई-बुक्स के अलावा अब पारंपरिक रूप से प्रकाशित उपन्यासों में भी दिख रही है। क्या कोई उपन्यासकार एआई से कहानी में मोड़ सुझाने, कोई दूसरा अंत बताने या किसी ड्राफ्ट को बेहतर बनाने के लिए कह सकता है, और फिर भी उसे अपना मौलिक काम बता सकता है? किस मोड़ पर आकर कोई काम 'इन्सानी' नहीं रह जाता?

# कहीं आप एआई का लिखा तो नहीं पढ़ रहे




### डिस्क्रिप्ट एआई

डिस्क्रिप्ट एआई एक आधुनिक और बेहद स्मार्ट ऑडियो-वीडियो एडिटिंग प्लेटफॉर्म है, जो पारंपरिक एडिटिंग की जटिलताओं को खत्म करके पूरी प्रक्रिया को सरल और सहज बना देता है। यह उपयोगकर्ता की ऑडियो या वीडियो फाइल को अपने आप टेक्स्ट में बदल देता है। इसके बाद उन्हें भारी-भरकम टूल्स से जूझने की जरूरत नहीं होती। अगर वे टेक्स्ट का कोई हिस्सा हटाते, जोड़ते या इधर-उधर करते हैं, तो वही बदलाव सीधे फाइल में भी दिखने लगता है। इसी कारण, डिस्क्रिप्ट एआई कंटेंट क्रिएटर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो एडिटर्स के लिए बेहद प्रभावी टूल बन गया है, जो उनके समय की बचत करता है।

● एलेक्जेंड्रा ऑल्टर ●

महीनों से, ऑनलाइन यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि एक चर्चित हॉरर उपन्यास, 'शाय गर्ल' एआई की मदद से लिखा गया था। यह उपन्यास एक ऐसी बेबस युवती के बारे में है, जिसे ऑनलाइन मिले एक व्यक्ति ने बंधक बना लिया और उसे पालतू जानवर की तरह रहने पर मजबूर किया। इस उपन्यास को डरावनी कहानियों के शौकीनों के बीच जल्द ही लोकप्रियता मिल गई।

इस साल की शुरुआत में, पैनग्राम (एक एआई डिटेक्शन प्रोग्राम) के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी मैक्स स्पेरो ने शाय गर्ल के बारे में किए जा रहे दावों के बारे में सुना, तो पूरे पाठ को जांचने का फैसला किया। पता चला कि यह उपन्यास 78 प्रतिशत एआई द्वारा तैयार किया गया था। द टाइम्स ने इसके कुछ अंशों का विश्लेषण करने के लिए कई एआई डिटेक्शन टूल्स का इस्तेमाल किया और पाया कि उनमें एआई द्वारा लिखे गए टेक्स्ट की कुछ खास विशेषताएं बार-बार देखने को मिलीं-जैसे तर्क में कमियां और नाटकीय विशेषणों का अत्यधिक इस्तेमाल। जब इस उपन्यास के पाठकों ने व्यापक रूप से इसके एआई द्वारा लिखे जाने की ऑनलाइन शिकायतें कीं, तब भी प्रकाशक चुप रहा। शाय गर्ल की लेखिका मिया बैलार्ड ने भी एआई के इस्तेमाल से इन्कार किया, पर उनका कहना था कि जिस व्यक्ति को उन्होंने उपन्यास के स्व-प्रकाशित संस्करण को संपादित करने का काम सौंपा था, उसने एआई का इस्तेमाल किया था। इन आरोपों की एक लंबी और गहन समीक्षा के बाद इसका प्रकाशन रद्द करने का फैसला लिया गया।

लगता है कि 'शाय गर्ल' किसी बड़े प्रकाशक का पहला ऐसा व्यावसायिक उपन्यास है, जिसे एआई के इस्तेमाल से लिखने के सबूत मिलने पर वापस ले लिया गया है। इसे रद्द करना इस बात का संकेत है कि एआई से लिखी गई सामग्री न सिर्फ उन सस्ती, खुद से प्रकाशित ई-बुक्स में दिख रही है, जिनसे अमेजन भरा पड़ा है, बल्कि यह पारंपरिक रूप से प्रकाशित उपन्यासों में भी अपनी जगह बना रहा है। यह चौंकाने वाली बात है कि शाय गर्ल संपादन प्रक्रिया में इतनी आगे तक पहुंच गई और एआई के उपयोग से जुड़े दावों की जांच होने से पहले ही ब्रिटेन में रिलीज भी कर दी गई। यह संकेत है कि किताबों की दुनिया में बहुत से लोग एआई के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए कितने कम तैयार हैं। यह किताबों की दुनिया के लिए एक अनिश्चित नए दौर की शुरुआत का भी संकेत देता है, क्योंकि संपादक और पाठक, दोनों ही यह सोचकर असमंजस में हैं कि वे जो गद्य पढ़ रहे हैं, वह किसी इन्सान ने लिखा है या मशीन ने।

कुछ प्रकाशकों को चिंता है कि एआई के दखल को रोकने के लिए ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता, खासकर तब, जब यह तकनीक तेजी से और ज्यादा उन्नत होती जा रही है। ग्रोव अटलांटिक के प्रकाशक मॉर्गन एंट्रेकिन ने कहा, 'यह साहित्यिक चोरी जैसा ही है। आप लेखक की मर्जी पर निर्भर होते हैं। हमें अपने साझेदारों पर भरोसा रखना होगा।' कुछ लोगों का मानना है कि यह तकनीक तेजी से फैल रही है और स्व-प्रकाशित किताबों को उठाकर उन्हें पारंपरिक प्रकाशकों के जरिये दोबारा जारी करने का चलन भी बढ़ रहा है।

यह अंदाजा लगाना लगभग नामुमकिन है कि एआई द्वारा लिखी गई कितनी सामग्री प्रकाशित हो रही है, पर इसके सबूत हैं कि इस तकनीक की वजह से किताबों की संख्या में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई है। किताब उद्योग से जुड़े आंकड़े इकट्ठा करने वाली संस्था बॉकर के अनुसार, पिछले साल 35 लाख से ज्यादा किताबें स्व-प्रकाशित हुईं, जो 2024 के 25 लाख के आंकड़े से कहीं ज्यादा है। पारंपरिक प्रकाशकों ने पिछले साल 6,42,000 से ज्यादा किताबें प्रकाशित कीं। लेखकों द्वारा एआई के इस्तेमाल को विनियमित करने में एक दिक्कत यह है कि ज्यादातर कॉरपोरेट पब्लिशिंग हाउस इसे पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं करना चाहते। संपादक यह समझते हैं कि लेखक एआई का इस्तेमाल लिखने के अलावा भी कई अलग-अलग तरीकों से करते हैं। क्या कोई उपन्यासकार एआई से कहानी में मोड़ सुझाने, कोई दूसरा अंत बताने या किसी ड्राफ्ट को बेहतर बनाने के लिए कह सकता है, और फिर भी उसे अपना मौलिक काम बता सकता है? किस मोड़ पर आकर कोई काम 'इन्सानी' नहीं रह जाता? आथर्स गिल्ड की मुख्य कार्यकारी मैरी रासेनबर्गर का कहना है कि यह एक असली समस्या है, और हमें कुछ सुरक्षा उपाय तो खोजने ही होंगे। लेखकों और पाठकों के बीच एआई की मदद से लेखन अब भी बेहद विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों को चिंता है कि एआई को लेकर अस्पष्टता और साहित्यिक जगत में इस एआई से जुड़े कलंक के कारण लेखकों द्वारा इसके बारे में खुलकर बात न करने की संभावना बढ़ जाती है।

गेजेट अपडेट

## सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 7 खरीदने का सुनहरा मौका, मिल रहे ऑफर

> कई दिनों से सेमसंग गेलेक्सी जेड फोल्ड 7 फोन महंगे होने के कारण आप इसे खरीद नहीं पा रहे थे तो आपके लिए अच्छी खबर है। फ्लिपकार्ट में शानदार डिस्काउंट और एक्सचेंज ऑफर मिल रहा है, जिससे इस फोन की कीमत काफी कम हो गई है। इस फोन में आपको दमदार फीचर्स और प्रीमियम डिजाइन देखने को मिलेगा।



**क्या है इसमें खास?** स्पेसिफिकेशंस के मामले में यह फोन काफी आकर्षक है। यह सिर्फ 8.9 एमएम पतला और 215 ग्राम हल्का है, जिससे इसे हाथ में पकड़ना और इस्तेमाल करना काफी आसान हो जाता है। इसकी सबसे बड़ी खूबी इसकी शानदार डिस्प्ले है। इस फोन में दो शानदार डिस्प्ले दी गई हैं। पहली बाहर की तरफ एक 6.5-इंच की कवर स्क्रीन (बाहर की तरफ) है और दूसरी फोन को खोलने पर 8-इंच की मेन स्क्रीन (अंदर की तरफ) मिलती है। ये आपके मल्टीटास्किंग और वीडियो देखने के अनुभव को बेहतरीन बना देती है।परफॉर्मेंस के मामले में यह फोन बाजार के सबसे शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्रोसेसर से लैस है, जो इसे अब तक के सबसे तेज फोल्डेबल फोन्स की कतार में खड़ा करता है। साथ ही इसमें आपको 16जीबी तक की रैम और 1टी बी तक की स्टोरेज भी मिलती है। फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। ये सभी मिलकर हर रोशनी में प्रोफेशनल क्वालिटी की तस्वीरें क्लिक करने में मदद करते हैं। लेटेस्ट गैलेक्सी एआई फीचर्स इसके इस्तेमाल को और भी स्मार्ट बना देते हैं।



अगर आप एक स्लीक डिजाइन, बेहतरीन डिस्प्ले और जबरदस्त परफॉर्मेंस वाला आधुनिक फोल्डेबल फोन खरीदना चाहते हैं तो ये आपके लिए शानदार मौका हो सकता है। दरअसल भारत में इसके 12जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट को 1,74,999 रुपए में लॉन्च किया गया था। लेकिन मिल रहे ऑफर्स के जरिए आप इसे काफी कम कीमत पर अपना बना सकते हैं।

**ऑफर्स की जानकारी :** इस प्रीमियम फोल्डेबल फोन को लॉन्च कीमत से सीधे 3 हजार रुपये सस्ता करके 1,72,404 रुपये पर लिस्ट किया गया है। इसके बाद, अगर आप फ्लिपकार्ट एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो आपको 4 हजार रुपये का इंस्टेंट डिस्काउंट और मिल जाएगा। इससे इसकी प्रभावी कीमत घटकर सिर्फ 1,68,404 रुपये रह जाएगी। वहीं, जो ग्राहक एकमुश्त भुगतान के बजाय किस्तों में खरीदारी करना पसंद करते हैं, उनके लिए भी शानदार विकल्प मौजूद हैं। बैंक और टाइमलाइम के आधार पर इसकी ईएमआई सुविधा सिर्फ 6,062 रुपए प्रति महीने से शुरू होती है, जो इस महंगे फोल्डेबल फोन को बजट के और करीब ले आती है।

**एक्सचेंज ऑफरः ऐसे बचाएं पैसे :** फ्लिपकार्ट फिलहाल पुराने स्मार्टफोन के बदले ?63,300 तक की भारी छूट दे रहा है। हालांकि, एक्सचेंज की यह वैल्यू आपके पुराने फोन के मॉडल, उसकी उम्र और वर्किंग कंडीशन पर निर्भर करेगी। लेकिन एक औसत अनुमान के मुताबिक ज्यादातर यूजर्स को अपने पुराने हैंडसेट पर आसानी से 10 हजार से 30 हजार रुपए तक की वैल्यू मिल जाती है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर आप अपना कोई पुराना फ्लैगशिप फोन या अच्छी कंडीशन वाला मिड-रेंज स्मार्टफोन बदलते हैं तो यह फोल्डेबल फोन आपको काफी सस्ते में मिल जाएगा।

सुरक्षित बैंक खाता

## बैंक अकाउंट के लिए दस्तावेज पूरे नहीं है ? मिनी केवाईसी का विकल्प लें

> मिनी केवाईसी एक ऐसा टर्म है जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। मिनी केवाईसी आमतौर पर उन लोगों के लिए होता है जिनके पास सभी दस्तावेज नहीं होते हैं।




बैंकिंग और डिजिटल ट्रांजैक्शन के इस दौर में 'केवाईसी' शब्द से हम सभी परिचित हैं। मगर कई बार दस्तावेजों की कमी के कारण पूर्ण सत्यापन में समय लग जाता है। ऐसी स्थिति में बैंक 'मिनी केवाईसी' या 'मिनिमम केवाईसी' का विकल्प देती है। यह प्रक्रिया मुख्य रूप से उन ग्राहकों के लिए बनाई गई है जो तुरंत बैंक खाता खोलना चाहते हैं या डिजिटल वॉलेट एक्टिव करना चाहते हैं, लेकिन उनके पास उस वक्त सभी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होते। सरल करके समझें तो मिनी केवाईसी की जरूरत मुख्य रूप से स्मॉल सेविंग्स अकाउंट, जीरो बैलेंस अकाउंट, या प्रीपेड वॉलेट के लिए होती है, जब ग्राहक के पास तुरंत पूर्ण केवाईसी दस्तावेज नहीं होते हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में अच्छे से समझते हैं।

### मिनी केवाईसी और फुल केवाईसी में क्या है अंतर?

- मिनी केवाईसी सिर्फ 12 से 24 महीनों के लिए वैध होती है, जबकी फुल केवाई स्थायी होती है और सभी सेवाएं अनलॉक कर देती है।
- मिनी केवाईसी वाले अकाउंट में आप महीने का सीमित ट्रांजेक्शन (लगभग 10,000) ही कर सकते हैं, जबकि फुल केवाईसी में यह सीमा ?1 लाख या उससे अधिक होती है।
- घर बैठे मिनी केवाईसी अपडेट करने की आसान प्रक्रिया
- संबंधित बैंक या डिजिटल वॉलेट का एप खोलें।
- अपने वॉलेट एप के प्रोफाइल सेक्शन में जाएं और 'केवाईसी' या 'अपग्रेड अकाउंट ' पर क्लिक करें।
- डिजिटल सुरक्षा के लिए मिनी केवाईसी जरूरी
- आज के समय में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मिनी केवाईसी कराना आपके वित्तीय हितों की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है।
- ध्यान रखें कि मिनी केवाईसी सिर्फ एक कागजी खानापूर्ति नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि आपके अकाउंट का इस्तेमाल कोई और न कर सके।
- हालांकि यह ध्यान रखें कि मिनी केवाईसी सिर्फ एक अस्थायी समाधान है।
- लंबी अवधि के लाभ और बड़ी ट्रांजैक्शन लिमिट के लिए आपको फुल केवाईसी जरूर करा लेना चाहिए।

बॉलीवुड की चर्चा

# कई बार टीवी और बड़े परदे पर आयी रामायण की कहानी

भारत में रामायण महाकाव्य बहुत पुराना और पवित्र है। यह भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की कहानी बताता है। इस कहानी ने भारतीय सिनेमा को बहुत प्रभावित किया है। सिनेमा के शुरू होने से लेकर आज तक रामायण पर आधारित टीवी सीरियल और इससे प्रेरित कई फिल्में बन चुकी हैं। पर्दे

### 'रामायण' पर पहली फिल्म कब?

सबसे पहली 'रामायण' फिल्म 1917 में आई थी। इसका नाम 'लंका दहन' था। इसे दादासाहेब फाल्के ने बनाया था। यह साइलेंट फिल्म (बिना आवाज वाली) थी। उस समय से लेकर 2026 तक 'रामायण' की कहानी पर कई दर्जन फिल्में बन चुकी हैं।

### अब तक कुल कितनी फिल्में ?

'रामायण' की कथा पर आधारित अलग-अलग भाषाओं जैसे हिंदी, तेलुगु, तमिल,मलयालम, मराठी और गुजराती आदि में फिल्में बनी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले करीब 106 साल में लगभग 48 से 50 फिल्में सिर्फ मुख्य 'रामायण' कहानी पर बनीं। अगर हनुमान, लव-कुश, सीता स्वयंवर जैसी अलग-अलग हिस्सों और प्रेरित फिल्मों को भी जोड़ें, तो संख्या 60 से ज्यादा हो जाती है। विकिपीडिया पर रामायण आधारित फिल्मों की कैटेगरी में 62 फिल्में लिस्टेड हैं। वहीं कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, 'रामायण' और उसके पात्रों (जैसे हनुमान) पर कुल लगभग 200 फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें एनिमेटेड और छोटी फिल्में भी शामिल हैं।



> 'रामायण' के हर एक फैन को नितेश तिवारी की 'रामायण' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन रणबीर कपूर की 'रामायण' की रिलीज से पहले जानिए कि आखिर अब तक कितने सीरियल्स और फिल्में इस पर बन चुके हैं।

### रामायण पर बने मुख्य टीवी सीरियल

कुल मिलाकर, मुख्य हिंदी टीवी सीरियल्स की संख्या 7-8 के आसपास है, लेकिन अगर छोटे या कम प्रसिद्ध वर्जन्स को जोड़ें तो और भी हो सकते हैं। अभी तक कोई आधिकारिक गिनती नहीं है कि कुल कितने सीरियल्स 'रामायण' पर बने हैं, लेकिन विकिपीडिया और बाकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 'रामायण' पर आधारित टीवी सीरियल्स की कैटेगरी में 20 से ज्यादा एंट्रीज हैं।

- **रामायण (1987-1988)** - रामानंद सागर द्वारा दूरदर्शन पर। यह सबसे मशहूर और क्लासिक वर्जन है। बाद में कई बार दोहराया गया, खासकर 2020 के लॉकडाउन में फिर बहुत देखा गया।
- **रामायण (2002)** - जी टीवी पर। यह रामानंद सागर के बाद का एक वर्जन था।
- **रामायण (2008-2009)** - इमेजिन टीवी पर। इसमें गुरमीत चौधरी राम बने थे और देबीना बनर्जी सीता। यह काफी लंबा चला (लगभग 300 एपिसोड)।
- **रामायण (2012)** - एक और वर्जन, जो टीवी पर प्रसारित हुआ।
- **सीता के राम (2015-2016)** - स्टार प्लस पर। इसमें रणवीर शोरी राम और माधवी योगी सीता बनी थीं। यह राम और सीता की कहानी पर ज्यादा फोकस करता था।
- **राम सिया के लव कुश (2019-2020)** - कलर्स टीवी पर। यह रामायण की कहानी को आगे बढ़ाते हुए लव-कुश पर फोकस करता था।
- **श्रीमद् रामायण ( 2024)** - सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। इसमें सुजय रेउ राम बने हैं। यह नया वर्जन है और हाल ही में प्रसारित हुआ। इसके अलावा, रावण नाम का एक सीरियल भी 'रामायण' पर आधारित था (रावण की कहानी पर)।

### 'रामायण' पर बनी कुछ प्रसिद्ध फिल्में

**लंका दहन (1917) -** पहली फिल्म
**राम जन्मा (1920) -** शुरुआती दौर की
**भरत मिलाप (1942) और राम राज्य (1943) -** यह बहुत पॉपुलर हुईं
**संपूर्ण रामायण (1961) -** पूरी रामायण दिखाने वाली
**रामायण (1954) -** अलग वर्जन में
**लव कुश (1997) -** राम के बेटों लव और कुश की कहानी।
**हनुमान (2005) -** एनिमेटेड, बच्चों के लिए पॉपुलर।
**रामायणः** द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा (1992/2001) - जापान और भारत के साथ मिलकर बनी एनिमेटेड फिल्म।
**आदिपुरुष (2023) -** प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान की फिल्म। जिसे दर्शकों ने ज्यादा पसंद नहीं किया।

इसके अलावा कई भाषाओं में भी 'रामायण' पर फिल्में बनीं हैं। जिनमें तेलुगु में सीता कल्याणम, श्री राम पत्ताभिषेकम। दक्षिण भारत में 'रामायण' पर आधारित फिल्में अक्सर डब करके दूसरी भाषाओं में रिलीज होती आई हैं।

### सबसे चर्चित रही रामानंद सागर की 'रामायण'

रामायण' भारत का महाकाव्य बहुत पुराना और पवित्र ग्रंथ है। इसे टीवी पर कई बार अलग-अलग सीरियल्स के रूप में बनाया गया है। सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय सीरियल रामानंद सागर का बना 'रामायण' है, जो 1987-1988 में दूरदर्शन पर आया था। इसमें अरुण गोविल ने राम, दीपिका चिखलिया ने सीता और सुनील लहरी ने लक्ष्मण का रोल निभाया था। यह सीरियल इतना हिट हुआ कि पूरे देश में रविवार सुबह 9:30 बजे सड़कें सूनी हो जाती थीं। 78 एपिसोड थे और इसे 80-90 प्रतिशत लोगों ने देखा था। यह आज भी एक रिकॉर्ड है।

# केसवानी प्रवक्ता, मूलचंदानी वार्ताकार बाकी भाजपा नेताओं को फिर इंतजार

## मीरचंदानी, कमल व राजू माखीजा का नहीं हुआ पुर्नवास

**संत हिरदाराम नगर।** हालांकि सिंधी समाज की कुर्बानियों एवं सेवा के हिसाब से यह नाकाफी है, लेकिन देर आए दुरूस्त आए जहां भोपाल के पूर्व जिला अध्यक्ष विकास वीरानी को सीहोर जिले का प्रभारी बनाया गया, वहीं अब पूर्व में वार्ताकार रह चुके एवं पूर्व गृह मंत्री डा. नरोतम मिश्रा के समर्थक माने जाने वाले भोपाल के ही दुर्गेश केसवानी को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है, इसी तरह मध्यप्रदेश बेसिक ड्रग्स डीलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष एवं अभा सिंधी समाज के संस्थापक सदस्यों में से एक जेपी मूलचंदानी को वार्ताकार नियुक्त किया गया है। इधर सिंधी समाज ने इसका स्वागत करते हुए शेष नेताओं का भी पुर्नवास करने की नेतृत्व से मांग की है।

**इन्हें पुर्नवास का इंतजार:** जहां तक प्रदेश के अन्य भाजपा नेताओं का सवाल है, तो उनमें भोपाल के प्रकाश मीरचंदानी का नाम सबसे ऊपर आता है। वे एक समय में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रह भी चुके हैं, लेकिन पिछले दस साल से वे बिना किसी पद के पार्टी की सेवा कर रहे हैं और उन्हें अक्सर प्रदेश भाजपा कार्यालय में देखा जाता है, लेकिन न तो सत्ता व न ही संगठन में उन्हें खास महत्व मिल पाया है। वैसे उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में विभिन्न निगम मण्डलों में होने वाली नियुक्तियों में उनका नम्बर लग सकता है। इसी तरह ग्वालियर के पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष कमल माखीजानी भी लम्बे समय से पार्टी की सेवा कर रहे हैं उन्हें विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का खास समर्थक माना जाता है। परन्तु जिला ग्वालियर भाजपा अध्यक्ष पद से हटने के बाद उनका फिर से पुर्नवास नहीं हो पाया है। इधर कटनी के भाजपा नेता राजू माखीजा का भी यही हाल है। पिछले नगर निगम चुनाव में उन्होंने नाराज होकर अपनी पत्नी को निर्दलीय चुनाव मैदान में उतारा और उन्होंने भाजपा एवं कांग्रेस दोनो प्रत्याशियों को हराकर चुनाव जीता। बाद में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान उनके निवास पहुंचे और राजू माखीजा को किसी तरह मनाकर वापस भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई बाद में उन्हें कटनी नगर निगम का एमआईसी सदस्य बनवाया लेकिन उनके पति राजू माखीजा जो लम्बे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं मिल पाई है।



दुर्गेश केसवानी | जेपी मूलचंदानी | प्रकाश मीचंदानी | कमल माखीजानी | राजू माखीजा

### शुरू से भाजपा के साथ

इसमें कोई दो राय नहीं कि आजादी के दौरान तत्कालीन कांग्रेसी नेताओं द्वारा भारत में पृथक सिंधु प्रदेश की स्थापना न किए जाने व अन्य वादों पर अमल नहीं होने से नाराज सिंधी समाज ने शुरू से ही आरएसएस का हाथ थामा। जब 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान की नीव धर्म के आधार पर रखी गई, उस समय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत देश में गांधीधाम, कच्छ, पोरबंदर, पाली मारवा, जेसलमेर आदि को मिलाकर पृथक सिंधु प्रांत बनाने एवं इसकी राजधानी जोधपुर को किए जाने वादा किया था, और आजादी के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल भी चाहते थे कि सिंधि हिन्दुओं की कुर्बानी का अगर सिला देना है तो भारत में सिंधु प्रदेश जरूरी है, परन्तु बताते हैं कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस पर कतिपय कारणों से सहमत नहीं हुए उसकी जगह स्वतंत्रता संग्राम सैनानी जयरामदास दौलतराम को मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया एवं सुचेता कृपलानी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया जब जेपी कृपलानी कांग्रेस के अध्यक्ष बन गए, और सिंधी समाज ठगा सा रह गया यही कारण है कि सिंधी समाज को आजादी के बाद से ही आरएससस, जनसंघ व भाजपा का पक्षधर माना जाता है, और आरएसएस हो या भाजपा के गठन में समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन मध्यप्रदेश में भाजपा के सिंधी भाषी नेता शुरू से ही उपेक्षा के शिकार रहे हैं, या यूं कहा जाए कि उम्मीद के अनुसार प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका है।

### निगम मण्डलों में स्थान की मांग

इधर संत हिरदाराम नगर की सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के पदाधिकारी चन्द्रप्रकाश इसरानी, कन्हैयालाल इसरानी, वासुदेव वाधवानी, ईश्वरदास हिमथानी, मूलचंद वीधानी, नरेन्द्र लालवानी, नरेश केवलरामानी आदि ने प्रदेश भाजपा नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के अन्य सिंधी भाषी समर्पित, जुझारू व निष्ठावान नेताओं का भी पुर्नवास करने एवं खासतौर पर उन्हें निगम मण्डलों में समुचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने की पुरजोर मांग की है।

## सेवा सदन नेत्र द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

# 346 विद्यार्थियों व अभिभावकों की आंखों की जांच हुई, दिया परामर्श



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा नरसिंहगढ़ के प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों, उनके परिरवाजन, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए निःशुल्क दृष्टि दोष एवं नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्थानीय न्यायाधीश मीनू पचैरी दुबे, एसडीएम ब्यावरा गोविंद दुबे भी उपस्थित थे।

नेत्र शिविर में विद्यालय के 346 छात्र-छात्राओं की आंखो की जांच की गई। जिसमें से 10 लोगों की मोतियाबिंद की षिकायत पाई गई और 40 व्यक्तियों को चिकित्सा परामर्श हेतु सेवा सदन अस्पताल जाकर इलाज करवाने की सलाह दी गई। शिविर का उद्देश्य लोगों को आंखों की बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच की सुविधा प्रदान करना है।

विधायक मोहन शर्मा ने सेवा सदन द्वारा विद्यार्थियों के लिए लगाए गए नेत्र एवं दंत रोग निवारण शिविर की प्रशंसा की। उन्होनें कहा कि संत हिरदाराम जी द्वारा भोपाल में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीब रोगियों की सेवा की। अभी भी उनके अनुयायियों द्वारा संतजी के सेवा कार्यों को निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर बताया गया कि सेवा सदन अब एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर के नए भवन में स्थानांतरित हो गया है, जिससे भोपाल एवं आसपास के 10 जिलों की 1.89 करोड़ आबादी को बेहतर नेत्र सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर सेवा सदन के हीरो ज्ञानंचदानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, स्कूल के चेयरमेन नवरंगलाल धाकड़, कमल प्रेमचंदानी, मुरली मूलानी, गोपाल गिरधानी आदि उपस्थित थे।

# अवैध संबंधों की साजिश में मौत, कार में मिले शव का 48 घंटे में किया खुलासा

**जागरण, मंडीदीप।** औद्योगिक नगर मंडीदीप में कार के भीतर मिले शव की गुत्थी को पुलिस ने महज दो दिनों के भीतर सुलझाकर एक सनसनीखेज हत्या का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ सुनियोजित हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक की पहचान भोपाल के नेहरू नगर निवासी 50 साल के संतोष शर्मा के रूप में हुई है। मंगलवार रात वार्ड क्रमांक 10 स्थित कंटेनर डिपो से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर एक कार में उनका शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। खास बात यह रही कि जिस कार में शव मिला, वह भी संतोष शर्मा के नाम पर ही पंजीकृत थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू की।जांच के दौरान सामने आया कि मृतक के रजनी उइके नामक महिला से अवैध संबंध थे, जो लगातार विवाद का कारण बन रहे थे। पुलिस के अनुसार, संतोष द्वारा बार-बार परेशान किए जाने से तंग आकर रजनी ने अपने पति भगवान, बेटी पूजा और बहनोई वीरेंद्र के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 30 मार्च को आरोपियों ने संतोष को नसरुल्लागंज क्षेत्र में बुलाया, जहां देर रात उसकी बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को कार में रखकर मंडीदीप लाया गया और सुनसान इलाके में खड़ा कर सभी आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। थाना प्रभारी रंजीत सराठे के नेतृत्व में टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



# चलते ऑटो से कूदा युवक, मौत

**जागरण, भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र में चलते ऑटो से कूदने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय आकाश रजक पिता रमेश मूल रूप से विदिशा का रहने वाला था। वर्तमान में आशिमा मॉल के पास किराए के मकान में रहता था। वह निजी काम करता था। गुरुवार रात 11 बजे वह ऑटो में पीछे बैठकर घर जा रहा था। जहां उत्सव मैरिज गार्डन के सामने अचानक आकाश चलते ऑटो से कूद गया। जिससे उसके सिर,हाथ पैर गंभीर चोटें आई। राहगीर अमन ने लहूलुहान में हालत में तुरंत उसे एम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## श्रद्धालुओं को बांटी श्रीराम चरित मानस

# हमें वापस अपने मूल राम नाम में आना जरूरी : महंत तुलसीदास

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** कुछ ऐसे संत हैं, जो शास्त्रों की गलत व्याख्या कर रहे हैं, और आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। इसलिए हम राम चरित मानस की किताब बांट रहे हैं, ताकि पता चल सके कि कथित साधु संत सही बोल रहे हैं, या शास्त्र। कोई भी सनातनी संत होगा वह राम चरित मानस की चोपाईयों को आदर देगा। यह कहना है अभा सिंधी साधु समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गंगाधाम आश्रम के संचालक महंत स्वामी तुलसीदास महाराज। वे यहां जुटे श्रद्धालुओं को प्रवचन दे रहे हैं, उन्होंने कहा 4 वेद, 18 पुराण 6 शास्त्र, ये हैं हमारे और इन सभी का सार है श्रीराम चरित मानव। चोपाइयों के बिना काम नहीं बनेगा। लेकिन आज कल के कुछ संत अपनी गलत चोपाइयां बनाकर श्रद्धालुओं को परोस रहे हैं, इसलिए भटकने की आवश्यकता नहीं है अगर भागवत गीता एवं श्रीराम चरित मानस का अध्यय्न किया है।



उन्होंने कहा कि हाथ देखकर कोई भविष्य नहीं बता सकता। सिंधी समाज में अब कुछ थोड़े ही सनातनी रह गए सच्चे साधु व संत, लेकिन लोगों को ऐसे संत महात्मा पसंद हैं, जिनकी कोई गद्दी, न कोई परम्परा, उनका आदर अधिक होने लगा है, इसलिए अपने सनातनी ग्रन्थ पढ़ें, जो किसी व्यक्ति ने नहीं ऋषि मुनियों ने लिखे हैं। रोज थोड़ा थोड़ा पाठ करें श्रीराम चरित मानव का।

**अपनी संस्कृति से जोड़ना:** महंत स्वामी तुलसीदास महाराज ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संत हिरदाराम नगर में श्रीराम चरित मानस पुस्तका का वितरण किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़ना है आधुनिक युग में जब बच्चे अपनी संस्कृति से दूर हो रहे हैं, तब इन पवित्र ग्रंथों के नित्य पाठ से उनमें बल और बुद्धि दोनों का विकास होगा। महंत जी ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज एवं अन्य संत सिन्धी समाज में सनातन के प्रति जागृति लाने के लिए प्रयासरत रहते हैं, और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

# नपा उपाध्यक्ष नमिता बनीं भाजपा मीडिया पैनलिस्ट

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी के मीडिया विभाग मप्र की पैनलिस्ट बनाया गया है। मीडिया पैनलिस्ट बनने पर उन्हें नगर के तमाम भाजपा नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि नमिता अग्रवाल को महत्वपूर्ण जबाबदेही से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान होगी। नमिता अग्रवाल ने महत्वपूर्ण जबावहेही पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ओर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।



# लोकसभा में इतिहास रहा सिंधी में शपथ लेना: लालवानी



## भाषा व संस्कृति के लिए एजेन्टा जरूरी: सबनानी, हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** चार दशक पूर्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में गठित पहली सिंधी विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे स्व. मूलचंद मनवानी द्वारा स्थापित मप्र सिंधु भवन ट्रस्ट जिस पर वर्तमान में आरएसएस विचारधारा वाले लोगों का वर्चस्व है, ने भगवान झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में सिंधी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें लोकसभा में एकमात्र सिंधी भाषी भाजपा के इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि लोकसभा में पहली बार सिंधी में शपथ लेना न केवल ऐतिहासिक बल्कि काफी रोचक भी रहा। राजधानी के दक्षिण पश्चिम के भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी के अलावा मुम्बई से पहुंचे जाने माने विश्व प्रसिद्ध समाज सेवी एवं डायमंड व्यापारी दिलीप लखी के अलावा सिंधु भवन ट्रस्ट के संस्थापक सदस्यों में से एक वयोवृद्ध समाज सेवी इंदौर के ईश्वरदास झामनानी की विशेष उपस्थिति में सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि केन्द्रीय स्तर पर सिंधी कल्चरल बोर्ड के गठन का प्रस्ताव तैयार किया गया है, इसमें देशभर के सिंधी साहित्यकारों व कलाकारों का समावेश किया जाएगा, जिसके लिए केन्द्रीय संस्कृत मंत्रालय ने सूची मांगी है। उन्होंने बताया कि 8वीं अनुसूची में शामिल सभी भारतीय भाषाओं में संविधान के प्रकाशन के लिए कार्य शुरू हो चुका है और जल्द ही सिंधी (देवनागिरी) में सविधान छपेगा और संभवतः यह काम राष्ट्रीय सिंधी दिवस 10 अप्रैल तक किए जाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने माखनलाल चतुर्वेदी यूनिवर्सिटी में सिंधी पत्रकारिता बावत बरपा किए गए शोध पर भी रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि हम सिंधी भाषा के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सिंधी भाषा को सरकारी स्तर पर रोजगर से जोड़ने बावत उन्होंने कोई बात नहीं की। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी ने भी सिधियों से अपनी भाषा व संस्कृति को हर हालत में जोड़े रखने पर जोरदार दिया साथ ही कहा कि हमारी लिपि एवं संस्कृति का किस तरह से उत्थान किया जाना है, एक विजन व एजेन्टा जरूरी है। उन्होंने सिंधी भवन से युवाओं को जोड़ने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि केवल मौज मस्ती के लिए नहीं एजेन्टा पर काम करना चाहिए।

### बड़ों का नाम रोशन करें

इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी दिलीप खली ने कहा कि हम अपने श्रेष्ठ कर्मो से बढ़ों का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि सिंधियों में इतना जजबा है कि हम कुछ कर सकते हैं और कुछ भी असंभव नहीं है। हमें मानसिक रूप से सुद्रड़ रहने की जरूरत है। यहां ईश्वनदास झामनानी ने भी उदबोघन दिया लेकिन वे सभी की तारीख करने के अलावा कुछ खास बात नहीं कह पाए। इससे पूर्व ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र मनवानी ने स्वागत भाषण दिया और अब तक की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, उनके भाई प्रकाश लालवानी,अशोक मोटवानी, मप्र सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी, दिल्ली के रवि टेकचंदानी आदि का सम्मान किया गया। समारोह में हालांकि देश के एकमात्र सिंधी भाषी केन्द्रीय रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नितेश लाल भी मौजूद थे, लेकिन उन्हें मंच पर नहीं बैठाया गया, जो चर्चा का विषय रहा। समारोह में मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष मनोहर ममतानी के अलावा ट्रस्ट के पदाधिकारी गुलाब ठाकुर, जयपाल सचदेवा, समाज सेवी मनीष दरियानी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। जानी मानी टीवी एवं स्टेज कलाकार कविता इसरानी ने संचालन किया।

# खरीदी शुरू हुए बिना वेयरहाउस में गेहूं रखने वाले 35 किसान ब्लैक लिस्ट



**जागरण, बैरसिया।** सरकारी गेंहू खरीदी शुरू हुए बिना तरावली क्षेत्र स्थित भगवती वेयरहाउस में सरकारी बारदाने में गेहूं रखने वाले 35 किसानों को ब्लैक लिस्ट किया है। शुक्रवार को सभी किसानों ने तहसील कार्यालय पहुच तहसीलदार दीपक चौरसिया को ज्ञापन दिया है। उक्त ज्ञापन में लेख किया है कि सरकारी गेहूं खरीदी की तिथि सरकार द्वारा बार-बार आगे बढ़ते देख किसानों ने आगजनी, खराब मौसम, वर्षा एवं ओलावृष्टि से अपनी उपज को सुरक्षित करने के लिए स्वयं की सहमति से नजदीकी भगवती वेयरहाउस में गेंहू रख दिया था। किसानों का कहना है कि इस सम्पूर्ण मामले में दोषी नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी है। दूसरे भगवती वेयरहाउस उपार्जन केंद्र पर गेंहू खरीदी हेतु अधिकृत समिति है। इन्हें सस्पेंड किए बिना प्रशासन ने अन्याय पूर्ण रवैया अपनाते हुए किसानों के पंजीयन निरस्त कर दिए।

## SUDOKU 195

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | | 7 | 4 | |
| 8 | | | 3 | | | 1 | | |
| 7 | | | 8 | 4 | | | 3 | 5 |
| 2 | | | | | | | | |
| 6 | | | 1 | 5 | 7 | | | 2 |
| | | | | | | | | 6 |
| 3 | 7 | | | 8 | 6 | | | 1 |
| | | 6 | | | 1 | | | 7 |
| | 1 | 9 | | | | | 8 | |

## SOLUTIONS 194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |
| 3 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 1 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज काम थोड़ा धीरे चलेगा इसलिए धैर्य रखें और जल्दबाजी ना करें। कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले अच्छे से सोच लें नहीं तो बाद में पछताना पड़ सकता है।

**वृषभ :** आपका कॉन्फिडेंस ठीक रहेगा और काम में मन भी लगेगा। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन :** आज कामकाज में देरी हो सकती है। निवेश से जुड़ा कोई निर्णय आज टालें। घर में किसी सदस्य के साथ मतभेद की संभावना है।

**कर्क :** आज पैसों की स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है जिससे मन खुश रहेगा। सीनियर्स आपके काम की तारीफ कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन थोड़ा तनाव भरा रहेगा।

**सिंह :** बड़ा फैसला जल्दी में ना लें और थोड़ा सोच-विचार जरूर करें। मन थोड़ा परेशान हो सकता है लेकिन ये समय ज्यादा देर नहीं रहेगा। धैर्य रखें और वाणी पर संयम रखें।

**कन्या :** आज बिजनेस में कुछ नया करने का मौका मिल सकता है जिससे कमाई बढ़ सकती है। किसी दोस्त या जानकार की मदद काम आएगी।

**तुला :** आज काम ज्यादा रह सकता है जिससे थोड़ी भागदौड़ भी होगी। किसी दोस्त या सहकर्मी की मदद से आपका काम आसान हो सकता है। इससे आपको फायदा मिलेगा।

**वृश्चिक :** गुस्सा करने से बचें और शांत रहकर फैसले लें। पैसों को लेकर सही प्लान बनाना जरूरी है। घर में बड़ों की सेहत का ध्यान रखें। व्यापार में आर्थिक उन्नति मिल सकती है।

**धनु :** आज नौकरी में आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है और सीनियर्स का साथ भी मिलेगा। काम धीरे-धीरे आसान होता दिखेगा।

**मकर :** आज मन थोड़ा ऊपर-नीचे हो सकता है लेकिन खुद पर भरोसा रखें। ज्यादा नेगेटिव सोचने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें।

**कुंभ :** आज पढ़ाई या करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। धन की स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। रिश्तों में आपसी सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** आज काम में थोड़ा उतार-चढ़ाव रह सकता है। घर में छोटी-मोटी बात पर बहस हो सकती है इसलिए शांत रहें। आज सेहत पर नजर रखने की जरूरत है।

**आज का पंचांग:** 04 अप्रैल शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। **भद्रा :** रात्रि 11:06 मिनट से 05 अप्रैल को दोपहर 12:01 मिनट तक। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु वैशाख मास कृष्ण पक्ष की द्वितीया 10 घंटे 10 मिनट तक, तत्पश्चात तृतीया स्वाती नक्षत्र 21 घंटे 36 मिनट तक, तत्पश्चात विशाखा नक्षत्र हर्षण योग 14 घंटे 17 मिनट तक, तत्पश्चात वज्र योग, तुला में चंद्रमा।

## आम सूचना

**मकान क्रं. - 114, ब्राईट कॉलोनी, सनराईज कॉलोनी के पास, ईदगाह हिल्स, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध में :-**

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि डॉ. एस. ए. शफी पुत्र श्री एस. एस. शफी साहब, निवासी- 114 - ए, ब्राईट कॉलोनी, ईदगाह हिल्स, भोपाल, म.प्र., राष्ट्रीयता भारतीय के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान क्रं. - 114 का अर्ध भाग जो कि ब्राईट कॉलोनी, सनराईज कॉलोनी के पास, ईदगाह हिल्स, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, जिसका कुल प्लाट साईज 1200 वर्गफिट अर्थात् 111.52 वर्गमीटर हैं, उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार नें सौदा पक्का किया है, उक्त संपत्ति पर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, समिति, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय / अशासकीय विभाग का हित व अधिकार, गिरवी या बंधक हो तो वह इस प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे उल्लेखित पते पर अपनी आपत्ति दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा व समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, इति ।

भवदीय **सुनील कुमार जैन,** अधिवक्ता
कार्यालय- 'आर. के. जैन लॉ चेम्बर' 67, आदर्श हॉस्पिटल के पास, थाना रोड, शाहजहॉनाबाद, भोपाल
मो. 9131859720

## आम सूचना

**प्लाट क्रं.-एस.एल.-69, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध में :-**

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश पुत्र स्व. श्री हरीदास, निवासी- 250, वाजयपई नगर, ईदगाह हिल्स, भोपाल, म.प्र., राष्ट्रीयता भारतीय के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रं.- एस.एल. - 69 जो कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर अर्थात् 387.36 वर्गफिट हैं, उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार नें सौदा पक्का किया है, उक्त संपत्ति पर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, समिति, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय / अशासकीय विभाग का हित व अधिकार, गिरवी या बंधक हो तो वह इस प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे उल्लेखित पते पर अपनी आपत्ति दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा व समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, इति ।

भवदीय **सुनील कुमार जैन,** अधिवक्ता
कार्यालय- 'आर. के. जैन लॉ चेम्बर' 67, आदर्श हॉस्पिटल के पास, थाना रोड, शाहजहॉनाबाद, भोपाल
मो. 9131859720

## जाहिर सूचना


**कृषि भूमि खसरा क्र. 72/2 (S) कुल रकबा 0.6340 हेक्टेयर में से रकबा 0.3520 हेक्टेयर एवं खसरा क्र. 71/2(S) का सम्पूर्ण रकबा 0.4050 हेक्टेयर, स्थित ग्राम तकिया, तहसील दोराहा, ज़िला सीहोर, म.प्र.।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. मंसूर अली आत्मज मंजूर अली, व्यस्क, निवासी 47, बाग दिल कुशा, हुजूर, भोपाल 2. रूसी महबूब आत्मज मोहम्मद बसीर, व्यस्क, निवासी-शाहजानाबाद, हुजूर, भोपाल के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा क्र. 72/2 (S) रकबा 0.6340 हेक्टेयर में से रकबा 0.3520 हेक्टेयर एवं खसरा क्र. 71/2 (S) का सम्पूर्ण रकबा 0.4050 हेक्टेयर, स्थित ग्राम-तकिया, पटवारी हल्का नंबर-15, तहसील दोराहा, ज़िला सीहोर, म.प्र. में है। यह कि उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने अनुबंध कर लिया है व अब विक्रय पत्र के पंजीयन का निष्पादन होना शेष है। यह कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, आदि अन्य को कोई आपत्ति हो या उक्त सौदा होने से किसी का कोई हित प्रभावित होता हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में, कार्यालीन समय में, मय प्रासंगिक दस्तावेज़ लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में अथवा अन्य किसी के पक्ष में करने हेतु स्वतंत्र होगा व ऐसी स्थिति में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**मोहम्मद इरशाद कुरैशी** अधिवक्ता
आफिस- चैंबर नंबर 103 व 105, प्रथम तल, सिंघई हाइट्स, बिग ब्राइस मार्ट के सामने, जहांगीरिया स्कूल लेन, इब्राहिमपुरा, भोपाल, मोबाइल नंबर- 9981036131

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.7 | 22.4 |
| मुंबई | 31.8 | 23.1 |
| चेन्नई | 38.2 | 20.4 |
| कोलकाता | 35.0 | 26.0 |

सूर्यास्त 6:37 PM
सूर्योदय 6:11 AM
चन्द्रोदय 7.51 PM
चन्द्रास्त 6:36 AM

### जबलपुर के स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़ी, डीपीएम को हटाया, स्टोरकीपर सस्पेंड

# स्टॉक रजिस्टर गायब, 12 फर्जी बिलों से किया 93 लाख रुपए का भुगतान

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के जबलपुर में स्वास्थ्य विभाग की जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। पहले करोड़ों के स्टॉक का रिकॉर्ड रखने वाला रजिस्टर गायब हुआ और अब फर्जी देयकों के जरिए 93 लाख रुपए का भुगतान किए जाने का मामला उजागर हुआ है। मामले में कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई करते हुए डीपीएम को हटाकर सिहोरा भेज दिया है, वहीं स्टोरकीपर को निलंबित कर दिया है। डीपीएमयू कार्यालय से स्टॉक रजिस्टर बीते कई महीनों से गायब बताया जा रहा है। अक्टूबर 2025 में पदभार संभालने के बाद डीपीएम आदित्य तिवारी ने जब रजिस्टर मांगा, तो पता चला कि वह उपलब्ध ही नहीं है। तिवारी के मुताबिक, इस रजिस्टर में करोड़ों रुपए की खरीदी और स्टॉक का पूरा लेखा-जोखा दर्ज रहता है। इसके गायब होने से बड़े स्तर पर गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।




### विरोधाभासी बयानों से संदिग्ध हुआ मामला

आदित्य तिवारी का दावा है कि उन्हें चार्ज लेते समय रिकॉर्ड नहीं मिला। वहीं पूर्व डीपीएम विजय पांडे का कहना है कि चार्ज के दौरान सभी दस्तावेज, जिसमें स्टॉक रजिस्टर भी शामिल था, सौंपा था। इस विरोधाभास ने मामले को और संदिग्ध बना दिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि विभाग में खरीद के लिए इस्तेमाल होने वाली जेम आईडी का दुरुपयोग किया गया। आरोप है कि पूर्व डीपीएम खुद ही ऑर्डर प्लेस करते थे और उसी आईडी से उन्हें अप्रूव भी कर देते थे, जो नियमों के खिलाफ है।

### सामग्री मिली नहीं, कर दिया भुगतान

सबसे बड़ा खुलासा फर्जी देयकों के जरिए भुगतान का हुआ है। जांच में पाया गया कि 12 फर्जी बिलों के आधार पर भोपाल की एक निजी फर्म को 93 लाख 4 हजार 998 रुपए का भुगतान कर दिया, जबकि सामग्री मौके पर मिली ही नहीं। यह भुगतान साइनेंज और स्वास्थ्य केंद्रों की सामग्री के नाम पर किया गया था। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मामले में तत्काल एक्शन लेते हुए स्टोरकीपर (फार्मासिस्ट) नीरज कौरव को निलंबित किया है। डीपीएम आदित्य तिवारी और फार्मासिस्ट जवाहर लोधी को सिहोरा ट्रांसफर किया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दस्तावेज जब्त कराए। साथ ही, डॉ. सारिका को अस्थायी रूप से डीपीएम का प्रभार सौंपा है।

### गड़बड़ी नहीं, दबाने के लिए कार्रवाई: डीपीएम

कार्रवाई के घेरे में आए डीपीएम आदित्य तिवारी ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि कोई वित्तीय अनियमितता नहीं हुई है। फर्मों के आग्रह पर अग्रिम भुगतान किया था। 10-15 दिन में सामग्री आनी थी, कुछ सामान आ भी चुका है। शिकायत दुर्भावना से की गई है। वहीं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के मुताबिक, बजट खर्च और फर्जी भुगतान की शिकायत पर जांच चल रही है। शुरुआती जांच में अनियमितता मिली है। स्टॉक रजिस्टर गायब होने की भी जांच हो रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## एक कमरे में पति ने लगाई फांसी दूसरे में पत्नी की मिली लाश



**जागरण, गुना।** प्रदेश के गुना शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत धाकड़ कॉलोनी में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। यहां एक बुजुर्ग दंपति के शव उनके ही घर के अलग-अलग कमरों में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, पति का शव फंदे पर लटका मिला, जबकि पत्नी की लाश दूसरे कमरे में पलंग पर पड़ी पाई गई। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने आत्मघाती कदम उठाते हुए जीवन लीला समाप्त कर ली है।

**अलग-अलग कमरों में मिली लाशें:** मृतकों की पहचान 70 वर्षीय दिलीप कुमार गोयल और उनकी 65 वर्षीय पत्नी किरण गोयल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गत दिवस गत दिवस उनका बेटा-बहू एवं बच्चे बाहर देवताओं को पूजने गए थे। इस दौरान गुरुवार शाम तक पड़ोसियों की उनसे बात हुई थी। इस दौरान रात को बेटे ने फोन लगाया तो उन्होंने उठाया नहीं। सुबह जब फिर कई बार फोन किए, लेकिन नहीं उठाएं तो बेटे ने अपने पड़ोसी पवन जैन से संपर्क कर घर में देखने की बात कही। जिस पर पड़ोसियों ने घर में जाकर देखा तो यह दृश्य देखकर हतप्रभ रह गए। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बेटा भी तत्काल परिवार के साथ गुना पहुंचे। इस दौरान घर के भीतर एक कमरे में दिलीप कुमार फांसी के फंदे पर झूलते मिले, वहीं दूसरे कमरे में उनकी पत्नी किरण गोयल मृत अवस्था में पलंग पर पड़ी थीं।

## मरीज को छोड़कर आ रहे युवकों की कार खाई में गिरी, दो की मौत



**जागरण, बड़वानी।** जिले के पहाड़ी क्षेत्र पाटी थाना क्षेत्र के गोलगांव में शुक्रवार को एक कार हादसे का शिकार हो गई। दरअसल, बिलियापानी घाट पर बड़वानी से सेमलेट जा रही एक कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार वाहन चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित कार गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में सकरीया की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन चालक इकराम की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। पुलिस के मुताबिक सेमलेट गांव के चार युवक रात में एक गंभीर बीमार व्यक्ति को इलाज के लिए पाटी लाए थे। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया था। बीमार व्यक्ति को अस्पताल छोड़कर ये युवक घर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना होते देख तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी एसडीओपी महेश सुनैया के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची।

## रेलवे बिल्डिंग का मलबा गिरा, कर्मचारी की मौत

**जागरण, खंडवा।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन पुलिया इलाके में शुक्रवार को हादसा हो गया। मीटर गेज के पुराने और जर्जर रेलवे कार्यालय से लोहा निकालने के दौरान अचानक भवन का हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। मलबे की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी शशिकांत कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। लंबे समय से खंडहर बने इस पुराने रेलवे भवन से स्क्रैप निकालने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक संरचना कमजोर पड़ने से उसका एक हिस्सा गिर गया और वहां काम कर रहे कर्मचारी मलबे के नीचे दब गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम मौके पर पहुंची। रेल अधिकारियों ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। घायल कर्मचारी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शशिकांत रेलवे में मास्टर क्राफ्ट्समैन के पद पर कार्यरत थे, उनके सहायक वीरेंद्र को हाथ में चोट आई है, जिन्हें स्टेशन मास्टर अरविंद साहा ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि जर्जर भवन में सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं।

## थ्रेसर के पट्टे में उलझा हाथ का कड़ा युवक का शरीर कटा



**जागरण, मुरैना।** गेहूं की थ्रेसिंग के दौरान मोहनपुर गांव में कराहल क्षेत्र का निवासी 28 साल के आदिवासी युवक राम पट्टे में उलझकर मशीन से कट गया। दरअसल हृदय विदारक घटना में श्रमिक युवक के शरीर के कमर से ऊपर का पूरा हिस्सा मशीन की ब्लेड से बुरी तरह कतर गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को मृतक युवक के सिर्फ दो पैर ही सुपुर्दगी में मिल सके। चिन्नौनी पुलिस ने युवक की मौत से जुड़े कारणों की जांच शुरू कर दी। कराहल क्षेत्र के कुड़ गांव के आदिवासी श्रमिक गेहूं की कटाई करने मोहनपुर गांव आए हैं। कल्ला सिकरवार के खेत के गेहूं की कटाई के बाद श्रमिक राम गेहूं के पूरों को थ्रेसर में डाल रहा था। तभी उसके हाथ का कड़ा थ्रेसर के पट्टे में उलझ गया, जिससे राम के शरीर का ऊपर का हिस्सा अगले पल थ्रेसर के ब्लेड के बीच पहुंच गया। थ्रेसर के ब्लेड ने श्रमिक युवक राम के कमर से ऊपर के हिस्से को काटकर क्षत-विक्षत कर दिया। श्रमिक युवक को इलाज की आस में जिला अस्पताल मुरैना ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# ट्रैक्टर में करंट से साड़ी में लगी आग, महिला व बच्चा जिंदा जले

### शिवपुरी में हाईटेंशन की चपेट में आई भूसे की ट्रॉली, दो अन्य झुलसे

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश के शिवपुरी में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक महिला और बालक जिंदा जल गए। दरअसल भूसा लेने जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। हादसे में एक महिला और 7 साल का बच्चा जिंदा जल गए, उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से झुलस गए हैं। कोलारस थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के मुताबिक, राजस्थान के बारां जिले के खेड़ली गांव में रहने वाला बंजारा परिवार हर साल की तरह इस बार भी कोलारस में भूसा खरीदने आया था। ये लोग खेतों में डेरा डालते हैं और गांव-गांव घूमकर भूसा खरीदते हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिये एक जगह इकट्ठा करते हैं। बाद में बड़ी मात्रा में भूसा बेचकर मुनाफा कमाते हैं। जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह टोल टैक्स के पास बने बंजारा डेरे से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भूसा खरीदने निकले थे। आगे चल रहा ट्रैक्टर देहरदा गांव से कच्चे रास्ते से होते हुए डोडयाई गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रॉली में लगे लोहे के पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गए, जिससे करंट फैल गया। ट्रैक्टर पर विनोद बंजारा उनकी पत्नी लीला, केसर बाई और 7 साल का अनिल बंजारा सवार थे। करंट से लीला बाई की साड़ी में आग लग गई। इसकी चपेट में मासूम अनिल भी आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विनोद और केसर बाई करंट के झटके से ट्रैक्टर से दूर जा गिरे, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।



ट्रैक्टर के हाईटेंशन लाइन से टकराने के बाद आग लगने से हुआ दर्दनाक हादसा।

**झुलसने से दो लोगों की हालत गंभीर :** पीछे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली सवारों ने मौके पर पहुंचकर लीला बाई की सुलगती लाश को वहीं छोड़ दिया। बाकी तीनों को ट्रॉली में डालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बालक अनिल को भी मृत घोषित कर दिया। विनोद और केसर बाई का इलाज जारी है। ट्रॉली में ज्यादा भूसा भरने के लिए करीब 10-10 फीट के लोहे के पाइप लगाए थे। वहीं घटना स्थल पर हाईटेंशन लाइन के तार नीचे की ओर झूल रहे थे। पेड़ों की वजह से तार दिखाई नहीं दे रहे थे, इसी दौरान पाइप लाइन से टकरा गया और करंट फैल गया।

## राजगढ़: महिला से 4 घंटे में 3 बार रेप, आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, राजगढ़।** प्रदेश के राजगढ़ जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार एक 35 वर्षीय महिला जीरापुर थाने पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि नर्मदेश्वर कॉलोनी का रहने वाला मुकेश दांगी उसे भंडावद रोड स्थित जंगल की ओर ले गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती 4 घंटे में 3 बार दुष्कर्म किया। घटना के दौरान आरोपी लगातार उसे धमकाता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की बात कहता रहा। डर और सदमे के कारण वह तुरंत किसी को कुछ नहीं बता सकी, लेकिन एक दिन बाद महिला हिम्मत जुटाकर थाने पहुंची और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। शिकायत पर जीरापुर पुलिस ने आरोपी मुकेश दांगी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**घटना के बाद दी जान से मारने की धमकी**

# एयरफोर्स के रिटायर्ड डॉक्टर से ढाई करोड़ रुपए के सायबर फ्रॉड के तीन आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**जागरण, ग्वालियर।** शहर में अब तक की सबसे बड़ी 2 करोड़ 53 लाख की साइबर ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच पुलिस ने तीन आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के विंडसर हिल निवासी एयरफोर्स से रिटायर्ड डॉ. नारायण महादेव टिकेकर को 22 दिन तक बंधक बनाने का नाटक किया था। पुलिस ने पैसे ऐंठने वाले तीन और बदमाशों सौरभ, हरीश और शरद को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चार आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। इनके खातों में 28 लाख से ज्यादा पैसे ट्रांसफर हुए थे। तीनों आरोपियों में दो अपना खाता उपलब्ध कराने वाले और एक डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने वालों का मीडिएटर शामिल है।

दरअसल, नारायण महादेव टिकेकर नाम के डॉ. 90 साल के हैं और एयरफोर्स से रिटायर्ड हैं। उन्हें साइबर ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग से पैसा ट्रांसफर करने के झांसे में लेकर फंसाया था और 22 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा था। इसके बाद पढ़े लिखे डॉ. साइबर ठगों के झांसे में आ गए और अपने सभी शेयर म्युचुअल फंड बैंक की डिटेल साइबर ठगों को दे दी। ठगों ने कुछ ही दिनों में उनके खाते से 2 करोड़ 53 लाख रुपए निकाल लिए। जिसकी शिकायत के बाद साइबर क्राइम में 23 फरवरी को मामला दर्ज हुआ था।



### आरोपियों से पूछताछ में जुटी पुलिस

ठगी के करीब 28 लाख रुपए शरद डेहरिया के अकाउंट में पंहुचे थे। सौरभ यादव और हरीश गढ़वाल को भी इसमें अच्छा खासा पैसा मिला था। हरीश यूट्यूबर है और उसने सिर्फ 12वीं पास होने के बावजूद सॉफ्टवेयर से एप डेवलप कर लिया और देश-विदेश में बैठे ठगों के संपर्क में रहने लगा था। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## 21 दिन बाद कनाडा से आया गुरकीरत का शव, वृद्ध मां-पिता ने एंबुलेंस ड्रायवर के जोड़े हाथ, सीएम ने बंधाया ढांढस

**जागरण, उज्जैन।** अपने कलेजे के टुकड़े का अंतिम बार चेहरा देखने दरवाजे पर टकटकी लगाए वृद्ध माता-पिता का इंतजार पूरे 21 दिन बाद पूरा हुआ। जब अहमदाबाद एयरपोर्ट से गुरकीरत का शव लेकर एंबुलेंस उज्जैन पहुंची। अपने जवान बेटे की परदेस में मौत से टूट चुके माता-पिता ने हाथ जोड़कर एंबुलेंस ड्रायवर का बारंबार धन्यवाद दिया। फिर बेटे का चेहरा देख फफक पड़े। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों को ढांढस बंधाया और गुरकीरत को श्रद्धांजलि अर्पित की। उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया और राज्यमंत्री गौतम टेटवाल भी शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंचे। गुरकीरत की 14 मार्च को कनाडा में हत्या कर दी गई थी। परिवार के लिए उसका शव लाना भी मुश्किल पड़ रहा था। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.यादव से गुहार लगाई थी। सीएम ने केंद्र सरकार के सहयोग से गुरकीरत के शव के उज्जैन लाने की प्रक्रिया पूरी कराई। साथ ही उसका खर्च भी सरकार द्वारा वहन करने का भरोसा परिवारजनों को दिलाया था। करीब 21 दिन की मशक्कत के बाद छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा का पार्थिव शरीर गुरुवार शाम अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचा। यहां कस्टम और दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एंबुलेंस शुक्रवार सुबह शव उज्जैन के लिए पहुंचा। जहां अंतिम अरदास के बाद चक्रतीर्थ शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद अनिल फिरोजिया और राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने घर जाकर छात्र को श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग और परिजन-परिचित उपस्थित रहे।



**बिजनेस प्लस**

## एलएनसीटी के इंटरनेशनल स्टूडेंट्स ने जीती फुटबॉल चैंपियनशिप



**भोपाल।** इंटर-कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल स्टूडेंट्स ने धमाकेदार जीत हासिल की। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें मैदान में उतरी थीं, और इन सबको पीछे छोड़कर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली। यह पूरा आयोजन इन अब्रॉड एडु पार्टनर कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड ने करवाया गया। जीतने वाली टीम को कंसल्टेंसी के डायरेक्टर आशीष कुमार झा ने कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। यह फुटबॉल टूर्नामेंट आईईएस यूनिवर्सिटी के मैदान पर खेला गया। एलएनसीटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे ने इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को बधाई दी और कहा कि इन बच्चों ने एक बार फिर खेल के मैदान में कमाल करके एलएनसीटी यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है।

**विकास** अक्टूबर से तीन एनएच मार्गों को रास्ता देगा अनोखा पुल

# इंदौर के एमआर-10 जंक्शन पर तैयार हो रहा प्रदेश का पहला ट्रिपल लेयर ब्रिज

**जागरण, इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर और प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के एमआर-10 जंक्शन पर प्रदेश का पहला तीन स्तरीय फ्लायओवर बन रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। हालांकि, दो साल में फ्लायओवर का निर्माण पूरा होना था, लेकिन इसमें देरी हुई। अब यह ब्रिज अक्टूबर तक बनकर तैयार होगा। ब्रिज पर देश का सबसे बड़ा पियर कैप बनाया जा रहा है, जिसकी चौड़ाई 27 मीटर रहेगी। इसी पियर कैप के ऊपर गर्डर रखे गए हैं। इंदौर के एमआर-10 जंक्शन पर ब्रिज बनाने की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि यहां तीन राष्ट्रीय राजमार्ग आकर मिलते हैं। एबी रोड के अलावा इंदौर-अहमदाबाद और इंदौर-नागपुर हाईवे इस जंक्शन से जुड़ते हैं। नागपुर को जोड़ने के लिए इंदौर-हरदा के लिए 25 किलोमीटर लंबा बायपास बनाया है। इसका ट्रैफिक अंडरपास से होकर गुजरेगा।

### वाहनों की एंट्री आसान हो जाएगी



इस ब्रिज के निर्माण से हर दिन 50 हजार से ज्यादा वाहन चालकों को फायदा होगा। इसके अलावा इंदौर आने वाले वाहनों की एंट्री आसान हो जाएगी। अभी तक बोगदों के भीतर से वाहनों को आना पड़ता है और इस कारण कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है, लेकिन अब इससे भी राहत मिलेगी। बेस्ट प्राइस की तरफ के मार्ग से वाहन इंदौर की ओर ब्रिज के नीचे से आ सकेंगे।

### इंदौर-हरदा मार्ग का निर्माण अंतिम दौर में

फ्लायओवर का एक हिस्सा जंक्शन पर बंगाली चौराहे की तरफ बना है, जबकि दूसरे सिरे का निर्माण बेस्ट प्राइस के पास हुआ है। डेढ़ किलोमीटर लंबे इस ब्रिज के नीचे एक और ब्रिज बन चुका है, जिस पर एबी रोड का ट्रैफिक गुजर रहा है। महाराष्ट्र की ओर जाने वाले वाहन इस ब्रिज का उपयोग कर रहे हैं, जबकि अंडरपास को इंदौर-हरदा मार्ग से जोड़ा है। अंडरपास बनकर तैयार हो चुका है। अब सड़क निर्माण स्टार चौराहा तक किया जाएगा। इंदौर-हरदा मार्ग का निर्माण भी अंतिम दौर में है।

### सी लिंक की तर्ज पर लाइटिंग

एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार, मुंबई के सी लिंक की तर्ज पर ब्रिज पर एस्थेटिक केबल से लाइटिंग की जाएगी, ताकि यह आकर्षक दिखे। यह फ्लायओवर इंदौर की एंट्री का मुख्य मार्ग भी बनेगा। यहां से ज्यादातर वाहन शहर में आ-जा सकेंगे। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि यह प्रदेश का पहला तीन स्तरीय ब्रिज है।

## घंटी बजाने के विवाद में नाबालिग भांजे ने की मामा की हत्या

**जागरण, इटारसी।** शहर की राठी कॉलोनी में गुरुवार देर रात एक नाबालिग ने अपने ही मामा की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया है।

विवाद की शुरुआत मोहल्ले के एक घर की घंटी बजाकर भागने की शरारत से हुई। मृतक मामा, जागेलाल वर्मा 45, ने अपने 17 वर्षीय भांजे पर घंटी बजाने का आरोप लगाया, जिससे दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और भांजे ने अपनी जेब से चाकू निकालकर मामा की जांघ और कमर पर वार कर दिए।

घटना में जांघ की नस कटने और भारी ब्लीडिंग के कारण जागेलाल की जान चली गई। आरोपी भांजा पिछले एक साल से मामा के घर के ऊपर वाले हिस्से में ही रह रहा था। दोनों रेलवे स्टेशन पर वेंडरिंग का काम करते थे। थाना प्रभारी गौरव बुंदेला के अनुसार, घंटी विवाद के अलावा परिवारों के बीच पुराना प्रॉपर्टी (मकान) विवाद भी तनाव का एक बड़ा कारण था।

| सोना 24K प्रति 10 ग्रा. | | सोना 22K प्रति 10 ग्रा. | | प्लेटिनम प्रति 10 ग्रा. | | चांदी टंच प्रति किलो | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | 1,45,407 | भोपाल | 1,33,184 | भोपाल | 59,660 | भोपाल | 2,28,000 |
| इन्दौर | 1,45,407 | इन्दौर | 1,33,184 | इन्दौर | 59,660 | इन्दौर | 2,28,000 |
| दिल्ली | 1,45,507 | दिल्ली | 1,33,284 | दिल्ली | 59,660 | दिल्ली | 2,28,000 |

# बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

1773

73,320

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| HCL Tech | 1,412.80 | 3.53% |
| Tech Mahindra | 1,447.00 | 2.63% |
| Infosys | 1,305.40 | 1.97% |
| Wipro | 195.34 | 1.95% |
| TATA Cons. Prod | 1,046.10 | 1.78% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Tech Mahindra | 1,393.00 | -1.69% |
| Power Grid Corp | 294.20 | -1.34% |
| TCS | 2,369.80 | -0.89% |
| NTPC | 368.60 | -0.86% |
| Bharat Ele | 422.55 | -0.24% |

**फोरेक्स रेट**

| | मुद्रा | बिक्री |
|---|---|---|
| $ | डॉलर | 93.10 |
| € | यूरो | 107.32 |
| ¥ | येन | 0.5835 |
| £ | पौंड | 122.91 |

# भारत और रूस ने मिलकर निकाल लिया होर्मुज संकट का हल

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूसी उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने की मुलाकात, रूस ने भारत को तेल-एलएनजी आपूर्ति बढ़ाने का दिया आश्वासन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बनी हुई है। ऐसे में रूस ने भारत को कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बढ़ाने का आश्वासन दिया है। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मांटुरोव की दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान ऊर्जा सहयोग चर्चा का प्रमुख मुद्दा रहा। गुरुवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



**रूस बनेगा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता :** रूस भारत के लिए सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनने जा रहा है। मांटुरोव की यात्रा के बाद रूस की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक मांटुरोव ने पुष्टि की है कि रूसी कंपनियां भारतीय बाजार में तेल और एलएनजी की आपूर्ति बढ़ाने की क्षमता रखती हैं। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। रूसी पक्ष ने अंतर-सरकारी आयोग की बैठक के दौरान तेल व गैस क्षेत्र में सहयोग को प्राथमिकता दी।

### मांटुरोव की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

मांटुरोव की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात में भुगतान संबंधी मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने रूसी तेल और गैस की आपूर्ति के भुगतान को सुविधाजनक बनाने के तरीकों पर विमर्श किया। मांटुरोव की यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।सनद रहे कि होर्मुज जलडमरूमध्य से वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत व्यापार होता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आयात करता है, इसलिए यह संकट भारत के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। यूक्रेन-रूस विवाद फरवरी, 2022 में शुरू होने के बाद भारत ने बड़े पैमाने पर रूस से तेल की खरीद शुरू कर दी थी। युद्ध के बाद प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूसी तेल की खरीद बढ़ाई और 2024-25 के दौरान रूस का हिस्सा 35-40 प्रतिशत पहुंच गया था।

### एलपीजी संकट ने दी 'स्टोव युग' की आहट

# केरोसीन की बिक्री शुरू होते ही पुराने स्टोव की जुगाड़ हुई शुरू

**मुंबई, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में ईरान पर अमेरिका-इजाराइल के हमलों से देश में पैदा हुए एलपीजी संकट का सीधा असर रसोई पर पड़ रहा है। ऐसे समय में केरोसीन तेल एलपीजी का विकल्प बनकर सामने आया है। लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए सरकार ने केरोसिन मुहैया कराने का फैसला लिया। केरोसीन की बिक्री शुरू होते ही लोगों ने पुराने स्टोव का जुगाड़ करना शुरू कर दिया। हालांकि बाजार में केरोसिन से चलने वाले स्टोव मिलना मुश्किल हो रहा है। ईंधन संकट के बीच होटल मालिकों ने खाने की कीमत 20 फीसदी बढ़ा दी। महाराष्ट्र सरकार ने गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच केरोसिन बांटने का फैसला लिया है। अब सरकारी राशन की दुकानों पर एक राशन कार्ड यानी एक परिवार को 3 लीटर केरोसिन मिलेगा।



जिससे अगर सिलेंडर न मिले तो जरुरतमंद परिवार के घर चूल्हे जलते रहे। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में एलपीजी की व्यापक उपलब्धता और अदालत के निर्देशों से राज्य में केरोसिन का वितरण सीमित कर दिया गया था। इसके तहत उन परिवारों को केरोसिन की आपूर्ति प्रतिबंधित थी, जिनके पास पहले से एलपीजी सिलेंडर मौजूद हैं।

### स्टोव की अचानक आई मांग

केरोसिन की उपलब्धता बढ़ते ही राज्य में केरोसिन स्टोव की मांग बढ़ गई, लेकिन बाजार में स्टोव का टोटा है। पिछले कुछ दिनों में मुंबई के दादर, कुर्ला और अंधेरी जैसे व्यस्त बाजारों में बर्तनों और घरेलू उपकरणों की दुकानों पर केरोसिन स्टोव और प्राइमस फिर से सज गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि जहां महीने भर पहले तक कोई स्टोव के बारे में पूछता तक नहीं था, वहीं अब प्रतिदिन दर्जनों ग्राहक स्टोव खरीदने पहुंच रहे हैं। इंडक्शन कुकटॉप्स की बिक्री तो बढ़ी ही है, लेकिन बिजली की लागत और बर्तन बदलने की झंझट से बचने मध्यम और निम्न वर्ग के लोग केरोसिन स्टोव को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**होटलों में 20 फीसदी महंगा हुआ खाना:** बढ़ते खर्चों और कमर्शियल गैस सिलेंडर मंहगा होने से होटल और रेस्टोरेंट मालिको ने कीमतें बढ़ा दी है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया के मुताबिक, युद्ध की वजह से रेस्टोरेंट चलाना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इस युद्ध की वजह से ईंधन और बाकी जरूरी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं। जिससे उनका लागत खर्च 20 फीसदी बढ़ गया है। एसोसिएशन के प्रवक्ता प्रदीप शेट्टी का कहना है कि फरवरी के अंत से ही सेक्टर दबाव में है। खाना पकाने के दूसरे विकल्पों को अपनाने की वजह से होटल चलाने का खर्च बहुत बढ़ गया है, जिसे अब और झेलना मुमकिन नहीं है, अतः मजबूरी में कीमतें 20 फीसदी बढ़ानी पड़ रही है।

# बासमती से लेकर दवाओं तक खतरे में 6 सेक्टर

**मुंबई, जेएनएन।** ईरान-इजरायल तनाव सिर्फ एक युद्ध की आशंका नहीं है, यह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका बनता जा रहा है। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने बताया है कि वेस्ट एशिया को भारत का जो 56 फीसदी निर्यात जाता है, वो अभी माल लंबे रास्ते से भेजा जा रहा है, जिससे लागत और समय दोनों बढ़ रहे हैं। मंत्रालय ने 6 अहम सेक्टर्स पर असर का आकलन पेश किया है। वेस्ट एशिया भारतीय बासमती, समुद्री उत्पाद और ताजे फलों का सबसे बड़ा बाजार है। अभी हवाई और समुद्री माल-भाड़ा तेजी से बढ़ रहा है। ताजे फल-सब्जियां रास्ते में ही खराब होने का खतरा है। बासमती के पेमेंट चैनल्स बाधित हो रहे हैं और क्रेडिट साइकिल टूट रहा है। मानसून सीजन से पहले नाइट्रोजन खाद का संकट खड़ा हो सकता है।

# लगातार दूसरे हफ्ते घटा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

**10.28 अरब घटकर 688.05 अरब डॉलर पर आया**

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुताबिक, 27 मार्च को खत्म हुए हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.05 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले वाले हफ्ते में भी भंडार में 11.413 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी और यह 698.346 अरब डॉलर पर आ गया था। अगर थोड़ा पीछे जाएं तो 27 फरवरी को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन उसके बाद इसमें गिरावट का रुख देखने को मिल रहा है। आरबीआई के अनुसार इस गिरावट में सबसे बड़ा योगदान विदेशी मुद्रा संपत्ति में कमी का रहा, जो 6.622 अरब डॉलर घटकर 551.072 अरब डॉलर रह गई, जबकि इन आंकड़ों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य विदेशी मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का असर भी शामिल होता है। इसी दौरान देश के गोल्ड रिजर्व (सोने का भंडार) का मूल्य भी 3.666 अरब डॉलर घटकर 113.521 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स 17 मिलियन डॉलर से बढ़कर 18.649 अरब डॉलर हो गए।



# साबुन से लेकर सभी जरूरी चीजें हो जाएंगी महंगी!

**मुंबई, जेएनएन।** ईरान-अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव से आर्थिक दबाव भी बढ़ने लगा है और महंगाई अपना असर दिखाने लगी है। अगर स्थिति यही रही, तो कुछ ही दिनों में साबुन से लेकर सोडा और खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले तेल के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरी चीजें महंगी हो जाएंगी। इससे आम लोगों का गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियां वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही से एक बार फिर कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी और रुपए के कमजोर होने से इनपुट कॉस्ट बढ़ती जा रही है। इससे अब कीमतें स्थिर रखना कंपनियों के लिए मुश्किल भरा साबिज हो रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### देश में सुशासन ...

सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का नई दिल्ली में भी मंचन हुआ। नाटक में इंजीनियर, डॉक्टर, वकील व अन्य व्यवसायों से जुड़े प्रतिभाशाली व्यक्ति पात्रों के रूप में भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने विक्रमादित्य महानाट्य मंचन को यादगार क्षण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव को साकार करते हुए मप्र के सीएम डॉ. यादव ने बाबा विश्वनाथ की धरा को महाकाल की धरा से नाट्य मंचन से जोड़ने का विशिष्ट कार्य किया। विक्रमादित्य और राजा भरथरी की जोड़ी का उल्लेख है। महाराजा ने नाथ संप्रदाय में दीक्षा लेकर काशी की भूमि और चुनार के किले में साधना की थी। सम्राट विक्रमादित्य ने ही आज से दो हजार साल पहले अयोध्या नगरी की खोज की थी और महाराज लव के बाद सबसे पहले भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण करवाया था।

### ईरान ने फाइटर पायलट....

ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया: ईरान ने कुवैत, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी सेना से जुड़े ठिकानों पर ड्रोन हमले किए हैं। ईरान के मुताबिक, यह कार्रवाई उसके उद्योग, स्टील प्लांट और पुलों पर हुए हमलों के जवाब में की गई है। अबूधाबी गैस प्लांट में मलबा गिरने से 1 की मौत, 4 घायल: अबूधाबी के हबशन गैस फैसिलिटी में मिसाइल का मलबा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। अबू धाबी मीडिया ऑफिस के मुताबिक, हादसा उस समय हुआ जब मिसाइल को हवा में ही मार गिराया गया और उसका मलबा गैस फैसिलिटी पर गिर गया। इस दौरान एक मिस्र नागरिक की मौत हो गई।

### वाटर फिल्टर प्लांट से रिसी क्लोरीन, 49 लो..

अस्पताल ले जाया गया। देखते ही देखते 49 लोग सिविल अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। सभी को घबराहट के साथ सांस लेने में परेशानी हो रही है। गैस का रिसाव बढ़ने के साथ ही अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इनमें भर्ती हो रहे लोगों के परिजन भी बड़ी संख्या में हैं। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश पर एसडीएम भास्कर गाचले मौके पर तैनात हैं। तीन चिकित्सक वहां लोगों की देखभाल व प्रारंभिक उपचार में जुटे हैं। पानी को साफ करने में काम आने वाली क्लोरीन अत्यंत तीखी और दम घोंटने वाली गैस मानी जाती है। स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव इस बात पर निर्भर करते हैं कि व्यक्ति कितनी देर तक और कितनी मात्रा में इसके संपर्क में रहा है।

### 'नई शर्त थोप...

हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट में भी हार: कर्मचारियों ने हक के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने कर्मचारियों की दलील को सही माना और सरकार को लेवल 9 का लाभ देने का निर्देश दिया। इस फैसले के खिलाफ केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। इस फैसले के बाद कर्मचारी संगठनों में खुशी की लहर है।

# वित्त वर्ष 2025-26 में बिकीं 47 लाख कारें

**मुंबई, जेएनएन।** वित्त वर्ष 2025-26 भारत के ऑटोमोटिव सेक्टर के लिए एक शानदार दौर साबित हुआ है। इस दौरान, कुल पैसेंजर व्हीकल (पीवी) की बिक्री लगभग 47 लाख पहुंच गई। इसके साथ ही, देश के भीतर एसयूवीएस की मांग बढ़ती जा रही है। वहीं ऑटोमोटिव की दिग्गज कंपनी मारुति सुजूकी ने बाजार पर अपना दबदबा बनाए रखा।


कार्यालय नगर निगम, भोपाल
जोन क्र. 18

निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्र. 235/यां.वि/2026 भोपाल, दिनांक 2/04/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज रेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | ठेकेदार श्रेणी | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_488188_1 | PROVIDING AND FIXING OF PAVER BLOCK AND RCC BENCH AT PARK IN PARWATI NAGAR, WARD 80, ZONE 18 | 12,82,418/- | as per centralized registra | 28-04-26 | 6:00 PM |

नियम व शर्तें:-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. 27/026/027



एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 (6) के परन्तुक को देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियाँ की ई-नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी, बंधककर्ता व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशिएवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| खाता संख्या एवं ऋणी, सहऋणी / बंधककर्ता / गारंटर का नाम | 13(2) मांग नोटिस की दिनांक व राशि एवं भौतिक कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि | आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि एवं निविदा वृद्धि राशि (राशि रू. में) | ई-नीलामी की तिथि व समय एवं ईएमडी जमा की अंतिम राशि बोली और दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण का स्थान निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|
| (खाता संख्या) 2221230241064727<br>मैसर्स संतोष ट्रेडर्स जरिये प्रोपराइटर श्री अमित कुमार गुप्ता (ऋणी/बंधककर्ता)<br>श्री अमित कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री अशोक कुमार गुप्ता (गारंटर/बंधककर्ता स्वर्गीय श्री अशोक कुमार गुप्ता के विधिक उत्तराधिकारी)<br>श्रीमती चंचल गुप्ता पत्नी श्री अमित कुमार गुप्ता (गारंटर)<br>श्रीमती शोभा गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री अशोक कुमार गुप्ता (गारंटर/बंधककर्ता स्वर्गीय श्री अशोक कुमार गुप्ता के विधिक उत्तराधिकारी) (बंधककर्ता)<br>श्री आलोक कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री अशोक कुमार गुप्ता (गारंटर/बंधककर्ता स्वर्गीय श्री अशोक कुमार गुप्ता के विधिक उत्तराधिकारी) | 13 (2) नोटिस की दिनांक 24-04-2025<br>ऋण खाता संख्या 2221230241064727<br>Rs. 72,32,260/- (बहत्तर लाख बत्तीस हजार दो सौ साठ रूपये मात्र) दिनांक 23.04.2025 तक<br>भौतिक कब्जा 12.03.2026 को प्राप्त किया<br>ऋण खाता संख्या 2221230241064727<br>Rs. 82,34,590/- (बयासी लाख चौंतीस हजार पांच सौ नब्बे रूपये मात्र) दिनांक 24.03.2026 तक एवं भविष्य के ब्याज, शुल्क एवं खर्चे | आरक्षित मूल्य<br>44,00,000/-<br>(चवालीस लाख रूपये मात्र)<br>ईएमडी राशि<br>4,40,000/-<br>(चार लाख चालीस हजार रूपये मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>25,000/-<br>(पच्चीस हजार रूपये मात्र) | 13 मई 2026<br>को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक, 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ,<br>बोली पपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 12 मई 2026 सांय 5 बजे तक<br>एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड<br>शाखा कार्यालय: वार्ड नं. 7, प्लॉट नं. 2020-2022, हर गंगा भवन, बरेठ रोड, गंज बासोडा, विदिशा, मप्र 464221<br>आईडी: bhanu.singh3@aubank.in<br>निरीक्षण दिनांक: 16 एंव 17 अप्रैल 2026 |

सम्पत्तियों का विवरण
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 44, वार्ड नं. 3, नानाजी वाली गली, गंजबासोदा, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट जो कि स्वर्गीय श्री अशोक कुमार गुप्ता एवं श्रीमती शोभा गुप्ता के स्वामित्व में है सीमाएं: पूर्व: भूपेंद्र कुमार जैन का मकान, पश्चिम: अजीत कुमार जैन का मकान, उत्तर: गली, दक्षिण: सड़क
वास्तविक निर्मित क्षेत्र लगभग 2400 वर्ग फीट

सभी इच्छुक प्रतिभागियों/ बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-नीलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए श्री भानु प्रताप सिंहे संपर्क करें: 9358002663 और ई-मेल bhanu-singh3@aubank.in
यह सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के तेहत एक वैधानिक 30 दिवस का विक्रय सुचना भी है।
ऋणी एवं बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिवस का विक्रय सुचना भी है।
ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:-
1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है, "जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और "नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त संपत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। 2. ऑनलाइन ई-नीलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कंपनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूसन, पते का प्रमाण पत्र ईएमडी के साथ, जो आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU Small Finance Bank Limited पांचवीं एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नंबर 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020, IFSC कोड: AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है।आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी rakesh.jain1@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/ एनईएफटी की यूटीआर / रेफरेन्स नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/ बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-नीलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए श्री भानु प्रताप सिंहे संपर्क करें: 9358002663 और ई-मेल bhanu-singh3@aubank.in

दिनांक: 03 अप्रैल 2026 स्थान: विदिशा, मप्र प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
AU SMALL FINANCE BANK — चलो आगे बढ़े
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 (6) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001070139283942, अनवर अली, (ऋणी) श्रीमती सीमा, पत्नी अनवर अली (सहऋणी) | 23 सितम्बर 24 Rs. 28,38,206/- अट्ठाईस लाख अड़तीस हजार दो सौ छः रुपए मात्र, 23 सितम्बर 24 तक | 03 जुलाई 2025 | संपत्ति स्थित फ्लैट नं. T-1, थर्ड फ्लोर, सिल्वर इन-3 अपार्टमेंट, प्लॉट नं. 95, डाटा कॉलोनी, गांधी मेडिकल कॉलेज, गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम सिंगारचोली, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट | Rs. 18,00,000/- अट्ठारह लाख रुपए मात्र | Rs. 1,80,000/- एक लाख अस्सी हजार रुपए मात्र | 29 अप्रैल 2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 27 अप्रैल 2026 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता:- 3rd फ्लोर, मेपल हाइट स्ट्रीट, आशिमा मॉल के सामने, होशंगाबाद रोड, जिला भोपाल, म.प्र. 462010 | गोपाल दास बैरागी, 7610210556 9773358234 auctions@aubank.in 24 अप्रैल 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070226093651, मनमोहन नामदेव (ऋणी), श्रीमती ज्योति बाई, (सहऋणी) | 16 जून 25 Rs. 9,49,199/- नौ लाख उनचास हजार एक सौ निन्यानवे रुपए मात्र, 10 जून 25 तक | 20 जनवरी 2026 | संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 59 एवं 60, सर्वे नं. 39/1, पी.एच. नं. 18, ग्राम धनगावां, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र. क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट | Rs. 9,00,000/- नौ लाख रुपए मात्र | Rs. 90,000/- नब्बे हजार रुपए मात्र | 13 मई 2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 11 मई 2026 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता:- एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल, रायसेन, मध्य प्रदेश | गोपाल दास बैरागी, 7610210556 9773358234 auctions@aubank.in 08 मई 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070433966586, दीपक पाराशर (ऋणी), योगेश पाराशर (सहऋणी) | 17 जून 25 Rs. 14,59,054/- चौदह लाख उनसठ हजार चौवन रुपए मात्र, 28 अक्टूबर 25 तक | 28 अक्टूबर 2025 | संपत्ति स्थित सर्वे नं. 312/2/1/2, प्लॉट नं. 7 एवं 8, वार्ड नं. 11, महात्मा फुले वार्ड, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 2600 वर्ग फीट | Rs. 11,70,000/- ग्यारह लाख सत्तर हजार रुपए मात्र | Rs. 1,17,000/- एक लाख सत्रह हजार रुपए मात्र | 29 अप्रैल 2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 27 अप्रैल 2026 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता:- एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल, रायसेन, मध्य प्रदेश | गोपाल दास बैरागी, 7610210556 9773358234 auctions@aubank.in 24 अप्रैल 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070434305161, अनिकेत जैन (ऋणी), अरविंद जैन (सहऋणी) | 26 अगस्त 25 Rs. 22,45,765/- बाईस लाख पैंतालीस हजार सात सौ पैंसठ रुपए मात्र, 26 अगस्त 25 तक | 15 जनवरी 2026 | संपत्ति स्थित पी.एच. नं. 42, सर्वे नं. 8/1K/1 वर्तमान सर्वे नं. 8/1/1/1, बरेठ रोड, ग्राम बहलोत, गंज बासौदा, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश 464221 क्षेत्रफल 6000 वर्ग फीट | Rs. 38,00,000/- अड़तीस लाख रुपए मात्र | Rs. 3,80,000/- तीन लाख अस्सी हजार रुपए मात्र | 13 मई 2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 11 मई 2026 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता:- वार्ड नं. 21, सुभाष पथ, खारी फाटक रोड, विदिशा, मध्य प्रदेश 464001 | गोपाल दास बैरागी, 7610210556 9773358234 auctions@aubank.in 08 मई 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070428975172, घनश्याम बरुन (ऋणी), श्रीमती रजनी बरुन, (सहऋणी) | 15 अक्टूबर 25 Rs. 7,08,976/- सात लाख आठ हजार नौ सौ छिहत्तर रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | 06 जनवरी 2026 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 6,1 21,2, प्लॉट नं. 13, वार्ड नं. 14, मौजा डोंगरी नरमदापुरम, जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट | Rs. 7,25,000/- सात लाख पच्चीस हजार रुपए मात्र | Rs. 72,500/- बहत्तर हजार पांच सौ रुपए मात्र | 20 मई 2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 18 मई 2026 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता:- अल हफीज टॉवर, प्लॉट नं. 34/21, स्ट्रीट नं. 41, आनंद नगर, होशंगाबाद 461001 | गोपाल दास बैरागी, 7610210556 9773358234 auctions@aubank.in 15 मई 26 |

ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:
1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2. ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है।आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी।
3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए ई-मेल auctions@aubank.in पर संपर्क करें।
नोट:-यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस व 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा।यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।
दिनांक: 03.04.2026
स्थान: भोपाल, मप्र
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| कॉनली (पंजाब) | 108 |
| अंगकृष (केकेआर) | 103 |
| इशान किशन (हैदराबाद) | 94 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| विजयकुमार (पंजाब) | 05 |
| उनादकट (हैदराबाद) | 04 |
| मुजराबानी (केकेआर) | 04 |

## बाउंड्री मीटर



121 छक्के
219 चौके
14 अर्धशतक

पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य ने 11 गेंद पर 39 रन की पारी खेली। इस शानदार पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.637 |
| राजस्थान | 1 | 1 | 0 | 2 | 4.171 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | 2.907 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.397 |
| मुंबई | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.687 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.469 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 | - 0.509 |
| लखनऊ | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.397 |
| कोलकाता | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.964 |
| चेन्नई | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.562 |

# पंजाब ने नौवीं बार 200+ टारगेट चेज किया

## किंग्स के खेल में जीता पंजाब, चेन्नई को उसके घर चेपॉक में पांच विकेट से हराया, सीएसके की लगातार दूसरी हार

जेएनएन, चेन्नई

कप्तान श्रेयस अय्यर के शानदार और संतुलित अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराया। श्रेयस ने 29 गेंद में 50 रन बनाए और निहाल वढेरा के साथ चौथे विकेट के लिए 59 रन की अहम साझेदारी की। पंजाब ने 210 रन का लक्ष्य आठ गेंद बाकी रहते पांच विकेट खोकर हासिल करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जबकि चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार थी। पंजाब ने आईपीएल नौवीं बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने विशाल लक्ष्य के बावजूद संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत दी। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश आर्य ने 11 गेंद में 39, प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंद में 43 और कूपर कॉनली ने 22 गेंद में 36 रन बनाए। आर्य ने चेन्नई के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। खलील अहमद को उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया, जबकि मैट हेनरी को उनके पहले ही ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर 20 रन निकाले। आर्य और प्रभसिमरन ने सिर्फ 4.2 ओवर में 61 रन की साझेदारी की। वहीं कप्तान श्रेयस ने धीमी शुरुआत करने के बाद हाथ खोलने शुरू किए। उन्होंने स्पिनरों की जमकर धुनाई की और लेग स्पिनर राहुल चाहर को शानदार छक्का लगाया। श्रेयस ने अंशुल कंबोज को चौका लगाकर 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसी गेंदबाज की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। अगले ओवर में हेनरी ने वढेरा को पवेलियन भेजा, लेकिन तब तक पंजाब की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। इससे पहले आयुष म्हात्रे के 43 गेंद में 73 रन की मदद से सीएसके ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पांच विकेट पर 209 रन बनाए। संजू सैमसन (सात) के जल्दी आउट होने के बाद म्हात्रे ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (28) के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की। सैमसन ने जेवियर बार्टलेट की आउटस्विंगर पर कवर में शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन विकेट के पीछे प्रभसिमरन सिंह को कैच दे बैठे। इसके बाद हालांकि म्हात्रे ने बार्टलेट को लगातार तीन चौके लगाए और पावरप्ले में चेन्नई को एक विकेट पर 57 रन तक पहुंचाया। मार्कस स्टोइनिस को लगातार दो छक्के लगाए और 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्सः 209/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का. प्रभसिमरन बो. बार्टलेट | 7 | 7 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का. वढेरा बो. चहल | 28 | 22 | 2 | 0 |
| म्हात्रे का. चहल बो. वैशाक | 73 | 43 | 6 | 5 |
| शिवम दुबे नाबाद | 45 | 27 | 5 | 1 |
| कार्तिक पगबाधा बो. यानसन | 1 | 3 | 0 | 0 |
| सरफराज का. वढेरा बो. वैशाक | 32 | 12 | 6 | 1 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 6 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्तः** 17, **कुलः** 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन, **विकेट पतनः** 1-14, 2-110, 3-123, 4-130, 5-168, **गेंदबाजीः** अर्शदीप 4-0-41-0, जेवियर बार्टलेट 4-0-48-1, यानसन 4-0-43-1, विजयकुमार वैशाक 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टॉयनिस 1-0-17-0.

**पंजाब किंग्सः 210/5 (18.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य बो. हेनरी | 39 | 11 | 2 | 4 |
| प्रभसिमरन सिंह रनआउट | 43 | 34 | 6 | 1 |
| कॉनली का. हेनरी बो. कंबोज | 36 | 22 | 6 | 0 |
| अय्यर का. चाहर बो. कंबोज | 50 | 29 | 4 | 2 |
| नेहाल वढेरा का. नूर बो. हेनरी | 10 | 9 | 0 | 1 |
| शशांक सिंह नाबाद | 14 | 6 | 2 | 0 |
| मार्कस स्टॉयनिस नाबाद | 9 | 3 | 2 | 0 |

**अतिरिक्तः** 9, **कुलः** 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन, **विकेट पतनः** 1-61, 2-95, 3-127, 4-186, 5-186, **गेंदबाजीः** खलील अहमद 3-0-28-0, मैट हेनरी 4-0-54-2, अंशुल कंबोज 3.4-0-43-2, नूर अहमद 4-0-38-0, राहुल चाहर 4-0-46-0.




**04** पंजाब किंग्स की चेन्नई के खिलाफ उनके घरेलू मैदान (चेपॉक) पर यह लगातार चौथी जीत है। यह आईपीएल में सीएसके के घर में किसी टीम द्वारा दूसरी सबसे लंबी जीत है। रिकॉर्ड मुंबई के नाम है, जिसने 5 लगातार जीत दर्ज की। पिछले 9 मुकाबलों में पंजाब ने 7 बार बाजी मारी है।

**210** रनों का लक्ष्य पंजाब ने 18.4 ओवर में चेज किया। यह पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़े सफल चेज का रिकॉर्ड है। इससे पहले पंजाब ने 2025 में केकेआर के खिलाफ 262 रन का लक्ष्य हासिल किया था। पंजाब ने 2014 में अबू धाबी में सीएसके के खिलाफ 206 रन भी टीम ने सफलतापूर्वक चेज कर लिया था।

**02** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 में अपने शुरुआती दो मैच गंवा दिए। यह 2022 के बाद दूसरा अवसर है, जब टीम ने अपने शुरुआती दो मैच लगातार गंवाए है।

**43** 43 गेंदों में 73 रनों की आतिशी पारी सीएसके के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने खेली। उन्होंने रुतुरात गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। आयुष ने सिर्फ 18 साल और 261 दिन की उम्र में ये पारी खेली और चेपॉक के मैदान पर सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले युवा बल्लेबाज बन गए। उन्होंने मंदीप सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2012 में सीएसके के खिलाफ 20 साल और 132 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था।

# बार्सिलोना रिकॉर्ड आठवीं बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में




## चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया

जेएनएन, बार्सिलोना

बार्सिलोना ने एक बार फिर दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया और महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया। बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 6-2 से जीता था। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 12-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार की चैंपियन टीम बार्सिलोना की तरफ से दूसरे चरण में कैरोलिन ग्राहम हैनसेन ने दो गोल, जबकि एलेक्सिया पुटेलस, इरेन पारेडेस, ईवा पजोर और एस्मी ब्रूग्ट्स ने एक-एक गोल किया। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में ओलंपिक लियोनेस ने को वोल्फ्सबर्ग को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला मौजूदा चैंपियन आर्सेनल से होगा। वोल्फ्सबर्ग पहले चरण के बाद 1-0 से आगे था। इस तरह से लियोनेस ने कुल 4-1 से जीत दर्ज की।

- स्पॉटिफाई कैंप नोउ में 6-0 से जीत महिला एल क्लासिको (बार्सिलोना बनाम रियाल मैड्रिड) की अब तक की सबसे बड़ी मार्जिन वाली जीत है। स्पॉटिफाई कैंप नोउ में 60,067 दर्शक पहुंचे, जो इस सीजन का बार्सिलोना महिला टीम का सबसे बड़ा क्राउड था (पुरुष टीम के कुछ मैचों से भी ज्यादा)।
- मात्र 8वें मिनट में एलेक्सिया पुटेलास ने अपनी 500वीं मैच में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई

**पहला डबल हेडर आजः दिल्ली बनाम मुंबई मैच दोपहर 3:30 बजे से, शाम को गुजरात और राजस्थान के बीच भिड़ंत**

## मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम पर निगाहें



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 के सत्र में शनिवार को दिन के पहले मैच में जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा, तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा, लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। वहीं मुंबई पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने केकेआर के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया।

- पहले मैच में रोहित ने 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए और दिल्ली को उनको रोकना है, तो अक्षर गेंदबाजी पर उतरें। अक्षर ने रोहित को तीन बार आउट किया है, जबकि रोहित उन पर 91 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। चमीरा ने रोहित को 11 पारियों में छह बार आउट किया है, जबकि रोहित, उन पर100 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।
- मुंबई के मध्य क्रम के बल्लेबाजों के पास कुलदीप यादव का तोड़ है। सूर्यकुमार यादव उनके खिलाफ 145 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि कुलदीप ने सूर्यकुमार को सिर्फ एक बार ही आउट किया है। वहीं कुलदीप, तिलक वर्मा को छह पारियों में एक बार भी आउट नहीं किया है।

**हेड टू हेड** दिल्ली और मुंबई के बीच 2022 से हुए अब तक के सात मुकाबलों में मुंबई 5-2 से आगे है। उन्होंने पिछले सीजन में दिल्ली के खिलाफ अपने दोनों मुकाबले जीते थे। दिल्ली में दोनों टीमों के बीच हुए पिछले चार मुकाबलों में भी मुंबई 3-1 से आगे है।

## सूर्यवंशी के सामने होगी गुजरात के तेज गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा



**अहमदाबाद, जेएनएन।** आईपीएल में शनिवार को दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स और गुजराज टाइटंस आमने-सामने होंगी। राजस्थान अपनी लगातार दूसरी जीत की तलाश में उतरेगी तो वहीं पंजाब के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में हार के बाद गुजरात घर पर अपने जीत का खाता खोलना चाहेगी। इस मैच में एक बार फिर से 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी पर नजर होगी, क्योंकि ये दोनों टीमें जब पिछली बार आमने सामने थीं, तो सूर्यवंशी ने सिर्फ 35 गेंदों में शतकलगाया था। इस मैच में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन पर भी नजरें होंगी, जिन्होंने पिछले सीजन 155.87 की स्ट्राइक रेट से 912 रन बनाए थे। बल्लेबाजी की बात करें तो नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है।

- राजस्थान के पास वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के रूप में आक्रामक सलामी जोड़ी है, जिन्होंने पिछली आठ पारियों में 497 रन 202 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। इसमें चार अर्धशतकीय और एक शतकीय साझेदारी शामिल है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ 166 रनों की साझेदारी रही है। सीएसके के खिलाफ पहले मुकाबले में दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी हुई थी।
- आर्चर ने आईपीएल में अब तक छह पारियों में गिल के सामने गेंदबाजी की है और तीन बार आउट किया है। गिल ने पिछली 19 टी-20 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है, उन्होंने पिछला अर्धशतक आईपीएल 2025 में दिल्ली के खिलाफ लगाया था।

**हेड टू हेड** दोनों टीमों के बीच खेले गए अब तक आठ मुकाबलों में गुजरात ने छह मुकाबले जीते हैं, जबकि राजस्थान को मात्र दो मुकाबलों में जीत मिली है। अहमदाबाद में दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मुकाबलों में दो बार गुजरात को जीत हासिल हुई है।

## राहुल में वैभव जैसा दम, उसे बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार करने पर फोकसः युवराज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और सिक्सर किंग युवराज सिंह ने पंजाब के एक युवा क्रिकेटर को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने 18 साल के बल्लेबाज राहुल कुमार को आने वाले समय का बड़ा खिलाड़ी बताया है और साफ कहा है कि वे अब खुद इस खिलाड़ी के साथ काम करेंगे। युवराज ने कहा कि वे राहुल को अगले एक साल में बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तैयार करने पर फोकस करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अब उस पर फोकस करने जा रहा हूं। उसे अगले एक साल में बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तैयार करना है। मुझे लगता है कि उसमें एक्स फैक्टर है। वह वैभव सूर्यवंशी जैसा है। राहुल बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जो ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने वाले राहुल पंजाब और भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके हैं। नवंबर 2025 में वे इंडिया-बी टीम के लिए अफगानिस्तान और इंडिया ए अंडर-19 के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज में खेले, हालांकि इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा। राहुल जुलाई 2025 में भारतीय अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर भी गए थे। पहले टेस्ट में उन्होंने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 81 गेंदों में 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 85 रन बनाए।

## प्रज्ञानानंदा को एसिपेंको ने ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव को बढ़त



**पाफोस ( साइप्रस ), जेएनएन।** कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अकेले भारतीय बचे आर प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में आंद्रेइ एसिपेंको से ड्रॉ खेला, जबकि जावोखिर सिंदारोव ने हिकारू नकामूरा को हराकर पूरे एक अंक की बढत बना ली है। वहीं सिंदारोव ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नकामूरा को हराकर पहले पांच दौर के बाद 4.5 अंक हासिल कर लिए। अमेरिका के फेबियानो कारूआना उनसे एक अंक पीछे हैं, जिन्होंने मथियास ब्लूबाम को हराया। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने चीन की तान झोंग्यी से ड्रॉ खेला, जबकि आर वैशाली ने भी चीन की झू जिनेर से अंक बांटे। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और रूस की कैटरीना लाग्नो शीर्ष पर हैं।

**आईपीएल डायरी**

## मेरे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले मुझसे जलते हैंः रहाणे

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया। मैच में 10 गेंदों में आठ रन बनाने वाले केकेआर के कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया। रहाणे ने कहा कि जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है, तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है।

## 'ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर पा रहे तो विशेषज्ञ बल्लेबाज को खिलाएं'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने केकेआर से एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करने की बात कही, क्योंकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की सीमित भूमिका ने इस आईपीएल में उनकी टीम का संतुलन बिगाड़ दिया है। 25.20 करोड़ रुपए में नीलामी में खरीदे गए ग्रीन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यभार प्रबंधन के कारण पहले दो मैच में गेंदबाजी नहीं कर पाए। गावस्कर ने कहा कि अगर कैमरन ग्रीन गेंदबाजी नहीं करने वाले हैं, तो केकेआर को अपने संयोजन के बारे में सोचना होगा। अगर वह गेंद से योगदान नहीं दे रहे हैं तो उन्हें किसी दूसरे विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना पड़ सकता है। गावस्कर ने कहा कि हम जानते हैं कि उसने आईपीएल में शतक जड़ा है।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से क्लासेन ने किया इनकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से इनकार करते हुए कहा कि परिवार को समय देने के लिए उन्होंने यह फैसला किया है। 34 साल के क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका का केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बाद पिछले साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ली थी। वह टी-20 लीग खेलते हैं। आईपीएल द्वारा सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में क्लासेन ने सनराइजर्स के अपने साथी नीतीश कुमार रेड्डी से बात की। क्लासेन ने कहा कि मैंने दो सप्ताह तक इसके बारे में सोचा, लेकिन फिर फैसला लिया कि वापसी नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार की इसमें बड़ी भूमिका है।

## भारतीय मूल की 11 साल की बोधना शिवानंदन इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला खिलाड़ी बनी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय मूल की शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवानंदन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की नवीनतम रेटिंग सूची के अनुसार इंग्लैंड की शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इस 11 वर्षीय खिलाड़ी के माता-पिता 2007 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से इंग्लैंड चले गए थे। उनके अभी 2366 रेटिंग अंक हैं। उत्तरी लंदन में रहने वाली प्राथमिक विद्यालय की छात्रा बोधना ने फिडे की सूची में चार बार की ब्रिटिश महिला चैंपियन 25 वर्षीय लैन याओ को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह पहली बार विश्व की शीर्ष 100 महिला खिलाड़ियों में भी शामिल हो गई हैं। वह अभी 72वें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के शतरंज महासंघ के अनुसार, यह हैरो की एक स्कूली छात्रा के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने (2020 के कोविड19) लॉकडाउन के दौरान उस बैग में शतरंज का बोर्ड और सेट मिलने के बाद इस खेल को अपनाया, जिसे उसके पिता फेंकना चाह रह थे।

> केवल 11 साल की उम्र में इंग्लैंड की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी बनने पर बोधना शिवानंदन को बहुत-बहुत बधाई। हम एक बार डाउनिंग स्ट्रीट गार्डन में एक-दूसरे के खिलाफ खेले थे। उनकी सफलता कोई हैरानी की बात नहीं है।
>
> **- ऋषि सुनक**, पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री

## लिंगभेद विवाद के केंद्र में रही ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लिन सेमीफाइनल में



**उलानबटोर ( मंगोलिया ), जेएनएन।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लिन यू टिंग ने शुक्रवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में आसान जीत दर्ज की। विश्व में मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने उनके लिंग की पुष्टि करने के लिए जीन परीक्षण किया था, जिसमें वह सफल रही थी। इसके बाद यह उनकी पहली प्रतियोगिता है। ताइवान की पहली ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन लिन ने 60 किलोग्राम के लाइटवेट वर्ग के पहले दौर में थाईलैंड की थानन्या सोमनुएक को 5-0 से हराया था। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी अयाका तागुची पर 5-0 से जीत हासिल की। 30 साल की लिन ने अगस्त 2024 में पेरिस ओलंपिक में महिलाओं का 57 किलोग्राम भार वर्ग का खिताब जीतने के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं: आईओसी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। सरकारी तेल कंपनी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियां होने के बावजूद परिचालन सामान्य बना हुआ है। इंडियनऑयल ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि कोई कमी नहीं है और घबराहट में बुकिंग या जमाखोरी न करने की सलाह दी। इंडियनऑयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इंडियनऑयल देशभर के घरों में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद परिचालन सामान्य स्तर पर स्थिर बना हुआ है।

### ओम बिरला ने भरा जनगणना फॉर्म




**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने जनगणना 2027 के लिए सेल्फ-एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जनता को इस प्रक्रिया में भाग लेने का उदाहरण पेश किया। ओम बिरला ने नागरिकों से अपील की कि वे भी समय पर अपना फॉर्म भरें और देश की सटीक जनगणना में योगदान दें। अधिकारियों का कहना है कि सेल्फ-एन्यूमरेशन से डेटा संग्रह प्रक्रिया तेज और पारदर्शी होगी, जिससे नीति निर्माण और संसाधनों के वितरण में सुधार संभव होगा। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने जनगणना 2027 के लिए सेल्फ-एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर लोगों को इस प्रक्रिया में भाग लेने का उदाहरण पेश किया। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भी समय पर अपना फॉर्म भरें और देश की सटीक जनगणना में योगदान दें। विशेषज्ञों का कहना है कि सेल्फ-एन्यूमरेशन से जनगणना प्रक्रिया तेज़ और पारदर्शी बनेगी, जिससे नीति निर्माण और संसाधनों के वितरण में सुधार संभव होगा।

### प.बंगाल: मालदा कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मालदा (कालियाचक) में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने और हिंसा भड़काने के मामले में पुलिस ने पूरे कांड के मास्टरमाइंड माने जा रहे एडवोकेट मोफक्कारुल इस्लाम को बंगाल सीआईडी ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, मोफक्कारुल इस्लाम राज्य छोड़कर भागने की फिराक में था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह बागडोगरा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाला है, इससे पहले कि वह फरार हो पाता, बंगाल पुलिस की टीम ने जाल बिछाकर उसे एयरपोर्ट परिसर से ही धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी इस्लाम सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है और उसके करीब 30 लाख फॉलोअर्स हैं। वह उत्तर दिनाजपुर का रहने वाला है और 2021 में उसने इटाहार विधानसभा सीट से एआईएमआईएम के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। पुलिस के मुताबिक, वह सीएए, एनआरसी और अब एसआईआर जैसे मुद्दों पर मुस्लिम समुदाय के बीच काफी मुखर रहा है। 2025 में पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष इमरान सोलंकी के आने के बाद से वह संगठन में बहुत सक्रिय नहीं था।




*एरमिनियो नामक भीषण तूफान और सहारा रेगिस्तान से आने वाली धूल भरी घनी बादलों के कारण क्रीट में भारी बाधा उत्पन्न हुई, जिसके चलते कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। तूफान के कारण तेज हवाएं चलीं और दृश्यता कम हो गई, जिससे हेराक्लियन हवाई अड्डे पर गंभीर प्रभाव पड़ा। रेड अलर्ट की मौसम चेतावनी जारी की गई है और निवासियों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। तेज हवाओं और तूफान के कारण द्वीप से आने-जाने वाली सेवाएं निलंबित करनी पड़ीं।*

# फ्रांस ने मुस्लिमों के सबसे बड़े सम्मेलन पर लगाई रोक



**पेरिस, जेएनएन।** फ्रांस की सरकार ने मुसलमानों के सालान सबसे बड़े महा-सम्मेलन पर रोक लगा दी है। राजधानी पेरिस की पुलिस के प्रमुख पैट्रिस फॉर ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि फ्रांस के मुसलमानों की 40वीं सालाना बैठक नहीं होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम को बैन करने के पीछे आतंकी हमले की आशंका जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि गृह मंत्री लॉरेंट नूनेज के अनुरोध पर मैंने एक आदेश जारी किया है जिसमें 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक पेरिस-ले बॉर्गेट प्रदर्शनी केंद्र में होने वाली फ्रांस के मुसलमानों की सालाना बैठक के 40वें संस्करण पर रोक लगा दी गई है। कार्यक्रम के मद्देनजर राजधानी पुलिस की संख्या बढ़ान की भी जानकारी दी है और फ्रांस की सुरक्षा को खतरा का हवाला दिया है। वहीं फ्रांस सरकार के इस फैसले के बाद मुस्लिम संगठनों में गुस्सा है और उन्होंने फैसले के खिलाफ कानूनी अपील करने का फैसला किया है। इस कार्यक्रम की योजना बनाने वाले संगठन के प्रमुख मखलूफ मामेचे ने प्रतिबंध के आदेश की पुष्टि की है।

### मुस्लिम ब्रदरहुड को आतंकी संगठन बताया

चालघुमी ने पोस्ट में कहा है सुरक्षा खतरों और सार्वजनिक व्यवस्था में गड़बड़ी के जोखिमों का सामना करते हुए यह फैसला जिम्मेदारी, स्पष्टता और राजनीतिक साहस की सच्ची भावना को दर्शाता है। गणतंत्र और उसके मूल्यों की रक्षा करना एक कर्तव्य है। सम्मान और मान्यता है। आपको बता दें कि जनवरी में फ्रांस की संसद ने मुस्लिम ब्रदरहुड आंदोलन को आतंकवादी संगठनों की यूरोपीय सूची में शामिल करने का प्रस्ताव पारित कर दिया था। देश की वामपंथी पार्टियों ने सराकर पर इस्लामोफोबिया के आरोप लगाए थे।

# भारत को मिली तीसरी परमाणु सबमरीन आईएनएस अरिदमन नौसेना में शामिल

## रक्षामंत्री ने एक्स पर लिखा 'यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि शक्ति का प्रतीक है-अरिदमन'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय नौसेना में शुक्रवार को तीसरी परमाणु सबमरीन आईएनएस अरिदमन कमीशन की गई। इससे पहले आईएनएस अरिहंत (2016) और आईएनएस अरिघात (अगस्त 2024) को नौसेना में शामिल किया जा चुका है। अरिदमन को कई महीनों के ट्रायल के बाद केरल स्थित नौसैनिक अड्डे पर नौसेना को सौंपा गया। आईएनएस अरिदमन को विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में तैयार किया गया है। इससे न्यूक्लियर ट्रायड क्षमता और मजबूत हुई है। यह देश के गोपनीय न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन कार्यक्रम एसएसबीएन का हिस्सा है। इस कैटेगरी की सबमरीन परमाणु हथियार ले जाने और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रहने में सक्षम होती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल के नौसैनिक अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। हालांकि इस संबंध में नौसेना या रक्षा मंत्रालय की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान नहीं आया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि शक्ति का प्रतीक है- अरिदमन। इसके बाद इसके नौसेना में शामिल होने की जानकारी सामने आई।




### आईएनएस तारागिरी नेवी का ताकत बढ़ेगी

आईएनएस तारागिरी भी शुक्रवार को विशाखापत्तनम में इंडियन नेवी में शामिल हुआ। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह इस सेरेमनी में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह रेस्क्यू ऑपरेशन हो या मानवीय सहायता देना हो। हमारी नेवी हमेशा सबसे आगे रहती है। आईएनएस तारागिरी की कमीशनिंग से हमारी नेवी की ताकत और बढ़ेगी। तारागिरी को मझगांव डॉक शिप बिल्डिंग लिमिटेड ने प्रोजेक्ट 17-ए के तहत तैयार किया है। वॉरशिप में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, एमएफस्टार (रडार), मीडियम रेंज सर्फेस टु एयर मिसाइल एयर डिफेंस सिस्टम लगा हुआ है।



### न्यूक्लियर ट्रायड को मिली मजबूती

आईएनएस अरिदमन के शामिल होने से भारत की न्यूक्लियर ट्रायड क्षमता और मजबूत हुई है। न्यूक्लियर ट्रायड का मतलब जमीन, समुद्र और हवा, तीनों माध्यमों से परमाणु हमला करने की क्षमता है। भारत उन देशों की लिस्ट में शामिल हो गया, जो जमीन, हवा और समुद्र तीनों तरफ से परमाणु हमला कर सकते हैं। इस लिस्ट में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन भी शामिल हैं।

### 2026 तक सौंपे जाएंगे 3 युद्धपोत

पिछले 11 महीनों में नौसेना को यह प्रोजेक्ट 17-ए का चौथा जहाज मिला है। पहले दो जहाजों के अनुभव के कारण 'तारागिरी' का निर्माण समय घटाकर 81 महीने कर दिया गया, जबकि शुरुआती जहाज 'नीलगिरि' में 93 महीने लगे थे। प्रोजेक्ट के बाकी तीन जहाज 2026 के अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से नौसेना को सौंपे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना में 75 प्रतिशत स्वदेशी हिस्सेदारी है और इसमें 200 से अधिक एमएसएमई जुड़े हैं।

# मिशन 2029 की तैयारी : भाजपा ने महिला आरक्षण बिल और परिसीमन का दांव खेला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गुरुवार को संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया है, अब 16 से 18 अप्रैल को दोनों सदनों की 3 दिवसीय बैठक होगी। इस विस्तारित सत्र को लेकर केंद्र सरकार की बड़ी तैयारियां हैं। सरकार इस तीन दिनों की कार्यवाही के दौरान महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक ला सकती है। इसके अलावा केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी परिसीमन की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन कदमों के साथ ही बीजेपी ने अभी से ही मिशन 2029 की तैयारी शुरू कर दी है।
**महिलाओं को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षणः** इससे पहले केंद्र सरकार परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने और लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसे एक रणनीतिक फैसला माना जा रहा है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' यानी महिला आरक्षण कानून को संसद के विस्तारित सत्र में पास कराया जा सकता है। गौरतलब है कि यह कानून सितंबर 2023 में पास हुआ था। लेकिन इसमें लागू करने की कोई तय समय सीमा नहीं थी। अब 2029 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए बीजेपी इसे लागू करने के लिए तैयार है।



### 2027 तक पूरा होगा परिसीमन

परिसीमन की प्रक्रिया भी 2027 तक पूरा होने की संभावना है। प्रस्ताव है कि लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या करीब 50 प्रतिशत बढ़ाई जाए। इससे लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर 816 हो सकती हैं, जिनमें से 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इससे पुरुष और महिला दोनों वर्गों को संतुलित प्रतिनिधित्व मिलेगा। परिसीमन की चिंता थी, उसे दूर करने के लिए सरकार राज्यों के बीच सीटों का अनुपात बरकरार रखने पर भी विचार कर रही है।
**वन नेशन वन इलेक्शन भी मुद्दा:** जहां 2014 से पहले बीजेपी का फोकस राम मंदिर, अनुच्छेद 370 और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर था, वहीं अब पार्टी नए एजेंडे के साथ आगे बढ़ रही है। महिला आरक्षण के साथ साथ 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का मुद्दा भी तेजी पकड़ रहा है।

### मोतिहारी में जहरीली शराब से 5 की मौत, 15 गंभीर

**मोतिहारी, जेएनएन।** बिहार में एकबार फिर जहरीली शराब से मौत हुई है। मोतिहारी में 5 लोगों की जान चली गई, जबकि 15 की हालत गंभीर है। इनमें से 6 की आंखों की रोशनी चली गई है। सभी का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। बीमार लोगों में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है। मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव से शुरू हुआ और अब आसपास के इलाकों में फैल गया है। शराबकांड पर एसपी ने कार्रवाई की है। तुरकौलिया एसएचओ उमाशंकर मांझी को सस्पेंड किया गया है, जबकि चौकीदार भरत राय को गिरफ्तार कर लिया है। तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाने में मामले को लेकर हत्या का केस दर्ज कराया गया है।

# कांग्रेस-डीएमके में वंशवादी राजनीति: मोदी
# बंगाल में घुसपैठिए तो मोदी कैसे जीते : ममता

**पुडुचेरी/कोलकाता/ जेएनएन।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव से महज एक सप्ताह पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी में एक भव्य रोड शो किया। इस कार्यक्रम में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगासामी, गृह मंत्री नमचिवयम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तथा राजभवन विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार माना रामलिंगम ने भाग लिया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पुडुचेरी के लिए अपने विकास दृष्टिकोण को दोहराया और विकास के ढांचे के रूप में सर्वश्रेष्ठ मंत्र - व्यापार, शिक्षा, आध्यात्मिकता और पर्यटन - की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जब मैं पुडुचेरी आया था, तब मैंने पुडुचेरी के विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ का मंत्र दिया था... मुझे खुशी है कि पुडुचेरी के लोगों, विशेषकर हमारे युवाओं ने इसे बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस-डीएमके गठबंधन पर शासन से ऊपर वंशवादी राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।



### शाह बोले- असम में यूसीसी लाएंगे



गृह मंत्री अमित शाह ने असम के गोलपाड़ा में चुनावी सभा में कहा कि राज्य में यूसीसी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कोई चार शादी नहीं कर सकेगा। यूसीसी में कांग्रेस आदिवासियों को डराती है कि आप पर भी यूसीसी लगेगी लेकिन आदिवासियों को इससे बाहर रखा जाएगा।

### पीएम मोदी को इस्तीफा देना चाहिए : ममता



सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि अगर वोटर लिस्ट में घुसपैठियों के नाम थे, तो पीएम नरेंद्र मोदी पहले भी उनके वोट से जीत चुके हैं। ऐसे में पहले उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। ममता ने दक्षिण दिनाजपुर में चुनावी रैली के दौरान कहा कि बंगाल में अधिकारियों के तबादले इस तरह किए गए, जिससे बाहरी लोगों का राज्य में आना आसान हो सके। मालदा में दो दिन पहले न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने की घटना पर ममता बनर्जी ने एआईएमआईएम और आईएसएफ को जिम्मेदार ठहराया।

### भाकपा माओवादी पोलित ब्यूरो के प्रशांत बोस का निधन



**रांची,जेएनएन।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। तबीयत खराब होने की वजह से उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था। प्रशांत बोस बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद था। प्रशांत बोस संगठन के शीर्ष पदों में से एक पर था। प्रशांत बोस की उम्र 75 साल से अधिक थी। मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले प्रशांत बोस को नक्सली संगठन में किशन दा के नाम से जाना जाता था। किशन दा पहले एमसीसीआई (माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर ऑफ इंडिया) का प्रमुख था। वर्ष 2004 में एमसीसीआई और पीपुल्स वार (पीडब्ल्यू) के विलय के बाद, वह नए संगठन भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य बना था।

MADHUR CARGO
Packers & Movers
A Unit of Shree Madhur Transport Co.
Contact : 9713068681
OUR SERVICES
- HOUSE HOLD SERVICE
- LOADING/UNLOADING
- MOVING & SHIFTING
- PACKING SERVICE
- OFFICE SHIFTING
- TRANSPORTATION PAN INDIA
24/7 Hours Service

SAFE & ECONOMICAL MOVING SERVICE
B-34, Madhur Plaza Near Gurudwara Transport Nagar Kokta, Bhopal PIN-462028

**मिशन** — 34 हजार किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से बढ़ रहा आर्टेमिस-2, जरा सी चूक से चंद्रमा से टकरा सकता है यान

# पृथ्वी की कक्षा छोड़ चांद की ओर निकले अंतरिक्ष यात्री

वॉशिंगटन आर्टेमिस-2 मिशन अब चांद की ओर बढ़ रहा है। लॉन्च के एक दिन बाद शुक्रवार सुबह 5.19 बजे ओरियन कैप्सूल ने थ्रस्टर्स फायर किए और पृथ्वी की कक्षा छोड़ दी। अब यह अगले 4 दिन अंतरिक्ष में सफर करेगा और वहां पहुंचेगा, जहां आज तक केवल 24 इंसान पहुंच सके हैं। पृथ्वी के ऑर्बिट को छोड़कर चांद की तरफ जाने के लिए इंजन फायर करने की इस प्रोसेस को ट्रांसलूनर इंजेक्शन बर्न कहते हैं। यह करीब 6 मिनट का मैन्यूवर था, जिसने यान की रफ्तार बढ़ाकर 22,000 मील प्रति घंटा यानी करीब 34 हजार किमी/घंटा कर दी।
**छोटी सी चूक भटका देगी अंतरिक्ष में:** आर्टेमिस-2 अब फ्री-रिटर्न ट्रेजैक्टरी पर है। यानी यान अब न्यूटन के गति के पहले नियम- जो वस्तु चल रही है, वह चलती रहेगी के भरोसे आगे बढ़ रहा है। पूरे सफर के दौरान इंजन सिर्फ छोटे-मोटे सुधार के लिए ही फायर किए जाएंगे। यह हिस्सा बेहद संवेदनशील है। रास्ते में जरा सी चूक यान को चांद से टकरा सकती है या उसे अनंत अंतरिक्ष में भटका सकती है।
**नासा बोला- अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह स्वस्थ:** मिशन की स्थिति-आर्टेमिस डेवलपमेंट हेड डॉ. लोरी ग्लेज ने बताया कि अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह स्वस्थ हैं और स्पेसक्राफ्ट उम्मीद के मुताबिक बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। सीखने का मौका-ग्लेज ने जोर दिया कि यह एक टेस्ट फ्लाइट है, इसलिए टीम स्पेसक्राफ्ट के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। परिवार से बातचीत-अंतरिक्ष यात्रियों ने अभी तक अपने परिवार से सीधे बात नहीं की है, लेकिन नासा जल्द ही इसके लिए समय निकालेगा।




### बास्केटबॉल जैसा बड़ा नजर आएगा चंद्रमा

छठे दिन ओरियन चांद की सतह से महज 6,400 किमी ऊपर से गुजरेगा। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री चांद के उस हिस्से को अपनी आंखों से देख पाएंगे, जो पृथ्वी से कभी नजर नहीं आता।

### अंतरिक्ष यात्रियों की जीरो ग्रेविटी से बातचीत

स्पेस प्लंबर-क्रिस्टीना कोच ने खुद को स्पेस प्लंबर बताया है। वो ओरियन कैप्सूल के टॉयलेट में आ रही शुरुआती दिक्कतों को ठीक करने में व्यस्त रही हैं।
**अद्भुत नजारा:** अंतरिक्ष से पूरी पृथ्वी को देखने के पल को वाइसमैन ने यादगार बताया। उन्होंने कहा कि उस शानदार नजारे को चारों अंतरिक्ष यात्री देखते रह गए।

**चंद्रमा की ग्रेविटी में दाखिल होगा आर्टेमिस-2**
5 अप्रैल मिशन के पांचवें दिन तक धरती के गुरुत्वाकर्षण के खिंचाव की वजह से कैप्सूल की रफ्तार धीमी हो जाएगी। जैसे ही यह चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में दाखिल होगा, इसकी गति फिर से बढ़ने लगेगी और यह चांद की ओर तेजी से बढ़ने लगेगा।

### 50 मिनट के लिए टूट सकता है संपर्क

जब ओरियन चांद के पीछे से गुजरेगा तो पृथ्वी से उसका संपर्क पूरी तरह कट सकता है। करीब 50 मिनट तक कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहेगा। मिशन कंट्रोल को यान से सिग्नल नहीं मिलेगा।

### पहली बार धरती से इतनी दूर पहुंचेंगे

इसी दिन अपोलो 13 का 1970 में बनाया गया धरती से सबसे ज्यादा दूरी का 400,171.18 किमी का रिकॉर्ड भी टूट सकता है। आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्रियों के पृथ्वी से 402,336 किमी की दूरी तक पहुंचने की उम्मीद है।

### चांद की ग्रेविटी से पृथ्वी पर लौटेगा यान

सातवें दिन चांद के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकलकर यान वापस धरती की ओर अपना सफर शुरू कर देगा। आर्टेमिस-2 का रास्ता काफी हद तक 1970 के अपोलो-13 मिशन जैसा है। यह चांद के गुरुत्वाकर्षण का इस्तेमाल गुलेल की तरह करेगा, जो यान को वापस पृथ्वी की ओर धकेल देगा। पूरे मिशन में चारों अंतरिक्ष यात्री करीब 11.02 लाख किमी का सफर तय करेंगे।
**10 अप्रैल को प्रशांत महासागर में गिरेगा यान:** भारतीय समय के अनुसार 11 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे ओरियन पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा। 6.36 बजे यह सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर में स्प्लैशडाउन करेगा। इसके बाद ह्यूस्टन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें मिशन की जानकारी दी जाएगी।

### वर्ल्डवाइड 1501 करोड़ कमाने वाली धुरंधर चौथी फिल्म बनी



**मुंबई, जेएनएन।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 ने भारत में 961 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन कर लिया है। फिल्म अब 1000 करोड़ रुपए नेट क्लब के करीब पहुंच गई है। गुरुवार को फिल्म का 19 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन हुआ। जियो स्टूडियोज के मुताबिक, भारत में फिल्म का ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1134 करोड़ रुपए पहुंच चुका है, जबकि ओवरसीज में फिल्म का 367 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ है, जिसके बाद इसका वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1501 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। बता दें कि ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। दंगल (2070 करोड़ रुपए), बाहुबली 2 (1788 करोड़ रुपए) और पुष्पा 2 (1742 करोड़ रुपए) के बाद धुरंधर 2 दुनिया भर में 1500 करोड़ रुपए कमाने वाली चौथी भारतीय फिल्म बन गई है। वहीं, दंगल के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली बॉलीवुड की यह दूसरी फिल्म है। धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ।

वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड डबल धमाका
हमारा वादा, कम से ज्यादा
एक के साथ एक फ्री
9826065324

FINANCE
AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE TATA ACE GOLD DIESAL MODEL 2024 RC NO. - MP-04-ZW-2048 ENG. NO.700 CCDI04JWXSC7719 CHSIS NO. MAT559033PZJ25868 CONTACT SHRIRAM FINANCE LTD. BHOPAL MOB. : 9109107073

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 420/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

आवश्यकता है
आउटसोर्स एजेंसी को सरकारी कार्यालयों हेतु सुरक्षागार्ड, आफिसबाय सफाईकर्मी, कुक (M/F), कम्प्यूटर आपरेटर, सुपरवाइजरों की आवश्यकता है रिज्यूम सहित संपर्क करें - 57,प्रेस टावर द्वितीय तल, जोन-2 एम पी नगर भोपाल 8817793148 (9-4)

### एनटीपीसी विंध्याचल में फ्लाई ऐश पाइपलाइन फटी

**जागरण, सिंगरौली।** जिले में स्थित एनटीपीसी विंध्याचल थर्मल पावर प्लांट एक बार फिर लापरवाही के आरोपों में घिरा है। शुक्रवार को प्लांट के लेबर गेट के पास फ्लाई ऐश परिवहन करने वाली पाइपलाइन फट गई, जिससे हजारों लीटर प्रदूषित पानी आसपास के क्षेत्र में फैल गया। घटना से पूरे इलाके में गंदगी और प्रदूषण फैल गया है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक यहां पहले भी घटना हो चुकी हैं।

### श्योपुर के बर्धा बुजुर्ग में दो बीघा गेहूं फसल राख

**जागरण, श्योपुर।** जिले के बर्धा बुजुर्ग गांव में शुक्रवार को एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। इस घटना में करीब दो बीघा फसल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण हाईटेंशन लाइन से हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। यह घटना गांव निवासी कलावती पत्नी दुर्योधन मीणा के खेत में हुई, उनकी गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी थी और कटाई के लिए तैयार खड़ी थी।




### "ट्वीट ऑफ द डे"




ओम बिरला
लोस अध्यक्ष

पूर्वांचल भारत की उस गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने सदियों से पूरे विश्व को दिशा दी है। यहां की धरती केवल भौगोलिक सीमा नहीं है, बल्कि विचार, साधना और सृजन की भूमि रही है। जब हम पूर्वांचल की बात करते हैं, तो हमें एक ऐसी ऊर्जा का अनुभव होता है, जो समाज के हर क्षेत्र चाहे वह सार्वजनिक जीवन हो, कला हो या सामाजिक सरोकार में दिखाई देती है। यह क्षेत्र अपने भीतर अनगिनत सांस्कृतिक रंगों को समेटे है, जो निरंतर हमारे राष्ट्रीय जीवन को समृद्ध करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मालगाड़ी से कोयला चोरी, वीडियो वायरल



**जागरण, सिंगरौली।** जिले के महदेइया रेलवे स्टेशन से कोयला चोरी का एक मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें मालगाड़ी पर 50 से ज्यादा लोग चढ़कर खुलेआम कोयला चोरी कर रहे हैं। इस मामले में कुछ चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। सूत्रों की मानें तो कोयला माफिया, एनसीएल के सुरक्षाकर्मियों और रेलवे कर्मचारियों से साठगांठ करके इस खेल को अंजाम देते हैं। इस चोरी से देश को हर साल सरकार के राजस्व का चूना लग रहा है। मालूम हो कि गोरबी इलाके में सक्रिय कोल माफिया बिना किसी ठोस वजह के कोयले से लदी रैक (ट्रेन) को रुकवा देते हैं। इसके बाद बड़े पैमाने पर कोयला उतार लिया जाता है और उसे सस्ते दामों पर दूसरे राज्यों, खासकर उत्तर प्रदेश भेज दिया जाता है। इस संबंध में महदेइया स्टेशन के स्टेशन मास्टर अरविंद कुमार ने बताया कि उन्होंने इस पूरी घटना की लिखित जानकारी एनसीएल के अधिकारियों को दे दी है।

### युवती को सांप ने काटा 12 घंटे झाड़-फूंक, मौत

**जागरण, पन्ना।** जिले की ग्राम पंचायत मझगाये में शुक्रवार को अंधविश्वास के कारण एक युवती की मौत हो गई। सांप के काटने के बाद परिजनों ने उसे समय पर अस्पताल ले जाने के बजाय करीब 12 घंटे तक झाड़-फूंक कराने मंदिर में रखे रहे, जिससे इलाज में देरी हुई। मालूम हो कि फूला रजक शाम को खेत से अनाज लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में एक सांप ने उनके दाहिने पैर में काट लिया। सांप के काटने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय बरकोला मंदिर ले गए। वहां पूरी रात झाड़-फूंक का सिलसिला चलता रहा, जब युवती की हालत बिगड़ने लगी और जहर शरीर में फैल गया, तब परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने फूला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### 30 गैस सिलेंडर लेकर एजेंसी कर्मचारी फरार

**जागरण, इंदौर।** गैस की किल्लत के बीच इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र से ठगी का अनोखा मामला सामने आया है। एक गैस एजेंसी से जुड़ा कर्मचारी करीब 30 घरों से खाली सिलेंडर लेकर फरार हो गया। आरोप है कि उसने ये सिलेंडर ब्लैक में बेच दिए। मामले में एजेंसी संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक वल्लभ नगर के संतोष मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है। उनका गैस पाइंट नाम से गोदाम है, जहां मुकेश सोनोने पिछले 15 साल से काम कर रहा था। आरोप है कि मुकेश घर-घर जाकर ग्राहकों को भरोसे में लेता था और कहता था कि उनका नंबर आ गया है, वह जल्द भरा सिलेंडर दे देगा। इस बहाने उसने करीब 30 ग्राहकों से खाली टंकियां ले लीं।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 10 करोड़ की डिमांड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## 12 गिरफ्तार, व्यापारी के घर की थी फायरिंग, विदेशी नंबर से दी थी धमकी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल/ खरगोन।** खरगोन जिले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर स्थानीय व्यापारी से 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने और उनके घर फायरिंग करने वाले गिरोह के 12 सदस्यों को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गैंग का मास्टरमाइंड राजपाल है, जिसने शनिवार को उज्जैन पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 मार्च को भीलगांव निवासी सत्येंद्र राठौड़ और उनके पिता दिलीप राठौड़ को एक इंटरनेशनल नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा हैरी बॉक्सर बताते हुए राठौड़ के घर फायरिंग करवाई का वीडियो भेजा था। हैरी ने 10 करोड़ रुपये न देने पर अगली बार हैंड ग्रेनेड फैंकने की धमकी दी थी। इस धमकी के बाद कसरावद थाने में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऐसे छह मामलों की जांच डीजीपी ने एसआईटी को सौंपी थी। एसआईटी की जांच शुरू होने से पहले ही इस मामले का खरगोन पुलिस ने खुलासा कर दिया।

**अपनों ने ही बुना था जाल:** पुलिस की तफ्तीश में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इस पूरी साजिश की नींव आपसी लेन-देन के विवाद से जुड़ी थी। लोकेन्द्र पंवार और सचिन पाटीदार फरियादी दिलीप राठौड़ के परिचित थे। पैसों के विवाद के चलते लोकेन्द्र ने अपने परिचित संदीप प्रजापति से मदद मांगी। संदीप ने उसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग के राजपाल सिंह से मिलवाया। राजपाल ने ही शूटरों और रेकी करने वालों का इंतजाम किया। इसके बाद सचिन पाटीदार ने अंशपाल, शिवा और रोहित नाम के शूटरों को फरियादी का घर दिखाया और गिरोह के एक अन्य सदस्य मलखान उर्फ विजेन्द्र ने अपनी पल्सर बाइक और पिस्टल दी थी। पुलिस ने इस हाई-प्रोफाइल मामले में लोकेन्द्र पंवार, सचिन पाटीदार, अमित बडगोत्या, मलखान उर्फ विजेन्द्र, शाहरूख, कृष्णपाल उर्फ केन्या, अंश उर्फ अंशु, शिवा, ऋतिक, रोहित, राजा, केस खान, राजपाल सिंह चन्द्रावत को गिरफ्तार किया है, जबकि संदीप प्रजापति, हरिचंद जाट उर्फ हैरी बॉक्सर, राहुल बाबा, कुलदीप और रवि चौहान फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।




पुलिस ने फिरौती मामले में गैंग के 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 44 लाख का माल बरामद किया है।

### 44 लाख का माल और हथियारों का जखीरा बरामद

खरगोन पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक स्कॉर्पियो, एक हुण्डई कार, एक डस्टर कार और 2 मोटर साइकिल के साथ 4 पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस, 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लगभग 44 लाख रुपये है। पुलिस की तफ्तीश में पता चला है कि राजपाल सिंह को इससे पहले एनआईए भी गिरफ्तार कर पूछताछ कर चुकी है और उस पर दिल्ली में अपहरण, नांदेड़ में हत्या और स्पेशल सेल दिल्ली में गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस केस में राजपाल, संदीप प्रजापति और हैरी बॉक्सर पर पहले से ही 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

# चारधाम यात्रा बुकिंग के नाम पर जज से की ठगी

## जबलपुर में जज को कार-हेलीकॉप्टर से यात्रा का दिया झांसा

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के जबलपुर में साइबर ठगों ने एक जज के साथ एक लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी कर दी। न्यायाधीश ने चारधाम यात्रा कराने के लिए बुकिंग की थी। आरोपियों ने कार और हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर 1 लाख 7 हजार 793 रुपए हड़प लिए। आरोपियों ने जब दोबारा राशि मांगने के लिए कॉल किया, तो जज को संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने गोरखपुर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मालूम हो कि कुछ दिन पहले जज ने मोबाइल पर चारधाम यात्रा से संबंधित ट्रिपलांजा कंपनी का विज्ञापन देखा था। इसमें यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग शुरू होने की जानकारी दी गई थी। इसके बाद उन्होंने परिजनों के साथ चारधाम यात्रा पर जाने की योजना बनाई थी। जज प्रमेंद्र सिंह जबलपुर के कटंगा के रहने वाले हैं और जिला न्यायालय में बतौर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस पदस्थ हैं। जज ने वेबसाइट पर प्रसारित विज्ञापन में दिए गए फोन नंबर पर संपर्क किया। सामने वाले व्यक्ति ने खुद को टूर कंपनी का संचालक बताया, उसने कार और हेलीकॉप्टर से चारधाम यात्रा कराने का भरोसा दिलाकर बुकिंग कन्फर्म करने के लिए एक लाख रुपए से अधिक की अग्रिम राशि ऑनलाइन जमा करा ली। कुछ दिनों बाद फिर जज के मोबाइल पर कॉल आया और अतिरिक्त राशि मांगी गई। पूछताछ करने पर उन्हें धोखाधड़ी का अहसास हुआ। इसके बाद गोरखपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस फोन नंबर और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के आधार पर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



### संपर्क करने पर नहीं मिला जवाब

राशि भेजने के कुछ दिन बाद जब जज ने संपर्क किया, तो संबंधित मोबाइल नंबर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर उन्होंने इंटरनेट पर ट्रिपलांजा कंपनी की वेबसाइट खोजी और वहां दिए गए नंबर पर संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि उनका मुख्यालय देहरादून में है और उनकी कोई अन्य शाखा या एजेंट नहीं है। साथ ही, इंटरनेट पर दिए गए नंबर को फर्जी बताया। फिलहाल पुलिस ने जज की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

# कागजों में डिलीवरी दिखा रहा था गैस एजेंसी संचालक, हंगामे के बाद खुली पोल

## आपदा के बीच राजधानी में रसोई गैस की कालाबाजारी, 15 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को लालघाटी स्थित प्रियंका गैस एजेंसी पर सिलेंडर की डिलीवरी न होने से नाराज लोगों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे लोगों का आरोप है कि उन्होंने 28 मार्च को सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, जिसका मैसेज भी आया था, लेकिन एजेंसी संचालक ने उनका गैस सिलेंडर ब्लैक के भाव बेच दिया और कागजों में डिलीवरी भी दिखा दी। इसके बाद लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। बता दें कि इसके पहले भी गैस सिलेंडरों की डिलीवरी सहित अन्य मामलों को लेकर प्रियंका गैस एजेंसी पर हंगामे की स्थिति बनती रही है। लोगों के अनुसार उन्होंने 28 मार्च को बुकिंग कराई थी, लेकिन 3 अप्रैल की सुबह तक सिलेंडर नहीं पहुंचा। जब वे एजेंसी पहुंचे, तो पता चला कि सिस्टम में उनका सिलिंडर डिलीवर दिखाया जा चुका है, जबकि हकीकत में गैस घर नहीं पहुंची है। इसके बाद उपभोक्ता हंगामा करने लगे। बता दें कि शहर में आपदा के बीच गैस सिलेंडर की कालाबाजारी चरम पर है, लेकिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग स्थिति पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा है। अन्य गैस एजेंसियों पर भी लोगों को एलपीजी सिलेंडर के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद 10 से 15 दिन तक सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है। होम डिलीवरी समय पर न होने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जिसके चलते वे खुद एजेंसी से पर्ची कटाकर सीधे गोदाम से सिलेंडर ला रहे हैं, लेकिन यहां भी उपभोक्ताओं से डिलीवरी चार्ज की वसूली हो रही है।



### अयोध्या नगर में भी परेशान हुए लोग

अयोध्या नगर स्थित सैनी गैस एजेंसी पर सिलिंडर डिलीवरी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। समय पर गैस न मिलने से आक्रोशित लोगों की एजेंसी कर्मचारियों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। सबसे बड़ी समस्या ओटीपी न आने की है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि ओटीपी की आड़ में सिलिंडरों को ब्लैक किया जा रहा है। वहीं एजेंसी कर्मचारी उपभोक्ताओं को डिलीवरी न मिलने पर बुकिंग निरस्त कर दोबारा बुकिंग करने को कह रहे हैं। रत्नागिरी से सिलेंडर लेने आई मुन्नी बाई का कहना था कि कर्मचारी बोल रहे हैं। चार दिन बाद पर्ची कटेगी, सिलेंडर कम मिलेगा। यह तय नहीं है। इस कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मिल रहीं शिकायतें, एडीएम ने एजेंसियों की जांच करने का जारी किया आदेश

एजेंसियों की ओर से गैस सिलेंडर वितरण की जा रही अनिमितताओं के चलते एडीएम सुमित कुमार पांडेय ने शुक्रवार को एजेंसियों की जांच करने का आदेश जारी कर दिया। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के अनुमोदन पर दिए गए जांच आदेश के तहत एसडीएम, तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों की जांच करेंगे। कुल पांच बिंदुओं पर जांच होगी। इसमें मूल्य सूची एवं प्रदर्शन, वजन व गुणवत्ता, अवैध संग्रहण व कालाबाजारी, अतिरिक्त शुल्क वसूली, रिफिलिंग एवं दुरुपयोग। ऐसा करने वाली एजेंसियों के संचालकों के खिलाफ अनिवार्य वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कठौर वैधानिक कार्यवाही करके संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट कलेक्ट्रेट में प्रस्तुत करना होगा।

# 3 चक्रवात, 2 द्रोणिका ने बिगाड़ा मौसम कई जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी

## शुक्रवार को 7 जिलों में ओले गिरे, भोपाल-सीहोर में 60 की स्पीड से चली हवा

### आज 14 जिलों में ओरेंज अलर्ट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में बीते चार दिन से मौसम बिगड़ा हुआ है। कई जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिर रहे हैं। इसका कारण प्रदेश के ऊपर उत्तरी क्षेत्र में एक साथ तीन चक्रवातीय परिसंचरण का सक्रिय होना है। इसी के साथ दो द्रोणिकाएं भी एक्टिव हैं। इन दोनों कारण से प्रदेश में जमकर मौसम में उतार चढ़ाव हो रहा है। शुक्रवार को प्रदेश के 7 जिलों में ओले गिरे। इसके अलावा कई जिलों में बारिश भी रिकार्ड की गई। अब मौसम केंद्र भोपाल ने शनिवार के लिए भी चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग से मिली जानकारी शुक्रवार को सुबह से भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। शनिवार के लिए पूरे प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का अलर्ट है। श्योपुर, मुरैना, धार, शाजापुर, देवास, खरगोन, खंडवा, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, दमोह, पन्ना, सतना और रीवा में ओले गिर सकते हैं। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नरसिंहपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, आगर-मालवा, राजगढ़, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, उमरिया, कटनी, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला और बालाघाट में आंधी, बारिश का अलर्ट है। दोपहर बाद मौसम बदलने लगेगा। शाम से आंधी का दौर शुरू हो सकता है। पहले प्रदेश के 36 जिलों के कुल 87 शहर या कस्बों में बारिश हुई। 7 जिलों में ओले भी गिरे। वहीं, 17 जिलों में तेज आंधी चली। सागर में रफ्तार सबसे ज्यादा 74 किमी प्रतिघंटा रही। वहीं, सीहोर में 67 किमी और भोपाल में 60 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से आंधी चली।



राजधानी में गुरुवार देर रात चली आंधी में कई जगह होर्डिंग गिरने की घटनाएं हुईं।

### 50 जिलों में बारिश दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, झाबुआ, खंडवा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, रतलाम, नीमच, मंदसौर, भोपाल, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, छिंदवाड़ा, भिंड में बारिश दर्ज की गई। वहीं, धार, राजगढ़, बैतूल, देवास, उज्जैन, अलीराजपुर और भिंड जिलों में ओलावृष्टि भी हुई। सबसे ज्यादा बारिश अलीराजपुर के सेंधवा में सवा इंच तक हो गई।

गूगल ने किया बदलाव — जीमेल यूजर्स अपना अजीब ईमेल एड्रेस बदल सकेंगे

# नया फीचर, पुराने इनबॉक्स में ही आएंगे मेल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गूगल ने अपने ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल में नया फीचर लॉन्च किया है, जिससे अब आप अपनी ईमेल आईडी का यूजरनेम (एटजीमेल.कॉम से पहले वाला हिस्सा) बदल सकेंगे। कंपनी के मुताबिक, यह आपकी डिजिटल पहचान को अपग्रेड करने का एक तरीका है। फिलहाल यह अपडेट अमेरिकी यूजर्स के लिए है, जो उन लोगों के लिए बड़ी राहत है जो अपना अजीब यूजरनेम बदलना चाहते थे। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 2004 एक अच्छा साल था, लेकिन आपके जीमेल एड्रेस को उसमें फंसे रहने की जरूरत नहीं है। अब यूजर्स को अपने पुराने या शर्मिंदा करने वाले ईमेल एड्रेस (जैसे-कूलबॉय4123) के साथ रहने की जरूरत नहीं है। गूगल अब इसे बदलने की सुविधा दे रहा है। आप 12 महीने (एक साल) में सिर्फ एक बार ही नया एट.जीमेल.कॉम एड्रेस बना सकेंगे।



### पुराना ईमेल एड्रेस भी बना रहेगा

जैसे ही आप नया जीमेल एड्रेस चुनते हैं, आपका पुराना ईमेल एड्रेस पूरी तरह डिलीट नहीं होगा।

**अल्टरनेट ईमेल-**आपका पुराना एड्रेस एक अल्टरनेट ईमेल बन जाएगा।

**दोनों पर आएंगे मेल-** पुराने और नए, दोनों एड्रेस पर आने वाले ईमेल आपको एक ही इनबॉक्स में मिलेंगे।

**डेटा सुरक्षित-**आपके पुराने मेल, फोटोज, ड्राइव की फाइल्स, मैसेजेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**लॉग-इन सुविधा-**आप गूगल की सभी सर्विस (जैसे- मैप्स, यूट्यूब, ड्राइव) पर पुराने या नए, किसी भी ईमेल से लॉग-इन कर सकेंगे।

### स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस

- लिंक ओपन करें-अपने डिवाइस पर मॉयएकाउंट.गूगल.काम/गूगल-एकाउंट-ईमेल पर जाएं।
- पर्सनल इंफो-टॉप लेफ्ट में पर्सनल इंफो पर क्लिक करें।
- ईमेल ऑप्शन-यहां ई-मेल और फिर गूगल एकाउंट ई-मेल पर जाएं।
- एडिट करें- चेंज गूगल एकाउंट ई-मेल विकल्प पर क्लिक करें।
- अपना यूजरनेम टाइप करें। यह नाम पहले किसी ने इस्तेमाल न किया हो।
- कंफर्म करें-चेंज ईमेल और फिर यस, चेंज ई-मेल पर क्लिक कर प्रोसेस पूरा करें।

### 12 महीने में बदल सकेंगे यूजरनेम

गूगल ने इस सुविधा के साथ कुछ सीमाएं भी तय की हैं। आप 12 महीने (एक साल) में सिर्फ एक बार ही नया एट.जीमेल.कॉम एड्रेस बना सकेंगे। ओवरऑल कुल 3 बार ही अपना जीमेल एड्रेस बदल पाएंगे। आप कभी भी अपने पुराने ईमेल एड्रेस पर वापस स्विच कर सकते हैं।

### इन बातों का ध्यान रखें

ईमेल बदलना आसान है, लेकिन गूगल ने लोगों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतने को कहा है।

- **एप सेटिंग्स**-ईमेल बदलने पर कुछ एप्स की सेटिंग्स रीसेट हो सकती हैं, जैसा नए फोन में लॉग-इन करने पर होता है।
- **बैकअप**-सुरक्षा के लिए अपने एंड्रॉइड डेटा, कॉन्टैक्ट्स और फोटोज का बैकअप जरूर लें।
- **क्रोम-सिंग**-अगर आप क्रोम ब्राउजर का इस्तेमाल करते हैं, तो सिंक सेटिंग्स को दोबारा चेक करना पड़ सकता है।




मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त**, संपादक : **राजीव मोहन गुप्त**, स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।